राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 12
लखनऊ, बुधवार 28 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर व्यक्ति की समस्या का तेजी से व गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा निदान : केशव मौर्य 03

कंगना की फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका 12

## निस्तारण में डिफाल्टर पाये जाने पर 78 अधिकारियों का अगस्त का वेतन रुका

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारियों द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किए जाने के कारण आईजीआरएस पोर्टल पर सर्वाधिक संख्या में असंतोषजनक फीडबैक व शिकायतों के निस्तारण में डिफाल्टर पाये जाने पर विभिन्न विभागों के कुल 78 अधिकारियों का माह अगस्त, 2024 का वेतन आहरण अवरूद्ध किया है। किन परिस्थितियों में असंतोषजनक फीडबैक का प्रतिशत अत्यधिक रहा, का स्पष्टीकरण तीन दिन के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में पत्र के माध्यम से सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन करते हुए सभी संदर्भों का उसका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। डिफाल्टर पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। किन्तु इन 78 अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस के कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है।

## भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 19 में अभियोजन को मंजूरी देने वाले आदेश को दे सकते हैं चुनौती

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 19 के तहत किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की मंजूरी देने वाले आदेश को ट्रायल कार्यवाही के किसी भी चरण में चुनौती दी जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि धारा 19 (3) के तहत हाई कोर्ट द्वारा विशेष न्यायाधीश के निष्कर्षों को पलटने पर लगाई गई रोक ऐसे मामलों में लागू नहीं होगी। हाई कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 19 (3) उन परिस्थितियों को प्रदान करता है जिनके तहत अधिनियम के अनुसार विशेष न्यायाधीश के निष्कर्ष, सजा या आदेश को हाई कोर्ट द्वारा अपील, पुनरीक्षण आदि में पलटा या बदला जा सकता है। धारा 19(3)(बी) में प्रावधान है कि प्राधिकरण द्वारा दी गई मंजूरी में किसी त्रुटि, चूक या अनियमितता के आधार पर अधिनियम के तहत कार्यवाही को रोका नहीं जा सकता है, जब तक कि न्यायालय को यह विश्वास न हो कि ऐसी त्रुटि, चूक या अनियमितता के परिणामस्वरूप न्याय में विफलता हुई है। जस्टिस राजीव मिश्रा ने कहा कि जहां मंजूरी आदेश अवैध है और यह मुद्दा मुकदमे के लम्बित रहने के दौरान उठाया गया है, तो ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (3) में निहित निषेधाज्ञा लागू नहीं होती है, जो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही में न्यायालय द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने से सुपीरियर कोर्ट को रोके। यह आदेश हाई कोर्ट ने राजेंद्र सिंह वर्मा बनाम सीबीआई की केस में दिया है।

### महाकुम्भ में कैसे कराएंगे स्वच्छ व पर्याप्त गंगाजल की उपलब्धता : हाई कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज में 2025 में आयोजित महाकुम्भ में श्रद्धालुओं और संतों को स्वच्छ एवं पर्याप्त गंगाजल उपलब्धता की मांग में जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव ने आदेश की जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट ने इस संदर्भ में कार्ययोजना की जानकारी मांगी है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने एडवोकेट सुनीता शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र कुमार पांडेय एवं पूर्व पार्षद कमलेश सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। साथ ही याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 10 सितम्बर की तारीख लगाई है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के शासन व प्रशासन ने देश एवं विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं संतों को स्वच्छ एवं पर्याप्त गंगाजल उपलब्ध कराने पर अब तक कोई विचार नहीं किया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि देश विदेश से लाखों श्रद्धालु, गंगा भक्त व संत प्रयागराज आते हैं। कुम्भ मेला के लिए शासन व प्रशासन की तैयारी भी जोरों से चल रही है और सरकार की ओर से काफी बजट भी स्वीकृत हुआ है। लेकिन शासन प्रशासन ने अब तक इस सम्बंध में कोई भी निर्णय नहीं लिया है।

> जनहित याचिका पर शासन और प्रशासन से कोर्ट ने मांगा जवाब

## संक्षिप्त समाचार

### सिपाही भर्ती को 29-31 अगस्त के बीच चलेंगी दो विशेष ट्रेन

**मुरादाबाद।** रेलवे उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के लिए नियमित दो अतिरिक्त स्पेशल गाड़ियों का संचालन कर रहा है। इसमें एग्जाम स्पेशल गाड़ी संख्या 04520 (सहारनपुर-लखनऊ ) 29 व 30 अगस्त को चलेगी। यह ट्रेन दो फेरे लगाएगी। दूसरी ट्रेन एग्जाम स्पेशल गाड़ी संख्या 04526 (सहारनपुर-मुरादाबाद) 31 अगस्त को चलेगी और एक फेरा लगाएगी। दोनों ट्रेनों में सामान्य कोच (जनरल कोच) होंगे। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04520 (सहारनपुर-लखनऊ) सहारनपुर से शाम 6 बजकर 20 मिनट पर चलेगी और रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, बालामऊ होते हुए रात्रि 2 बजकर 55 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगीं। एग्जाम स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04526 (सहारनपुर-मुरादाबाद) सहारनपुर से शाम 6 बजकर 20 मिनट पर चलेगी और रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर होते हुए रात्रि 9 बजकर 45 मिनट पर मुरादाबाद पहुंचेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि स्टेशन पर सहयोग केंद्र एवं एनाउंसमेंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा निरंतर स्पेशल गाड़ियों की जानकारी प्रदान की जा रही है। रेल परिसर एवं गाड़ी में यात्रा के दौरान किसी भी समस्या, शिकायत या मदद के लिए एकीकृत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर या रेल मदद एप द्वारा सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### अनंतनाग से आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**अनंतनाग।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने एक संयुक्त अभियान में सोमवार को अनंतनाग जिले में वोपजान ट्राइ-जंक्शन पर एक नाका स्थापित किया और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 23 राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए गए। उनकी पहचान उमीक मुश्ताक जरगर, इश्फाक अहमद डार और शाहिद अहमद गधांजी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि तीनों लश्कर के संचालकों के निर्देशों के तहत अनंतनाग जिले में और उसके आसपास विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे थे।

### पूर्व विधायक असलम व दो अन्य को मिली जमानत

**गाजियाबाद।** मसूरी पुलिस द्वारा रविवार को रुड़की से गिरफ्तार किए धौलाना के पूर्व विधायक असलम चौधरी एवं दो अन्य आरोपितों जुबैर टाटा एवं उसके भाई की मंगलवार को एमपी-एमएलए अदालत ने नियमित जमानत मंजूर कर ली। सोमवार को अदालत ने असलम चौधरी को अंतरिम जमानत पर रिहा किया था। असलम चौधरी एवं जुबैर टाटा और उसके भाई के दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में अदालत ने हाल ही में गैर जमानती वारंट जारी किए थे। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए अदालत में चल रही थी। असलम चौधरी बसपा से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

# संस्कृत विद्यालयों-महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी

> योगी कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए 24 साल बाद प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में वृद्धि का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2001 से लागू वर्तमान छात्रवृत्ति दरों में संशोधन/वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मालूम हो कि संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को 24 साल बाद बढ़ाया गया है। इससे पूर्व आखिरी बार 2001 में छात्रवृत्ति तय हुई थी। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 प्रस्तावों को मंत्रिमंडल से अनुमोदन प्राप्त हो गया।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने इस प्रस्ताव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपए प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपए, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपए, शास्त्री के लिए 200 रुपए एवं आचार्य के लिए 250 रुपए प्रति माह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि संस्कृत की शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर छात्र और छात्राएं निर्धन परिवारों की पृष्ठभूमि से होते हैं, इसलिए संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत प्रथमा कक्षा छ और सात और आठ के छात्रों को छात्रवृत्ति दिए जाने की व्यवस्था की गई है। 6 और 7 के बच्चों को पहले छात्रवृत्ति दिए जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सरकार ने उन्हें भी छात्रवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया है। छात्रवृत्ति में जो संशोधन किया गया है वो पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। इसका लाभ सीधे-सीधे विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। यह निर्णय संस्कृत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। इसमें पहले कैपिंग थी कि 50 हजार रुपए वार्षिक आय वाले ही इसमें पात्र होंगे।

### 30 साल तक पर्यटक आवास का प्रबंधन कर सकेंगे निजी उद्यमी

उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को बेहतर आवासीय एवं खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि. द्वारा संचालित पर्यटक आवास गृहों को प्रबंधकीय संविदा के आधार पर निजी उद्यमियों के माध्यम से संचालित कराने की समयसीमा को 5 वर्ष से बढ़ाकर 30 वर्ष (15+15) कर दिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। 2016-17 में लगभग 16 करोड़ पर्यटक आए थे तो 2023 में 48 करोड़ पर्यटक उत्तर प्रदेश में आए। इस साल इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। वहीं 2025 में महाकुंभ भी है, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक प्रदेश में आएंगे। उनके ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था संभव हो सके, इसके लिए पर्यटन विकास निगम के पर्यटक आवास गृह संचालित किए जा रहे हैं। इनमें तमाम पर्यटक आवास गृह ऐसे हैं जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में है और कर्मचारियों की कमी से भी जूझ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में निजी पर्यटन उद्यमियों को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से निगम द्वारा संचालित इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से न्यूनतम 15 वर्ष की अवधि एवं आगामी 15 वर्षों के लिए आपसी सहमति के आधार पर विस्तारित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसे निविदा आमंत्रित कर संचालित कराया जाएगा।

## राज्यसभा में एनडीए को पहली बार मिला बहुमत, 112 सीटें हुईं

एजेंसी

> 12 सीटों पर उपचुनाव में भाजपा के नौ व सहयोगी दलों के दो सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में भाजपा के 9 और सहयोगी दलों के दो सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए। कांग्रेस को एक सीट निर्विरोध मिली है। राज्यसभा में अब एनडीए के 112 मेंबर्स हो गए हैं। राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। 11 सीटों की जीत के साथ एनडीए 112 सीटों तक पहुंच गया है। एनडीए को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। यानी एनडीए को राज्यसभा में बहुमत मिल गया है।

बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के मनन कुमार मिश्रा राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिए गए हैं। मंगलवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तारीख थी। इन दोनों के अलावा किसी ने भी नामांकन नहीं किया। इसलिए नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद उन्हें जीत का सर्टिफिकेट विधानसभा सचिव की ओर से दे दिया गया। राज्यसभा में उपेंद्र कुशवाहा का 2 साल, जबकि मनन मिश्रा का 4 साल कार्यकाल रहेगा। राजद नेत्री मीसा भारती और बीजेपी नेता विवेक ठाकुर का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये दोनों सीटें खाली हुईं थी। अब राज्यसभा में बिहार से एनडीए का 10 सीटों पर कब्जा हो गया है। अभी बिहार में राज्यसभा की 16 सीटें हैं। केंद्रीय मंत्री और एमपी से बीजेपी के राज्यसभा प्रत्याशी जॉर्ज कुरियन निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बीजेपी के डमी प्रत्याशी कांतदेव सिंह के नाम वापसी के बाद कुरियन को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा इस मौके पर मौजूद रहे। हरियाणा में भाजपा की राज्यसभा उम्मीदवार किरण चौधरी निर्विरोध सांसद चुन ली गई हैं।

### दिल्ली शराब घोटाले में बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज अलग-अलग मुकदमों में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को सशर्तो के साथ मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने तेलंगाना की विधान पार्षद की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें बीआरएस नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

## चेकिंग में लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 68 लाख का सोना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 68 लाख का सोना पकड़ा गया है। वहीं यात्री द्वारा सोना लाने का तरीका देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ एयरपोर्ट पर रोज की तरह हलचल थी कि तभी चेकिंग करने वाले अधिकारियों की नजर एक यात्री पर पड़ी। वह यात्री थोड़ा-सा घबराया हुआ लग रहा था। अधिकारियों ने उसे रोका और पूछताछ की। पूछताछ में वह सकपका रहा था इस पर अधिकारियों को मामला गड़बड़ लगा तो उन्होंने उसकी तलाशी लेनी शुरू की। तलाशी में अधिकारियों को यात्री की जींस के बेल्ट में 68 लाख का सोना मिला। जिसके बाद कस्टम ने उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ में जुट गई। आपको बता दें कि एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों ने जानकारी दी कि यात्री फ्लाइट नंबर एफडी 146 से बैंकॉक से लखनऊ पहुंचा था। उसने अपनी जींस के बेल्ट में नीले रंग के कपड़े में पेस्ट के रूप में सोना छुपा रखा था। चेकिंग के दौरान यात्री के जींस के बेल्ट से लगभग 931 ग्राम सोना बरामद हुआ है, जिसकी कीमत 68,42,850 रुपए बताई जा रही है।

### झारखंड के पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन बेटे के साथ भाजपा में होंगे शामिल

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे राजनीतिक ऊहापोह का मंगलवार को पटाक्षेप हो गया। चम्पाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा का दामन थामेंगे। दिल्ली में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसकी पुष्टि की। चम्पाई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आये थे तो अपना विचार दे दिया था। पहले मैंने संन्यास लेने की सोची थी लेकिन बाद में जनता और कार्यकर्ताओं का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थिति को देखते हुए मंथन करने के बाद बीजेपी में जाने का निर्णय ले लिया।

## भाजपा सरकार में नहीं थम रहे अपराध महिलाओं से जुड़े मामलों में भी इजाफा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराध थम नहीं रहा है। महिलाओं से जुड़े अपराध बढ़ते जा रहे हैं। भाजपा सरकार का कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो गया है। सरकार के सारे दावे फेल हैं। प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है।

महिला अपराध के मामले में प्रदेश की स्थिति भयावह है। हर दिन कहीं सामूहिक दुराचार हो रहा है तो कहीं महिलाओं और बच्चियों की हत्या हो रही हैं। अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक करने और अपराधियों को सजा दिलाने के बजाय अपने विरोधियों और निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर बदनाम करने को ही कानून व्यवस्था सुधारना मानती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद में जन्माष्टमी उत्सव देखने निकली दो बच्चियों की लाशें पेड़ पर लटकी मिलना, एक बेहद संवेदनशील घटना है।

### जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को तीसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 29 उम्मीदवारों के नाम हैं। इस सूची में दूसरे चरण के 10 उम्मीदवार, तो तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।इससे पूर्व सोमवार को भाजपा ने राज्य के पहले चरण के चुनाव के लिए जारी अपनी पहली सूची में 15 व दूसरी में 01 नामों के साथ 16 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। भाजपा द्वारा चुनाव के दूसरे चरण की सूची में हब्बाकदल से अशोक भट्ट को उम्मीदवार बनाया है। श्री माता वैष्णों देवी विधानसभा क्षेत्र से बलदेव राज शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

## सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है।

सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई। इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने को कहा था। 23 अगस्त को सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इस पर भी आज सुनवाई होगी।

पहल

### 25 से 29 सितम्बर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का होने जा रहा आयोजन

## ट्रेड शो में आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट का बनेगा पवेलियन

विकास तिवारी




> यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदेश की व्यापक उपस्थिति को बड़े स्तर पर जा रही दर्शाने

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदेश की व्यापक उपस्थिति को अब बड़े स्तर पर दर्शाने जा रही है। देश-विदेश के निवेशकों का प्रदेश में कार्यरत आईटी सेक्टर के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने और इस परिदृश्य में निवेश आकर्षित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण निभाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में इन्फॉर्मेशन व टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमिकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स के बड़े क्लस्टर्स कार्यरत हैं जबकि निकट भविष्य में और कई क्लस्टर्स के स्थापना की प्लानिंग चल रही है। ऐसे में, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बढ़ती सहभागिता और योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग नीतियों को वृहद स्तर पर शोकेस करने के लिए उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग भव्य पवेलियन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सहभागिता करने जा रही है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) ने इस क्रम में एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फेज 2 में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हो रहे इन आयोजनों में पहले 11 से 13 सितम्बर के बीच इलेक्ट्रॉनिका इंडिया का आयोजन होगा। जबकि 25 से 29 सितम्बर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में, इन दोनों आयोजनों में सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग पवेलियन के माध्यम से अपनी व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। यहां योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग पॉलिसीज, कार्यरत क्लस्टर्स और उनकी उपलब्धियों के साथ ही भविष्य में स्थापित होने वाले क्लस्टर्स के बारे में भी जानकारियों को साझा करेगी। यहां सेक्टर स्पेसिफिक नॉलेज सेशन, पार्टनर कंट्री सेशंस, बी2बी/बी2जी/जी2जी बैठकें, नेटवर्किंग मीट के साथ ही नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### 145 व 100 स्क्वेयर मीटर एरिया में पवेलियन की होगी स्थापना

सेमिकॉन इंडिया द्वारा आयोजित इलेक्ट्रॉनिका इंडिया कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 145 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र प्रसार वाले पवेलियन की स्थापना व संचालन होगा। जबकि, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड द्वारा आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 100 स्क्वेयर मीटर एरिया क्षेत्र में पवेलियन की स्थापना की जाएगी। यह पवेलियन ग्राउंड फ्लोर के हॉल नंबर ?5 में स्थापित किया जाएगा और इसे डिजिटल डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन्स, एलईडी वीडियो वॉल्स व डिस्प्ले जैसी सुविधाओं से युक्त होगा। यह इंटरैक्टिव स्क्रीन्स व क्रिएटिव कॉन्टेंट बेस्ड कॉन्सेप्च्युलाइज्ड थीम के आधार पर इसका निर्माण किया जाएगा।

# एडीएम ने परखी चिकित्सालय की व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

▸ निरीक्षण में नदारद मिले कार्मिकों पर कार्रवाई, एडीएम ने डीएम को भेजी रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार सुबह करीब 8:25 बजे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला चिकित्सालय ओयल पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं एवं चिकित्सा कर्मियों की कार्यशैली का औचक निरीक्षण करते हुए हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने व मरीजों को पूरी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रत्नाकर मिश्रा, सीएमएस डॉ आरके कोली भी मौजूद रहे। एडीएम ने पर्चा काउंटर और ओपीडी का हाल देखा। ओपीडी के बाहर बैठे मरीजों से बात की। उनका हालचाल लिया और परेशानियां पूछी। निरीक्षण के दौरान पर्चा काउंटर पर तैनात राजेंद्र मिश्रा अनुपस्थित मिले इनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु सीएमएस को निर्देशित किया। पर्चा काउंटर पर मरीज उनके तिमारदारों की लगी लंबी लाइनों को एडीएम ने स्वयं व्यवस्थित कराया। निर्देश दिए कि पर्चा काउंटर पर तैनात कार्मिक की अनुपस्थिति होने पर अन्य कार्मिकों को अवश्य लगाए ताकि पर्चा बनवाने में असुविधा का सामना न करना पड़े।

एडीएम ने सीएमएस कक्ष में चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टर भी देखा। इस माह की चिकित्सक, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति पंजिका के छायाचित्र भी अनुरक्षित किए। एडीएम ने चिकित्सक एवं पैरामेडिकल की अनुपस्थित का कारण जाना। नदारत कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कहा। सीएमएस को निर्देश दिए कि चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए।

एडीएम करीब एक घंटे तक यहां रहे जिससे स्वास्थ्य कर्मियों की धड़कनें बढ़ गईं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्ची काउंटर, पुरुष सर्जिकल वार्ड, पुरुष ऑर्थो वार्ड, डेंगू वार्ड, इमरजेंसी, ड्रेसिंग रूम, सर्जन कक्ष, दवा वितरणकक्ष, इंजेक्शन कक्ष, पैथोलोजी कक्ष, ओपीडी कक्ष, जनरल महिला व पुरुष वार्ड, टायलेट मेल व फीमेल, आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समय-समय पर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए। बताते चलें कि निरीक्षण के दौरान पहले से काफी सुधार चिकित्सालय में दिखा है। वर्तमान में बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं।

## पुलिस चौकी संसारपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी का त्योहार

**संसारपुर खीरी।** थाना मैलानी की संसारपुर पुलिस चौकी परिसर में सोमवार को जन्माष्टमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर कान्हा जी की आरती के साथ चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने उत्सव का शुभारंभ किया, इस मौके पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर आकर्षक झांकियां सजाई गईं तथा भक्ति संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संसारपुर पुलिस चौकी में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सोमवार की रात्रि पुलिसकर्मियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं भक्ति संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

# परियोजना पर करोड़ों खर्च करके भी नदी को नहीं रोक सके बाढ़ खण्ड के अधिकारी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील धौरहरा क्षेत्र में माथुरपुर गांव के ग्रामीणों की बदनसीबी कहें या फिर शासन प्रशासन की अनदेखी सुजानपुर पंचायत का मजरा माथुरपुर एक दशक के अंदर दूसरी बार घाघरा नदी के कटान की जद में आ गया है। नदी से गांव की दूरी महज 40 से 50 मीटर शेष है। कटान की तेज रफ्तार देखकर ग्रामीण भयभीत है। वह सुरक्षित जगह की तलाश करते हुए अपने-अपने घरों में गृहस्थी का सामान समेटने में जुट गए हैं।

माथुरपुर और सहजदिया गांव को बचाने के लिए बाढ़ खंड ने एक वर्ष के अंदर करीब पांच करोड़ की लागत से 780 मीटर की परियोजना से कटान रोधक कार्य कराए थे। लेकिन नदी की तेज रफ्तार महज एक सप्ताह में पूरी परियोजना को बहा ले गयी। और बाढ़ खण्ड के अधिकारी सिर्फ मूकदर्शक बन कर रह गए। हलांकि आबादी को बचाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने रविवार दोपहर से कटान रोधक कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। यदि कटान न रुका तो माथुरपुर गांव दूसरी बार घाघरा नदी के आगोश में समा जाएगा। जिससे गांव के करीब 250 घरों के परिवारो को बेघर होने में देर नही लगेगी। ग्रामीण कहते है की बाढ़ खंड परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी जिसका नतीजा हम लोगों को झेलना पड़ रहा है।

## दुकान से चोर ने पार की नकदी, घटना कैमरे में कैद

**निघासन खीरी।** रात को बंद होटल में घुसे चोर ने गोलक में रखे सोलह हजार रुपए चुरा लिए। पीड़ित ने सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर मझगईं पुलिस नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मझगईं थाना के पिरथीपुरवा चौराहे पर चायना निवासी खैरहनी का चाय की दुकान है। सोमवार की शाम को चायना अपनी दुकान में दिनभर की कमाई रेक में बंद कर घर चला गया।

आरोप है कि रात को पड़ोस का एक युवक चोरी की नीयत से दुकान में घुसकर रेक में रखे सोलह हजार रुपए निकाल लिए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। सुबह होने पर जब चायना ने दुकान खोली तो काउंटर की रेक मे रखे रुपए गायब मिले। चायना ने बताया कि गत 21 अगस्त को दुकान से दस हजार रूपए चोरी होने पर दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा लिया था।

# कृषि और डेयरी फील्ड में विशेष योगदान के लिए अस्मित गोल्ड मेडल से सम्मानित

**बेहजम खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड बेहजम क्षेत्र के खेरवा गांव निवासी अस्मित शुक्ला पुत्र संदीप शुक्ला जो कि मध्यम वर्गीय परिवार से हैं जिनकी पढाई पड़ोस के कस्बा भूलनपुर के एपीएस इण्टर कालेज मे हुई थी। इंटर की पढ़ाई करने के बाद अस्मित उ'च शिक्षा के लिए बनारस चले गए जहां पहुंच कर अस्मित पढ़ाई के साथ-साथ डेरी फील्ड में अपनी सेवा देने लगे। कृषि संस्थान बनारस में आयोजित आठवें युवा सम्मेलन सतत कृषि और आजीविका सुरक्षा के लिए नए परिप्रेक्ष्य विषय पर अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ काशी हिंदू विश्वविद्यालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही और सह निदेशक कृषि शिक्षा भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान डॉ आर सी अग्रवाल द्वारा लखीमपुर निवासी अस्मित शुक्ला को कृषि और डेयरी फील्ड में विशेष योगदान के लिए गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कृषि छात्र सम्मलेन में करीब 50 से अधिक कृषि विश्वविद्यालय के छात्र प्रोफेसर वैज्ञानिक और कृषि उद्योग से संबंधित उपस्थित रहे।

# अधिशाषी अभियंता जल जीवन मिशन ने किया भौतिक निरीक्षण, मिली कमियां

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखपेड़ा में लगभग दो वर्ष पूर्व चालू हुए जल जीवन मिशन कार्य में अनियमितता होने पर ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों की थी जिसके बाद से अब तक यहां का टंकी कार्य बाधित था। जिसकी पुनः उच्च अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की गई।

जिसको मंगलवार को संज्ञान लेकर भौतिक निरीक्षण करने पहुंचे अधिशाषी अभियंता जल जीवन मिशन योगेंद्र कुमार जिन्होंने मौके का निरीक्षण किया कार्य की भौतिक स्थिति देखी। कार्य में लापरवाही देख वहां उपस्थित अधिकारियो कर्मचारियों पर भड़क उठे। अधिशाषी अभियंता जल जीवन मिशन ने उपस्थित अधिकारियो को दो हफ्ते का अल्टीमेट देकर कार्य बेहतर तरीके से शुरु करने को कहा। अगली किसी भी शिकायत पर कार्यवाही करने की बात कही। कार्य स्थल पर उपस्थिति ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासियों से उन्होंने कहा यहां निचले स्तर से हमे कही न कही गलत रिपोर्टिंग होती रही है जिसके चलते कार्य में देरी हुई है। आगे ऐसी कोई समस्या उत्पन्न ना हो यही हमारा प्रयास रहेगा।

> खबर के प्रकाशन के बाद समस्या को मेरे द्वारा देखा गया। उसे संज्ञान लेकर वहां पहुंचकर समक्ष अधिकारियो से जवाब देही की गई है। किए गए कार्य को सही करने तथा पुनः कार्य सुचार रूप से चालू करने हेतु निर्देशित किया गया है।
>
> योगेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन




## थाने पर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, लोगों में बांटा गया प्रसाद

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर खमरिया थाने में हर साल की तरह इस साल भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। ईसानगर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गंगवार व खमरिया थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां की गई व धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बता दें कि थाना परिसरो में बने शिव मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया व भजन गीत कर। श्री कृष्ण भगवान को भोग लगाने के बाद विधि विधान से पूजा पाठ करने के बाद पुलिस द्वारा लोगो को प्रसाद वितरण करवाया गया। जहां पुलिस स्टॉप सहित आम जनमानस श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर थाने पर मौजूद रहें। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर थाना प्रभारियों ने पूजा पाठ किया इस दौरान थाना क्षेत्र का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# हिन्दू समाज ने अश्लील नृत्य का जताया कड़ा विरोध

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर रेंज कार्यालय में हुये अश्लील नृत्य का हिन्दू समाज के तमाम लोगों ने कड़ा विरोध जताया। वीडियो लुधौरी स्थित वनाधिकारी कार्यालय का बताया गया है।

तहसील परिसर में एकत्र सैकड़ो लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये जुलूस निकाला व धरना देकर रेंजर के निलंबन की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर तमाम जगहों पर भगवान कृष्ण से सम्बधित झांकियां सजायी गयीं। मंदिरों में पूरी रात भजन कीर्तन होते रहे। जन्माष्टमी के अवसर पर लुधौरी स्थित वनाधिकारी कार्यालय परिसर में चार बार बालाओं ने जमकर अश्लीलता परोसी व स्टाफ सहित लकड़कट्टों ने उन पर खूब नोट लुटाए। पूरे रेंज स्टाफ सहित लकड़कट्टों ने पूरी रात खूब लुत्फ उठाया। अश्लील नृत्य का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मंगलवार सुबह वीडियो वायरल होते ही भगवान कृष्ण में आस्था रखने वालों व हिंदू संगठनों में सनातम धर्म के अपमान को लेकर रोष व्याप्त हो गया। हिन्दू संगठन के वरुण सिंह, राहुल कुमार, राजपाल सिंह, अशोक कुमार, अविनाश दीक्षित, उत्कर्ष गुप्ता, वीरेंद्र यादव, राजू सिंह आदि सैकड़ो लोग तहसील परिसर पहुंचकर रेंजर आरिफ जमाल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुये कार्यवाई की मांग करने लगे। वहां से जुलूस निकालकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गये। तहसीलदार भीमचंद ने आक्रोशित लोगों को किसी तरह शांत कराकर कार्यवाई के लिये तीन दिन का समय मांगा है।

# डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोलकाता की घटना के विरोध में वसलीपुर पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। घटना को समाज के लिए शर्मनाक बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

कोलकाता के आर जी मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में वसलीपुर में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। कैंडल मार्च संविलियन विद्यालय वसलीपुर परिसर से निकल कर बंगाली कॉलोनी प्रथम, बंगाली कॉलोनी द्वितीय होते हुए वसलीपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर तक गया। जहां ट्रेनी डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित कर मार्च का समापन किया गया। कैंडल मार्च का नेतृत्व वसलीपुर ग्राम पंचायत के प्रधान ओंमकार सिंह ने किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि माताएं बहने पश्चिम बंगाल में सुरक्षित नहीं हैं ।देश भर में लोग बेटी को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। जनता के आक्रोश को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।कैंडल मार्च में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां थी।जिस पर दुष्कर्मी को फांसी देने व बेटी बचाओ देश बचाओ स्लोगन लिखे हुए थे। कैंडल मार्च में वसलीपुर बंगाली कॉलोनी प्रथम, बंगाली कॉलोनी द्वितीयए गदियाना नाथूपुर आदि गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दुकान में हुआ धमाका, झुलसा दुकानदार




**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गत देर रात्रि एक मेडिकल स्टोर की दुकान में इतना तेज धमाका हुआ कि दुकान का शटर निकलकर सड़क पर जा गिरा।

दुकान में आग भड़क उठी सफेद धुंए का गुब्बार आसमान में छा गया। हादसा होने के बाद दुकान के अन्दर मौजूद दुकान स्वामी गम्भीर रूप से झुलस गया उसकी हालत गम्भीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल शाहजहाँपुर में भर्ती कराया। इस सम्बंध में पुलिस का कहना है कि इनवर्टर की बैटरी फटने से हादसा हुआ है जबकि बैटरी पूर्णरूप से सुरक्षित है इससे पुलिस पर भी सवालिया निशान उठ रहे है। मौके पर पहुँची फोरेंसिक टीम ने अपने साक्ष्य जुटाए। नगर के मोहल्ला शुक्लपुर निवासी 22 वर्षीय तौहीद पुत्र मुनव्वर अली का मोहल्ले के मुख्य मार्केट में मेडिकल स्टोर है जो कि देर रात्रि तौहीद दुकान का शटर अन्दर से बन्द कर रात्रि करीब 9 बजे अचानक इतना तेज धमाका हुआ कि दुकान का शटर उड़कर सामने सड़क पर जा गिरा।

मोहल्ले में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुँचे उन्होंने झुलसे तौहीद को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया जहाँ हालत गम्भीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कराया गया। लोगो का कहना है कि सबकुछ सुरक्षित है तो इतना बड़ा हादसा कैसे हुआ। आखिर इतनी रात अन्दर से दुकान बन्द कर दूकान मालिक क्या कर रहा था। यह गम्भीर जाँच का विषय है।

# बेसुध हालत में मिला युवक, इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

काम करने के लिए दिल्ली गया युवक दो दिन बाद बेसुध हालत में गांव के पास पाया गया था। इलाज के दौरान उसकी मंगलवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के रहतरी गांव निवासी सुरेंद्र ;18 पुत्र गुड्डू घर से 24 अगस्त को दिल्ली काम की तलाश में जाने की बात बताकर घर से कपड़ों से भरा बैग और कुछ रुपए लेकर घर से निकला था। दो दिन बाद सुरेंद्र गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर कैमीभूड़ जाने वाले मार्ग पर बेसुध हालत में पेड़ के नीचे पड़ा पाया गया था। बताते है कि वह कांप रहा था। कपड़ों से भरा उसका बैग गायब था। गंभीर हालत में उसे सीएचसी लाया गया था। जहां से उसे ओयल जिला अस्पताल रेफर किया गया था। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मंगलवार को उसकी मौत हो गई। सुरेन्द्र के पिता गुड्डू ने बताया कि वह उसका सबसे छोटा बेटा था। 24 अगस्त को कपड़े और कुछ रुपए लेकर घर से दिल्ली में काम की तलाश के लिए घर से निकल था। दो दिन बाद वह बेसुध हालत में गांव के पास मिला था।थाना प्रभारी ने बताया कि इस बाबत में परिजनों द्वारा उन्हें कोई सूचना नही दी गयी है।

# एडीएम ने सुनीं शिकायतें, दिए निस्तारण के निर्देश

**मोहम्मदी के नागरिक सुविधा दिवस में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**




नगरीय क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शासन के निर्देश पर माह के अंतिम मंगलवार को जिले की चार नगर पालिकाओं में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन हुआ। मोहम्मदी नगर पालिका परिषद के सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन हुआ।सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करे। वही नगर पालिका परिषद लखीमपुर में एडीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु जिम्मेदारों को निर्देश जारी किए। मोहम्मदी के नागरिक सुविधा दिवस में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष 02 शिकायतों को पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। एडीएम संजय कुमार सिंह ने नपाप लखीमपुर में शिकायकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु जिम्मेदारों को निर्देश जारी किए। इसके अलावा गोला और पलिया में भी नागरिक सुविधा दिवस आयोजित हुआ। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के रहने वाले सामान्य जनों को दिन.प्रतिदिन जीवन से जुड़ी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, सड़क,भवन निर्माण, जल निकासी आदि का सामना करना पड़ता है।

इन समस्याओं से संबंधित विभाग समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत भी रहते हैं किन्तु नगरीय क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि उसमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती हैए जिसकी जानकारी जनसामान्य को नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में जन मानस को छोटी.छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए कई.कई विभागों में चक्कर लगाना पड़ता है।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हुआ चौसठ आयोजन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

समेकित शिक्षा के अंतर्गत छः से चौदह वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु मेडिकल असेसमेंट कैंप में चौसठ आयोजन किया गया। असेसमेंट कैंप में मेडिकल कॉलेज तथा जिला अस्पताल आए विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया।

ब्लॉक निघासन के प्राइमरी स्कूल बम्हनपुर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत छः से चौदह वर्ष के चौसठ दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। मेडिकल कॉलेज लखीमपुर से आए नाक, कान, गला विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा ने श्रवण बाधित नौ बच्चों का परीक्षण किया। कैंप में अस्थि दिव्यांग के बत्तीस, मानसिक दिव्यांगता के तेईस बच्चों का परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। कैंप में जिला अस्पताल से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार द्विवेदी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कृतिका रैना, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्रीमती माला श्रीवास्तव, निखिल आर्य फिजियोथैरेपिस्ट, स्पेशल एजुकेटर विवेक त्रिपाठी, संजय यादव, अभिषेक सिंह,संदीप कुमार, ब्रजेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र यादव आदि लोग कैंप में मौजूद रहे।

# तक्षशिला गुरुकुल में मना जन्माष्टमी महोत्सव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




लखीमपुर स्थित तक्षशिला गुरुकुल में सोमवार को जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। बारिश की रिमझिम फुहारों के मध्य आयोजित हुए इस कार्यक्रम में गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रोंए गुरुकुल परिषद के सदस्यों एवं सहयोगियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ राधा.कृष्ण के पूजन से हुआ। नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश सिंह ने राधा-कृष्ण के रूप में सजे छात्रों को तिलक दान करके उनकी आरती एवं पूजा सम्पन्न की। तत्पश्चात श्रीकृष्ण एवं उनके सखाओं के रूप में छात्रों के द्वारा दही.मटकी को फोड़ते हुए श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद कार्यक्रम में तक्षशिला पालक परिषद के प्रतिनिधियों राकेश कुमार सिंह, तुषार गर्ग, अंशुल सिंह एवं सचिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में अबीर गुलाल एवं फूलों की रंगारंग होली खेली गई। आईकेएमजी लखीमपुर एवं अग्रवाल महिला संघ नामक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के रूप में सपना कक्कड़ लता अग्रवाल एवं नूपुर अग्रवाल ने द्वारिकाधीश को महाप्रसाद अर्पित किया। तत्पश्चात छात्रों ने श्रीकृष्ण के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत करते हुए यशोदानंदन श्री कृष्ण को याद किया और कार्यक्रम को भक्तिमयी बना दिया। श्रीकृष्ण की लीलाओं के अंत में छात्रों ने श्रीकृष्ण के विराट एवं योद्धा रूप की पूजा करके उनसे शक्तिशाली होने एवं समाज की रक्षा हेतु सामर्थ्यवान होने का आशीर्वाद मांगा।

# बच्चों को राधा-कृष्ण के रूप में सजाकर मनाया जन्माष्टमी का त्यौहार





**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शहर में जगह-जगह श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

घर घर में ब'चो को राधा कृष्ण के रूप में सजाकर त्योहार का आनंद लिया। हर गली, मोहल्ला, मन्दिर में झांकिया सजाई गयी ।पूरा शहर कृष्णमय हो गया था। हर तरफखुशियों का माहौल रहा।

दिन भर श्री कृष्ण चन्द्र भगवान की जन्माष्टमी उत्सव की सभी कृष्ण प्रेमियों को बहुत बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाओ के सन्देश मीडिया में छाये रहे।

## श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार



**मितौली खीरी।** क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़ी ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

नागरिकों द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

थाना मितौली एवं थाना नीमगांव में प्रभारी निरीक्षकों द्वारा मंदिरों को विशेष रूप से सजाकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। प्रभारी निरीक्षकों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को आदर सहित भोजन भी कराया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मितौली तथा नीम गांव थाना परिसर दुल्हन की तरह सजाया गया था हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की संकीर्तन के साथ भगवान कृष्ण द्वारा की गई लीलाओं को भी दर्शाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत मैनहन के पूर्व प्रधान वीरेंद्र पांडे के निवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कि वक्ता पूर्णिमा मिश्रा द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की गई। पूर्णिमा मिश्रा द्वारा मनमोहक ढंग से श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस की कथा सुनाकर स्रोताओ का मन मुग्ध कर दिया गया।

## गौ माताओं की पूजा अर्चना कर मनाई गई जन्माष्टमी

**मितौली खीरी।** खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मितौली क्षेत्र के समस्त गौआश्रयों पहुंच कर गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई। और गुड़, चना, हरा चारा, प्रसाद खिलाकर जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई।

सर्वप्रथम खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने साथ सर्वप्रथम अस्थाई गौआश्रय आशिक नगर, सिरषा, बबौना, सेमरा ग्रन्ट, लोहन्ना, कैमहरा, जानकी नगर ग्रंट, दतेली कला, सहित समस्त गौशालयों को सजवाकर गायों को नहला धुलाकर साफसफाई कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई।

# इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर बनेगा चार लेन पुल, केंद्रीय को प्रस्ताव भेजेगा एनएच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । मुंशीपुलिया, खुर्रमनगर के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर भी चार लेन का फ्लाईओवर बनेगा। एनएच नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेजेगा। इससे जानकीपुरम, अलीगंज व सीतापुर रोड से जुड़ी पांच लाख आबादी को फायदा मिलेगा।

लखनऊ का इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा सबसे व्यस्त चौराहों में शुमार है। इससे जुड़ी अलीगंज, पुरनिया, जानकीपुरम, विकासनगर की बड़ी आबादी को पीक ऑवर्स में घंटों जाम में फंसना पड़ता है।वाहन चालकों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र लिखा, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने निजी संस्था से सर्वे कराया।

सर्वे रिपोर्ट में सुबह से शाम तक करीब 1.50 लाख वाहन गुजरते हैं। शासन के निर्देश पर एनएच ने चार लेन फ्लाईओवर का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा, लेकिन सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं दी। एनएच ने नए सिरे से प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। खुर्रमनगर फ्लाईओवर का चल रहा निर्माण मुंशीपुलिया फ्लाईओवर बनकर तैयार है। खुर्रमनगर फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। उम्मीद है कि इस साल दिसम्बर तक तैयार हो जाएगा। इससे रिंग रोड की बड़ी आबादी को जाम से राहत मिलेगी।अधिकारियों के मुताबिक पॉलीटेक्निक चौराहे से सीतापुर हाईवे तक करीब किलोमीटर एनएच की सड़क है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय यह मार्ग राज्य सरकार को हैंडओवर कर देता है तो सड़क का स्वामित्व पीडब्ल्यूडी का हो जाएगा, तब राज्य सरकार अपने वित्तीय संसाधनों से फ्लाईओवर का निर्माण करेगा।

# हर व्यक्ति की समस्या का तेजी से व गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा निदान

▸ डिप्टी सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश, लापरवाही पर नपेंगे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7 कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होग्, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।जनता दर्शन मे बलरामपुर, जालौन, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, बलरामपुर , सहारनपुर, बदायूं, बागपत, बुलन्दशहर, लखनऊ, देवरिया, मिर्जापुर कौशाम्बी, उन्नाव, बरेली, मऊ, प्रतापगढ़, मुरादाबाद, इटावा, ललितपुर, फिरोजाबाद, रायबरेली, भदोही ,शाहजहांपुर, कन्नौज ,गाजीपुर फतेहपुर, गोण्डा सहित लगभग 3 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के जिला अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

## खबरें एक नजर में

### तीन दिवसीय आर्म्ड फोर्सेज फेस्टिवल तीन सितम्बर से

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में तीन दिवसीय आर्म्ड फोर्सेज फेस्टिवल का आयोजन 3 सितम्बर से किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में विकसित नवीनतम सैन्य उपकरण नज़र आएंगे। नागरिक तीनों सशस्त्र बलों के उपकरण जैसे टैंक, हेलीकॉप्टर और हथियार प्रणालियों सहित अत्याधुनिक हथियार देख पाएंगे। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में एक स्टैटिक डिस्प्ले भी होगा, जिसमें टी–90 टैंक (भारतीय सेना का मुख्य युद्धक टैंक), के9 वज्र स्व चालित आर्टिलरी गन, स्वाति रडार, एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकाप्टर), चिनूक, अपाचे, एलसीएच (लाइट कॉम्बैट हेलीकाप्टर) प्रचंड भी शामिल होंगे। नौसेना के विमान वाहक, पनडुब्बियों और विध्वंसक के मॉडल। हवाई जहाजों द्वारा फ्लाईपास्ट, पैरा ड्रॉप, पैरा मोटर्स, माइक्रो लाइट फ्लाइंग और कई अन्य प्रदर्शन, लाइव प्रदर्शन के मुख्य आकर्षण होंगे। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल 3 से 5 सितम्बर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल में प्रवेश के लिए किसी टिकट या पास की आवश्यकता नहीं है, सभी नागरिकों के लिए नि:शुल्क है। लखनऊ के लोगों के लिए सशस्त्र बलों की ताकत देखने का यह एक अनूठा अवसर है।

### कृष्णा रचित मानस रसायन महाकाव्य पाठ का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भगवत कृपा से बालाजी पब्लिक स्कूल नगरिया ठाकुरगंज के तत्वाधान में आयोजित रसिक वर श्यामा व श्याम की झांकी आनंद एवं श्री कृष्णा रचित मानस रसायन महाकाव्य के पाठ का आयोजन लगभग 30 वर्षों से हो रहा है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन धूम धाम से किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रबंधक सोने लाल राजपूत, मनोज राजपूत, संजीव राजपूत, रंजीत राजपूत, नीरज दीक्षित एवं निवासी गढ़ आदि सभी ने मिलकर कृष्ण जी से अपने ऊपर दया दृष्टि रखने की कृपा करते।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कटे 1068 चालान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में यातायात पुलिस के द्वारा चलाए गए अभियान में 1068 चालान किए गए। यह सभी चालान तेज रफ्तार या यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर पुलिस के द्वारा किए गए हैं। डीसीपी यातायात ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरीके से 26 अगस्त को भी शहर के विभिन्न चौराहों पर अभियान चलाया गया नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफकार्रवाई की गई है। लखनऊ में यातायात पुलिस ने 26 अगस्त 2024 को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफकार्रवाई की। कुल 1068 चालान किए गए, जिनमें से 622 चालान दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट न पहनने के लिए किए गए।

### संकटमोचन धाम मंदिर में रही जन्माष्टमी उत्सव की धूम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्णा जन्माष्टमी का उत्सव इसबार संकटमोचन धाम मंदिर, कौशलपुरी में भव्य और श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर को रंगीन झालरों से सजाया गया है। यहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित खूबसूरत झांकियां बनाई गई हैं। मंदिर परिसर में उल्लास का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जन्म के समय की झांकी को रोचक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। यह दर्शकों को भगवान की दिव्य लीलाओं की एक झलक प्रदान करेगी। स्थानीय श्रद्धालुओं की मांग पर इसबार भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इसमें किशोर कुमार ष्पगलाष्, राष्ट्रीय लोक गायक और संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से लेकर रात 1बजे तक चलेगा। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के भजनों और लीलाओं का मंचन किया जाएगा। संकट मोचन धाम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामरीख ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

### लापता युवक का रेलवे स्टेशन के पास पड़ा मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कनकहा गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया उनका छोटा भाई मुकेश कुमार( 40वर्ष) बीते रविवार की दोपहर को घर से निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नही लौटा,काफी खोजबीन के बाद भी लापता भाई का कुछ भी पता नही चल सका था,सोमवार की सुबह कनकहा रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पर रेलवे की बैरिकेटिंग के पास छोटे भाई का शव पड़ा देख उधर से गुजरे लोगो ने परिजनो व पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा। मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता व दो बेटे अंकित व रौनक है,वो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है मृतक अत्यधिक शराब पीने का आदी था जिसके चलते उसकी तबीयत बहुत खराब हो गयी थी ओर डाक्टर ने उसे शराब पीने से मना किया था।

# सीएम ने की गोसेवा, खिलाया गुड़ व केला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । अनुशासन प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यस्त दिनचर्या के बावजूद ईश्वर की आराधना और गोसेवा के लिये समय निकाल ही लेते हैं। सोमवार को बंशीधर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद योगी ने आज यानी मंगलवार की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में गोसेवा से की। सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद सीएम योगी ने आज सुबह मंदिर की गौशाला में गौ सेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें खूब दुलारकर अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया। सोमवार देर रात तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अनुष्ठान में व्यस्त रहने के बावजूद मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातरूकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गौशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गौशाला में योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ और केला खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर भी खूब प्यार लुटाया। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान ही मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया कि खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। विदा करते वक्त हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया।

### स्वामी रामदेव ने की सीएम योगी से भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पतंजलि योगपीठ के संस्थापक, विश्व विख्यात योगगुरु स्वामी रामदेव ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। स्वामी रामदेव गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर काफी भाव विह्वल नजर आए। सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर पहुंचे स्वामी रामदेव ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से शिवावतार भगवान गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। दंडवत होकर श्रद्धा निवेदित की। इसके बाद वह राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की समाधि स्थल पर गए और ब्रह्मलीन महंत जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। दर्शन पूजन के उपरांत उन्होंने रात में ही गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। स्वामी रामदेव ने गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम करने के बाद गुलाब के फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सीएम योगी ने भी पुष्प गुच्छ देकर स्वामी रामदेव का स्वागत किया। मंदिर का परंपरागत प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से योग, सामाजिक और राष्ट्रीय जागरण के मुद्दों पर विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी रामदेव को अपने गुरुदेव की स्मृति में तीन खंडों में संकलित ग्रंथ 'राष्ट्रीयता के अनन्य साधक महंत अवेद्यनाथ' की प्रतियां भेंट कीं।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती फिर चुनी गईं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मंगलवार को लखनऊ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती को एक बार फिर सर्वसम्मति से अगले पांच साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने बैठक में मायावती के निर्वाचन की घोषणा की। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष चुने जाने के बाद मायावती ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर, कांशीराम समेत कई महापुरुषों के मानवतावादी एवं समतामूलक मिशन को बसपा की मूवमेंट के जरिए आगे बढ़ाने के लिए वह हमेशा हर प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के कल्याणकारी सिद्धांत एवं लक्ष्य की प्राप्ति पर डटे रहकर अपना संघर्ष इस उम्मीद पर जारी रखे हैं कि यह संघर्ष एक दिन बहुजनों के पक्ष में जरूर रंग लाएगा। बसपा प्रमुख ने कहा कि पहले गैर कांग्रेसवाद की तरह अब देश की राजनीति गैर भाजपावाद में उलझकर रह गयी है। ये दोनों दल और इनके नेतृत्व वाले गठबंधन देश के दलित, ओबीसी, आदिवासी, मुस्लिम के सच्चे हितैषी न कभी थे और न कभी हो सकते हैं। इन दलों का रवैया लगाता जातिवादी, षड्यंत्रकारी बना हुआ है, जो खासकर चुनाव में काफी तेज हो जाता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यही सब कुछ खुले तौर पर देखने को मिला और केंद्र की भाजपा एवं कांग्रेस देनों कहीं जातिवादी एवं अहंकारी सरकार बनाने से रोकेने पर बहुजन समाज काफी हद तक पिछड़ गया। उन्होंने कहा कि बसपा अगर चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ती तो ऐसी परिस्थिति को रोका जा सकता था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और इन पार्टियों ने संविधान की रक्षा को चुनावी मुद्दा बनाया। इतना ही नहीं बाबासाहब को भारत रत्न से सम्मानित और बसपा के जन्मदाता कांशीराम की मृत्यु पर देश व किसी भी प्रदेश में एक दिन का राजकीय शोक भी घोषित नहीं किया गया।

# खदरा व फैजुल्लागंज पहुंचे नगर आयुक्त, फॉगिंग के दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार सुबह सीतापुर रोड से लगी बस्ती का निरीक्षण किया। जोन-3 के तहत आने वाले खदरा और फैजुल्लागंज इलाकों में पहुंचकर नगर आयुक्त ने साफ -सफाई का जायजा लिया। स्थानीय लोगों से मुलाकात कर फॉगिंग के बारे में जानकारी हासिल की।

दरअसल, राजधानी के कई इलाकों में बारिश के दौरान डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। इन इलाकों में पहले डायरिया का अटैक भी देखने को मिला था। लगातार कई दिनों तक मेडिकल टीम ने यहां कैंप कर रोगियों को दवाई बांटी गई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सफाईकर्मियों को मास्क लगाने की नसीहत दी। सभी को बिना लापरवाही काम करने के निर्देश दिए। फॉगिंग करने वाले कर्मियों को फेस कवर यानी फेस शील्ड लगाने की बात कही। साथ ही फॉगिंग करने के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मंगलवार सुबह 6 बजे सभी 4 वार्ड में अभियान की शुरुआत करने के मकसद से बड़े और छोटे नाले नालियों के अलावा घरों में भी एन्टी-लार्वा का छिड़काव कराते हुए फॉगिंग कराई गई। साथ ही जलाशयों में ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने रोजाना नियमित रूप से टीमें बनाकर सफाई के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों को डेंगू और मलेरिया जैसे घातक संचारी रोगों की जानकारी देते हुए इनसे बचाव के तरीकों को भी जागरूक किया गया।

## यूपीएस कर्मचारियों के साथ बड़ा धोखा, पुरानी पेंशन स्कीम लागू हो : संजय सिंह

**लखनऊ** । केंद्रीय कर्मचारियों के लिए मोदी सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) पेंशन स्कीम का ऐलान किया है। विपक्ष लगातार इस स्कीम को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रहा है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कहा कि यूपीएस नई पेंशन योजना (एनपीएस) से भी ज्यादा खराब है। यह देश के कर्मचारियों के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है। इस पेंशन योजना से देश के अर्ध सैनिक बलों को निकालकर बाहर कर दिया गया है। वो इस दायरे में नहीं आएंगे, क्योंकि उनकी सर्विस 25 साल की होती ही नहीं है। संजय सिंह ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों से पैसा लेकर उन्हें पेंशन देने की योजना है, जो कि पुरानी पेंशन योजना की तुलना में कम फायदेमंद है। संजय सिंह ने कहा कि यूपीएस योजना दलितों, पिछड़ों, और आदिवासियों के साथ भेदभाव करती है। आप सांसद ने कहा कि सरकार से यूपीएस योजना को बंद करने और पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी को 40 साल तक और ओबीसी को 38 साल तक नौकरी में छूट मिल सकती है।



लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में आए लोगों की समस्या को सुनती मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब

# वो पीएम बनना चाहते हैं दिल्लीवाले उन्हें समझाएंगे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बांग्लादेश पर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि वह (योगी) प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं, कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का रोल प्ले नहीं करना चाहिए।

सपा प्रमुख यादव ने यहां सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि वह (योगी आदित्यनाथ) प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का रोल प्ले (भूमिका) नहीं करना चाहिए। यादव ने देश की विदेश नीति से जुड़े मामलों को लेकर कहा, यह कार्य प्रधानमंत्री का है, भारत सरकार का है कि दुनिया में किस देश के साथ कैसा संबंध रखना है। यह पहली बार मुख्यमंत्री जी नहीं कह रहे हैं। मुख्यमंत्री पहले भी कह चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली वाले (केन्द्र सरकार) उन्हें समझाएंगे कि दिल्ली वाले फैसलों में वह हस्तक्षेप न करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचने के लिए लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए सोमवार को आगरा में कहा कि बांग्लादेश में हुई गलतियां भारत में नहीं होनी चाहिए।

# स्वयं से पहले राष्ट्रहित की भावना रखता है भाजपा कार्यकर्ता : धर्मपाल

▸ राष्ट्र विकास में योगदान हमारा कर्तव्य होना चाहिए : गीतांजलि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । बीजेपी कार्यकर्ता खुद से पहले राष्ट्र हित की भावना रखता है।भाजपा दल नही बल्कि संगठन परिवार है। यह विचार बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए हैं।पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व प्रभारी महिला मोर्चा विजय बहादुर पाठक की अध्यक्षता में महिला मोर्चा ने कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा संगठन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कोई संगठन कितना प्रभावी है यह संगठन के सदस्यों की संख्या व कार्यशैली पर निर्भर करता है महिलाओं की भागीदारी देश के विकास में बृहद स्तर पर बड़ी है इसके लिए भाजपा पुनः सदस्यता अभियान चलाकर संगठन परिवार का विस्तार कर रही है महिला मोर्चा को सुनिश्चित करना है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जनता तक पहुंचे इसके लिए संगठन के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व सुनिश्चित हो जितना बड़ा परिवार होगा उतना अच्छा कार्य विभाजन होगा । बैठक की मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य वार्ड सदस्यता प्रमुख महिला मोर्चा गीतांजलि ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, संगठन शक्ति व समन्वय से 2030 तक हम विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

## शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी

**लखनऊ** । 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग अभ्यर्थियों का धरना आज लगातार 8वें दिन जारी है। आज बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक होने जा रही है। अभ्यर्थियों के मुताबिक इस बैठक में नई मेरिट लिस्ट जल्द जारी करने को लेकर विभागीय अफसर ठोस बात कर सकते हैं। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर पहुंचने के कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में अधिकारियों के प्रति आक्रोश बढ़ गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश को लागू करने के लिए बीते 7 दिनों से लगातार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी धरना दे रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि हाईकोर्ट के आदेश का तत्काल पालन किया जाए और बिना कोई देरी किए नई चयन सूची जारी की जाए। आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि विजय यादव ने बताया कि कई अभ्यर्थी बीमार होने के बावजूद धरने पर बैठे हैं।

**कार्यक्रम** | मैनपुरी में चयनित युवाओं को बंटे नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन, टैबलेट और ऋण स्वीकृति पत्र

# रोजगार मेलों के जरिए विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहा युवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । सीएम योगी आदित्यनाथ के मिशन रोजगार अभियान अंतर्गत मैनपुरी के करहल क्षेत्र में रोजगार मेले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय तथा राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी अजीत पाल के साथ चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन, टैबलेट और ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां का नौजवान रोजगार से जुड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होना चाहता है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में हजारों कंपनियां नौजवानों को सीधे रोजगार से जोड़ने का काम कर रही हैं। करहल भी इससे अछूता नहीं है, और आज यहां कई कंपनियों ने अपने काउंटर लगाकर शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन चुका है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि योगी सरकार में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है।

अब प्रदेश में योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं और थानों पर पीड़ितों को न्याय मिल रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के तहत कार्य कर रही है। केंद्र और प्रदेश की सरकारें विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं। प्रदेश में अब न्याय, शोषण और अत्याचार को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का नक्शा बदल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी की बात दुनिया सुनती है और उनके कार्यो से देश का गौरव बढ़ा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और अब माफियाओं के चेहरे पर दहशत है।राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी अजीत पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश की 01 ट्रिलियन डॉलर की भागीदारी होगी। युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। रोजगार मेला के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की 37 से अधिक कंपनियों में 3710 युवाओं का चयन किया गया और उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही, मुद्रा योजना के तहत 1489 हितग्राहियों को 42.3 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री युवा रोजगार कार्यक्रम के तहत 21 लाभार्थियों को 0.55 करोड़ रुपये, और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 105 हितग्राहियों को 3.5 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

तकनीकी दक्षता में वृद्धि के लिए स्नातक के 932 छात्र-छात्राओं को टैबलेट और 2111 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कृषि यंत्र योजना के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को 20 लाख रुपये और फार्म मशीनरी बैंक के अंतर्गत 45 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई।

# स्कूल जा रही नाबालिग को अगवा कर किया गैंगरेप

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**




▸ स्कूल के बाहर से ही आरोपी अनस तथा उसके दोस्त शादाब ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दोनों का कर लिया अपहरण

योगी सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर भले ही सख्त कार्रवाई के दावों का ढिंढोरा पीटा जा हो लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आता है। घर से स्कूल जा रही दो छात्राओं को स्कूल के गेट से अगवा कर चार आरोपी उसकी आबरू लूट लेते है। लेकिन एंटी रोमियो टीम व पुलिस प्रशासन कहीं भी नजर नहीं आती।

**दो साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने किया अपहरणः** मामला गोण्डा जिले के खोड़ारे थानाक्षेत्र का हैं जहां दो छात्राओं को स्कूल गेट से अगवा करके सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।आरोपियों का दूसरे समुदाय से ताल्लुक है। वही बता दें कि खोड़ारे थानाक्षेत्र में पुलिस चौकी गौरा चौकी के दो अलग-अलग गांवों की छात्राओं के परिजनों ने पुलिस को सामूहिक तहरीर देते हुए बताया है कि 24 अगस्त की सुबह मेरी तेरह वर्षीय लड़की और उसकी सोलह वर्षीय सहेली के साथ क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ने गई थी।इसी दौरान स्कूल के बाहर से ही आरोपी अनस तथा उसके दोस्त शादाब अपने दो साथियों के साथ मिलकर दोनों को अपहरण कर लिया।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, दो आरोपी गिरफ्तारः** मामला तूल पकड़ने पर पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अपहरण,गैंगरेप सहित पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।थाना प्रभारी सर्वजीत गुप्ता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अनस पुत्र अबुल कलाम व शादाब अहमद पुत्र सोहराब को पकड़ लिया गया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है।सीओ मनकापुर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले के अन्य दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

योगी सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर भले ही सख्त कार्रवाई के दावों का ढिंढोरा पीटा जा हो लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आता है। घर से स्कूल जा रही दो छात्राओं को स्कूल के गेट से अगवा कर चार आरोपी उसकी आबरू लूट लेते है।लेकिन एंटी रोमियो टीम व पुलिस प्रशासन कहीं भी नजर नहीं आती।

### दो साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने किया अपहरण

मामला गोण्डा जिले के खोड़ारे थानाक्षेत्र का हैं जहां दो छात्राओं को स्कूल गेट से अगवा करके सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।आरोपियों का दूसरे समुदाय से ताल्लुक है।वही बता दें कि खोड़ारे थानाक्षेत्र में पुलिस चौकी गौरा चौकी के दो अलग-अलग गांवों की छात्राओं के परिजनों ने पुलिस को सामूहिक तहरीर देते हुए बताया है कि 24 अगस्त की सुबह मेरी तेरह वर्षीय लड़की और उसकी सोलह वर्षीय सहेली के साथ क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ने गई थी।इसी दौरान स्कूल के बाहर से ही आरोपी अनस तथा उसके दोस्त शादाब अपने दो साथियों के साथ मिलकर दोनों को अपहरण कर लिया।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

मामला तूल पकड़ने पर पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अपहरण,गैंगरेप सहित पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।थाना प्रभारी सर्वजीत गुप्ता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अनस पुत्र अबुल कलाम व शादाब अहमद पुत्र सोहराब को पकड़ लिया गया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है।सीओ मनकापुर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले के अन्य दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस लाइन में हर्षोल्लास संग मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के पुलिस लाइन में श्री कृष्णजन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।पुलिस लाइन में प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाम सात बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हुई जो देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडलायुक्त,पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ।वही मंथन गोंडा के आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन व अन्य कार्यक्रमों को देखकर भक्तगण झूमने को मजबूर हो गए।जहां एक तरफ देर रात हर्षोउल्लास के साथ मथुरा समेत पूरे देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा था।

# जिला पर्यावरण व जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न




▸ सभी संबंधित विभाग के अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष जीयो टैगिंग करने के निर्देशः डीएम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने वर्ष - 2024 में हुये वृक्षारोपण के सापेक्ष शतप्रतिशत जीयोटैगिंग करने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष जीयोटैगिंग कर लें, ताकि वृक्षारोपण के समय कोई दिक्कतें न हो। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में वेटलैंड को अतिक्रमण एवं जलकुंभी से मुक्त किया जाए साथ ही जो वेटलैंड मृत हो चुके हैं उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। बैठक में डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पौधों के जीयोटैगिंग कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी, बीएसए, पीटीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी, डीसी मनरेगा, उपनिदेशक कृषि, खनन अधिकारी, पीडब्ल्यूडी विभाग, विद्युत विभाग, एडीपीएम पंचायत विभाग, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# कसौधन धर्मशाला के निर्माण को लेकर कसौधन समाज में दौड़ी खुशी की लहर

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत मनकापुर गोंडा उत्तर प्रदेश क्षेत्र के अंतर्गत रफी नगर मोहल्ला में कसौधन समाज का कसौधन धर्मशाला का हो रहा है निर्माण , निर्माण को लेकर नगर के कसौधन समाज के स्वजातीय बंधुओ ने खुशी जाहिर करके एक दूसरे को लड्डू खिलाया। आपको बताते चलें 28 वर्षों पूर्व में स्वर्गीय श्री राम नरेश कसौधन व समाज के अन्य व्यक्तियों के अथक प्रयास से कसौधन समाज के लिए कसौधन धर्मशाला की जमीन खरीदी गई थी। जो अब जाकर सपना हुआ साकार। निर्माण स्थल पर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति रमेश चंद चौधरी, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, नंदलाल मुनीम, विनोद कुमार गुप्ता, विश्वनाथ कसौधन ,पवन चौधरी ,अमित कुमार कसौधन ,विशाल कसौधन, बद्री कसौधन , राकेश कसौधन, आलोक गुप्ता, त्रिभुवन गुप्ता, बद्री मुनीम , संतोष कसौधन उर्फ बड़कन ने कहा धर्मशाला बनने से समाज के सभी लोग को अधिक से अधिक लाभ पहुंचेगा।

# गोंडा से लखनऊ पैसेंजर गाड़ी के संचालन की उठाई मांग

▸ क्षेत्रीय प्रबंधक गोंडा जंक्शन की अध्यक्षता में हुई गोंडा रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री समिति की बैठक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन के सलाहकार समिति के सदस्यों ने गोंडा से लखनऊ पैसेंजर सवारी गाड़ी का संचालन किये जाने समेत कई प्रमुख समस्याओं को उपस्थित अधिकारियों के समक्ष उठाया।

समिति के सदस्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों पर वेंडरों की यात्रियों के साथ मनमानी, बैटरी रिक्शा एवं सवारी वाहनों एवं चालकों का रेलवे स्टेशन परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाए जाने, आदि के बारे में अवगत कराया जबकि सदस्य आलोक अग्रवाल ने स्टेशन पर विद्युत व्यवस्था एवं ट्रेनों में पानी की सुविधा यात्री हित में किए जाने की मांग किया स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक को प्रमुख रूप पूर्वोत्तर रेलवे से क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए रेल यात्रियों के हित में कई सुझाव दिए समिति की बैठक का संचालन प्लेटफॉर्म निरीक्षक केएल यादव ने किया जबकि स्टेशन अधीक्षक गोंडा जंक्शन राय सिंह मीणा द्वारा आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर मुख्य चल टिकट निरीक्षक लाल क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के मलिक अनवर आशुतोष राजेश आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक शुरू होने के पूर्व में क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह की पत्नी के 1 अगस्त को आकस्मिक निधन होने पर शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

## खाद्य निरीक्षक ने दो होटलों के खाद्य पदार्थों का लिया सैंपल होटल संचालक फरार

**मिहींपुरवा,बहराइच।** रामपुर बाजार में खाद्य निरीक्षक ने दो होटल पर पहुंचकर खाद्य पदार्थ का सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजा। वही एक होटल संचालक मौके से दुकान बंद कर फरार हो गया। दर असल बता दे कि जिले में होटल पर अधिकतर मिलावट की मिठाई बेची जाती है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। लगातार जिले में मिलावटी मिठाई बेचने पर लगाम कसा जा रहा है। नानपारा तहसील क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार में होटल पर संचालकों द्वारा अधिकतर मिलावटी मिठाई बेची जाती है।जिससे लोगों को बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। मंगलवार को खाद्य निरीक्षक अभिषेक ने बाबा होटल व मिश्रा होटल पर जाकर खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर प्रशिक्षण के लिए भेज दिया है।

# बिना मान्यता के चल रहे स्कूल होंगे बंद : बीडीओ

**तरबगंज /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**




तरबगंज थानाक्षेत्र के बकियापुर गाँव के पास बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूल को शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर तीन दिन के अन्दर बन्द करने का आदेश दिया है।

बतादे की तरबगंज थानाक्षेत्र के बकियापुर ग्रामपंचायत में बिना मान्यता के एक स्कूल जो नंदिता पब्लिक स्कूल के नाम से संचालित हो रहा है जिसमे 300बच्चे है जो नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र व छात्राएं है जिसकी शिकायत क्षेत्र के अनिल शुक्ला ने आनलाइन मुख्यमंत्री से की थी जिसकी जाँच में स्कूल के नाम नाही कोई जमीन है और नाही निजी कमरा है केवल किराये के मकान में स्कूल संचालित किया जारहा है वो भी जूनियर हाईस्कूल तक जिस मान्यता प्राप्त स्कूल से अटैच बताया जारहा है उसका भी कोई अस्तित्व नही है ।जिसमे शिक्षा माफिया बच्चो का भविष्य बरबाद करने पर तुले हुए थे। नोटिस मिलने पर निजी स्कूलो मे हड़कम्प मचा हुआ है।

ये तो बानगी भर है तरबगंज में अगर सही जाँच की जाय तो दर्जनो स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे है जिस पर विभाग की नजर नही जा रही है केवल शिकायत पर ही कार्यवाही की जारही है। इस प्रकरण पर खन्डशिक्षाधिकारी आरके सिंह ने बताया की नोटिस जारी कर तीन दिन में स्कूल बन्द करने का आदेश दिया गया है और स्कूल में पढ़ रहे बच्चो को प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल में नामांकन कराने का निर्देश दिया गया है अगर तय समय पर आदेश का पालन नही हुआ तो स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# मेडिकल स्टोर पर खुलेआम हो रहा है नशे का कारोबार, अधिकारी मौन

▸ ड्रग इंस्पेक्टर का गैर जिम्मेदाराना बयान- हमारे आफिस में आकर शिकायत करिए तब देखते हैं

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**




जिले के आर्यनगर- बहराइच रोड पर सद्दाम मेडिकल हाल पर खुले आम नशीली दवा की बिक्री हो रही है। नशीली दवा खरीदने वाले के परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक को रंगे हाथ पकड़ा और तुरन्त पुलिस को डायल 112 नंबर पर सूचना दिया लेकिन मौके पर पुलिस के पहुंचने के पहले ही मेडिकल स्टोर का संचालक दुकान बंदकर फरार हो गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

उसी समय परिवार के लोगों ने पुलिस चौकी पर भी सूचना दी। जहां पुलिस ने कहा यह हमारे विभाग का मामला नही है और ये ड्रग विभाग का मामला है इसलिए आप ड्रग इंस्पेक्टर को सूचना दो। तब लोगों ने ड्रग इंस्पेक्टर रजिया बानो को सूचना दिया और सारी बातें बताई और उन्हें वीडियो भी भेजा तब इंस्पेक्टर महोदया ने गैर जिम्मेदाराना बयान दिया की हमारे आफिस में आकर शिकायत करिये तब देखते है। मौके पर कई लोगो से जब पूछा गया तो लोगो ने बताया की ये कोई नई बात नही है यहां ही नही नही कई मेडिकल की दुकानों पर खुलेआम नशा करने वाले कम उम्र के लड़के सुबह होते ही मंहगे दामो में नशीली दवा खरीदते हुऐ देखे जा सकते है क्योंकि इनको यहाँ नशे का टेबलेट व नशे का इंजेक्शन आसानी से मिल जाता है। इस संबंध में लोगो ने बताया की अपने बचत के लिये मेडिकल संचालक कई तरीके का मनगढंत आरोप लगा रहा है जो सब फर्जी है। वहीं पुलिस का कहना है की ये हमारे अधिकार में नही है ये ड्रग इंस्पेक्टर का काम है। ऐसे में ड्रग इंस्पेक्टर के गैर जिम्मेदाराना बयान से यही लगता है की इनकी जानकारी में यह नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। वहीं उमेश प्रताप श्रीवास्तव ने बताया की हमने कई बार आईजीआरएस पर शिकायत किया लेकिन पुलिस चौकी के लोगों ने हमे बिना सूचना दिये ही निस्तारण दिखा दिया जबकी हमारे पास कोई आज तक आया ही नही। जब यह घटना हुई तब भी हमने पुलिस चौकी पर तहरीर दिया और सूचना भी दिया था और कहा कि आप जाँच कर उचित कार्यवाही करें जिससे नशे के कारोबारियों पर लगाम लगाया जा सके,लेकिन यहाँ पुलिस चौकी के लोगो ने पल्ला झाड़ लिया और कुछ नही किया। इससे यही प्रतीत होता है की इनको भी सब पता है और इन्ही के शह पर ये सब हो रहा है। अब देखना है कि क्या नशे के कारोबारियों पर लगाम लगेगी या नही या फिर ऐसे ही लोगो का जीवन खत्म हो जायेगा।

# पत्नी पर चाकू से हमलाकर पति ने खाया जहर

▸ ससुराल पहुंचे युवक ने वारदात को दिया अन्जाम

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के चकापुर गांव में पहुंचे पति ने पत्नी पर चाकू और अन्य धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद खुद जहरीला पदार्थ खा लिया।

दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के तिवारी गांव निवासी गजराज की शादी चकापुर गांव की रहने वाली ऊषा से हुई थी। जगराज की पत्नी मायके गई थी। रविवार को जगराज ने पत्नी को फोन कर घर के लिए तैयार रहने की बात कही, लेकिन पत्नी ने तुरंत जाने से इंकार कर दिया। जिस पर जगराज ससुराल पहुंच गया। उसने सोमवार सुबह किसी बात को लेकर उसका पत्नी से झगड़ा हो गया, इसके बाद उसने उषा पर चाकू और कैंची से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया।पत्नी को जख्मी करने के बाद जगराज ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया है। हालांकि, परिजनों ने दंपत्ति को नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होता देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक शीला यादव का कहना है कि मामले की तहरीर नहीं मिली है, पुलिस ने मौके की जांच की है। शिकायत मिलते ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करेगी।

# ग्रामीण व परिवार के लोगों पर हमला कर किया लहूलुहान

▸ भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत 13 लोगों पर केस दर्ज

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के भौखारा गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर भाजपा मंडल समेत अन्य एक परिवार पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। इससे नाराज गांव के लोगों ने नानपारा बहराइच मार्ग जाम कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत 13 लोगों पर केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा निवासी राज किशोर त्रिपाठी और भाजपा मंडल अध्यक्ष मटेरा कुश शुक्ला के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। थाने में तहरीर देकर राज किशोर का कहना है कि जमीन पर कब्जे को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत डेढ़ दर्जन की संख्या में सोमवार सुबह लोग पहुंचे। सभी ने राज किशोर समेत अन्य पर घर में घुसकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से हमला कर दिया। घर में सामान को फेंकते हुए तोड़फोड़ की। इससे गांव के लोग नाराज हो गए। सभी ने पुलिस पर सह देने का आरोप लगाते हुए नानपारा बहराइच मार्ग जाम कर दिया। इसके बाद पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए।

# सर्राफा व्यवसाई ने ट्रेन से कूदकर दी जान

▸ बेटा बोला, पिता का चल रहा था इलाज, दिमागी संतुलन नही था ठीक

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



कैसरगंज निवासी सर्राफा व्यवसाई बस से जरवल रोड रेलवे फाटक पहुंचे। उन्होंने गोंडा से लखनऊ जाने वाली ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दे। रेलवे पुलिस ने व्यवसाई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कैसरगंज कस्बा निवासी मुनीजर प्रसाद सोनी (75) पुत्र सांवली प्रसाद सर्राफा व्यवसाई थे। मैनेजर प्रसाद सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले। इसके बाद वह रोडवेज बस से जरवल रोड बस स्टॉप पहुंचे। फिर मुनीजर प्रसाद ने गोंडा से लखनऊ जाने वाली मालगाड़ी के आगे रेलवे फाटक संख्या 296 के सामने कूद कर जान दे दी। सुबह आठ बजे हुई घटना की जानकारी एक घंटे बाद पुलिस को मिली तो थानाध्यक्ष बृज प्रसाद, उप निरीक्षक रंजीत भारती, एसआई प्रमोद कुमार, सतीश यादव, सिपाही देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटनास्थल रेलवे पुलिस के क्षेत्र में होने पर बाराबंकी के बुढ़वल आरपीएफ को सूचना दी।मृतक के पास मिले कागजात से पहचान होने पर परिवार को लोगों को सूचना दी गई। बड़े पुत्र राजेश सोनी रोते विलखते मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों ने बताया कि पारिवारिक विवाद में ट्रेन के आगे कूद कर व्यवसाई ने जान दी है।

बेटे का कहना कि पिता का इलाज भी चल रहा था, दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। वहीं रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गोंडा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जन्माष्टमी पर लोगों के लिए आकर्षण केंद्र रहा थाना परिसर विशेश्वरगंज

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** विशेश्वरगंज क्षेत्र में जन्माष्टमी का पर्व कई स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया। थाना परिसर विशेश्वरगंज में आयोजित कार्यक्रम लोगों का आकर्षण बिंदु बना रहा।थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह द्वारा एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई थी, जो पिछले बीस वर्षों में इस थाने पर नही किया था। जन्माष्टमी के मौके पर पुलिस थाने को बड़े ही मोहक ढंग से सजाया गया था। चारों ओर लाल गुलाबी रंगों के फूल और सुंदर शामियानों व विद्युतीय रौशनी से पुलिस थाने का नजारा बेहद खूबसूरत लग रहा था। मंदिर प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम था।

# लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के हरदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत गदामार खुर्द के मेथौरा गांव निवासी एक युवक छह दिन से गायब था। सोमवार सुबह उसका सड़ा गला शव शहतूत के पेड़ से लटकता मिला। फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गदामार खुर्द गांव निवासी मयंकर पुत्र राम धीरज उम्र 26 वर्ष छह दिन से लापता था।सोमवार सुबह उसका शव गन्ने के खेत में लगे शहतूत के पेड़ में लटकता दिखाई पड़ा। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के पिता राम धीरज ने बताया कि 21 अगस्त को बेटा घास छीलने के लिए खुरपा और बोरी लेकर घर से निकला था।देर रात तक जब वापस नहीं आया तो दूसरे दिन हरदी थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।सोमवार सुबह कुछ किसान अपने-अपने खेत को गए तो वहां दुर्गंध आ रही थी। जब लोगों ने जाकर देखा तो एक गन्ने के खेत में लगे शहतूत के पेड़ से लाश लटक रही थी जो की पूरी तरह से सड़ चुकी थी। मौके पर पहुंचे राम धीरज ने मृतक की पहचान बेटे के रूप में की। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी हरदी सुरेश कुमार वर्मा परिजनों व आसपास के लोगों से जानकारी ली।पिता ने बताया कि मेरे लड़के की शादी एक वर्ष पहले थाना फखरपुर के पंडितपुरवा गांव में हुई थी। रक्षाबंधन को लड़का और बहू दोनों ससुराल गए थे और वहां से वापस आए सब कुछ अच्छा-अच्छा चल रहा था। किसी से विवाद नहीं हुआ। थानाध्यक्ष ने परिजनों से मृतक का और उसकी पत्नी का मोबाइल थाने में जमा करवा लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# 23 लाख लोग कर चुके हैं फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर के नूरपुर गांव में आशा कार्यकर्ता आरती देवी ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में अपने सामूहिक प्रयासों से अहम भूमिका निभाई है। इंटर पास आरती देवी, तीन बच्चों की मां हैं और उनके पति अवधेश सैलून का काम करते हैं। आरती ने इस अभियान को एक व्यक्तिगत मिशन बना लिया है और इसे पूरी जिम्मेदारी से निभा रही हैं।

**सहयोगी संस्थाओं ने किया सहयोग :** समझाने के बावजूद भी कुछ परिवार दवा सेवन करने से संकोच कर रहे थे। इसके लिए आरती ने पहले सुपरवाइजर और फिर ब्लॉक अधिकारियों को सूचित किया। जिले से पीसीआई और पाथ संस्था की टीम ने मौके पर जाकर लोगों को समझाया कि मच्छरों से बचाव के साथ-साथ फाइलेरिया की दवा लेना भी जरूरी है, क्योंकि मच्छर कहीं भी काट सकता है।

### सामने ही कराती है दवाओं का सेवन

आरती ने उन परिवारों का भी ध्यान रखा, जिनके सदस्य सुबह काम पर जाते हैं और देर रात लौटते हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों को अपना फोन नंबर दिया, ताकि वे लौटने पर दवा ले सकें। अब तक, दो लोग उन्हें फोन कर चुके हैं, और दो लोग उनके घर आकर दवा खा चुके हैं। आरती सुनिश्चित करती हैं कि हर व्यक्ति उनके सामने ही दवा का सेवन करे। अब तक वह 150 घरों में जाकर दवा खिला चुकी हैं और शेष 71 घरों में 2 सितंबर से पहले जाने का प्लान है।

### फाइलेरिया मरीजों ने भी दिया साथ

गांव के फाइलेरिया मरीज जुबेर ने भी आरती का साथ दिया। जुबेर ने कहा, “मैं तो सालों से इस बीमारी को झेल रहा हूँ। आप लोग दवा सेवन कर लीजिए ताकि आपको यह बीमारी न हो। उनके इस संदेश ने कई लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। हम टीम वर्क की सराहना करते हैं। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सामूहिक प्रयास से ही सफल हो सकता है। अभी तक 23.34 लाख ने फाइलेरिया से बचाव की दवाएं सेवन कर ली हैं , वर्ष 2026 तक इस बीमारी का उन्मूलन सुनिश्चित करने के लिए 2 सितंबर से पहले शेष लोग दवाएं जरूर सेवन कर लें।

**- डॉ संजय कुमार सीएमओ, बहराइच**

# बीस फीट गहरे गड्ढे में डूबकर दो की मौत

**ईंट भट्ठा मालिक के जेसीबी से किए गए अवैध खनन कर निकाली गई मिट्टी से खेत बना बीस फीट गहरा तालाब**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को कस्बा खीरों में थाने और ब्लाक मुख्यालय से लगभग 500 मीटर दूर पर स्थित एक ईंट भट्ठा के पास एक खेत की मिट्टी निकालने से हुए लगभग बीस फीट गहरे गड्ढे में भरे पानी में नहाने गए एक युवक और एक किशोर छात्र की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही कस्बा खीरों में हड़कंप और परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कस्बावासियों के सहयोग से दोनों शवों को गहरे गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

मृतकों के परिजनों के अनुसार जनपद चित्रकूट के मूल निवासी डॉ अवधेश कुमार निषाद अपनी पत्नी नीलम निषाद और दो बेटों आर्यन निषाद उर्फ वैभव निषाद (11) और तेजस्वी निषाद (9) के साथ कस्बा खीरों में रहकर बायफ सेंटर चलाते हैं। कस्बा खीरों के ही एक निजी विद्यालय में बड़ा बेटा आर्यन निषाद कक्षा 8 और छोटा बेटा तेजस्वी निषाद कक्षा 5 के छात्र थे। कस्बा खीरों का ही निवासी कृष्णा शर्मा (18) पुत्र मुकेश कुमार शर्मा इसी विद्यालय के वाहन में कंडक्टर था। कस्बा खीरों में ब्लाक मुख्यालय से और थाने से लगभग 500 मीटर की दूरी पर एक ईंट भट्ठा संचालित है। इसी ईंट भट्ठा के पास ही स्थित एक खेत से भट्ठा मालिक द्वारा ईंट पथाई के लिए अवैध रूप से जेसीबी द्वारा लगभग 20 फीट गहरी मिट्टी निकलवाई गई है।

इसी गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ है। आर्यन निषाद और कृष्णा शर्मा दोनों एक साथ कस्बा खीरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर जगह जगह सजी झांकियों को देखने के लिए घर से लगभग 10 बजे निकले। दोनों को इस गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था और इसी गहरे गड्ढे में नहाने के लिए कूद गए। जिससे दोनों की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। आर्यन निषाद और कृष्णा शर्मा के परिजन खोजबीन करते हुए कस्बा वासियों की निशानदेही पर घटनास्थल पर पहुंचे और गड्ढे के बाहर रखे कपड़े देखकर उन्हें डूबने की आशंका हुई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कस्बावासियों की मदद से इसी गहरे गड्ढे से दोनों के शव बरामद किए। घटना की खबर मिलते ही कस्बे में हड़कंप और परिजनों में कोहराम मच गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# उद्यान मंत्री ने स्मारक स्थल भूमि का किया शिलान्यास

- **स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ग्राम सहगो पश्चिम गांव में शहीद चौधरी सालिग राम चौधरी राम अवतार के स्मारक स्थल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा की इन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्हीं के बलिदान की देन है कि आज हम एक स्वतंत्र वातावरण में रह रहे हैं। यह हम सब का दायित्व है कि उनके दिखाए हुए रास्ते पर चले और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। अवगत कराना है कि ग्राम-सेहगो पश्चिम गांव में रहने वाले चौधरी सालिग राम व चौधरी राम औतार जी ने अपने देश के लिए वर्ष 1921 में शहीद हुये थे। उस यादगार पल के लिए शहीद स्मारक का भूमि पूजन का शिलान्यास दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं अवनीश सिंह पटेल, सदस्य विधान परिषद के कर कमलो द्वारा सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने पौधारोपण कर किसानों को उन्नत बीजों का वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नाले पर बना दुर्गा मां का मंदिर, पूजा करने को विवश हैं भक्त

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- **जमीदार कहते हैं यही पड़ी रहो, पिछले 20 वर्षों से सात पुत्री और दो पुत्रों को लेकर झोपड़ी में जीवन यापन कर रही महिला**

जमींदारी प्रथा खत्म हुए काफी वक्त बीत गया है लेकिन इसका प्रभाव अभी भी देखने को मिल रहा है आजाद भारत में आज भी जमींदारी प्रथा चल रही है इसका जीता जागता उदाहरण है अमावा विकासखंड क्षेत्र का पहरेमऊ ग्राम पंचायत जहां प्रधान तो संविधान का होता है लेकिन प्रधानी वहां के जमींदार ही करते हुए नजर आते हैं।

हर मामले और फैसले में जमीदारों की ही चलती है बाकि जनता जी हजूरी करती हुई दिखाई पड़ती नजर आती है यहां तक की बहुसंख्यक हिंदुओं को भी जमींदारी प्रथा ने इस तरह जकड़ रखा है कि आज तक वह अपना मंदिर शुद्ध जमीन पर नहीं बना पाए और बनाया भी तो नाले पर बनाया और उसमें भी दूसरे धर्म के एक जमींदार का नाम संस्थापक के रुप मे ऊपर रखकर हिंदू धर्म के गाल पर जोरदार थप्पड़ मरा गया है और यह दिखाने के लिए काफी है कि भले आपका मंदिर है लेकिन वह चलेगा हमारे हिसाब से पहरेमऊ ग्राम पंचायत में बहुत जमीन पड़ी हुई है अभी एसडीएम सदर द्वारा ग्राम प्रधान पूर्व आफताब बानो के ऊपर कारवाई भी की गई थी ग्राम प्रधान पूर्व आफताब बानो द्वारा बेशकीमती सरकारी बंजर जमीन पर कब्जा किया जा चुका है। और लगातार कब्जे किए जा रहे हैं लेकिन ऊंची पहुंच और पकड़ के कारण अभी तक इनके ऊपर कोई कार्रवाई होती दिखाई नहीं पड़ रही है एक तरफ सुबे के मुखिया जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं और वह मंदिरों पर विशेष ध्यान देते हैं लेकिन पहरेमऊ ग्राम पंचायत का यह मंदिर शायद भारत में इकलौता मंदिर होगा जो गंदगी के ऊपर बना हुआ है और लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं वहीं दूसरी बात की तरफ हम चलते हैं रामलली पत्नी बेचू लाल निवासी पहरेमऊ 20 वर्षों से इस गांव में रह रही है रामलली ने बताया कि हमारा आवास दो बार आया लेकिन जमीदारों ने काटा दिया जमीदारों ने कहा यहीं पर रहो हमारी बेगार करो और आज तक आवास के लिए हमको भटकना ही पड़ रहा है सात लड़कियां हैं दो लड़के हैं किसी तरह उनका लालन-पालन किया जाता है अब हम घर कैसे बनाएं जब हम उन लोगों से कहते हैं घर बनाने के लिए कहते बनवा लो मेरे पास अगर पैसे होते तो मैं झोपड़ी में रहती लेकिन ।भारत तो आजाद हो गया लेकिन पहरेमऊ के कुछ जमीदारों ने आज भी गुलामी के बेड़ियां वहां की जनता में डाल रखी है।

## कोतवाली में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**महाराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली परिसर में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों द्वारा श्री कृष्ण भगवान के भजन गाकर सुनाए। जिसे सुनकर आए हुए अतिथि मंत्र मुग्ध हो उठे। म्यूजिकल ग्रुप के पवन कुमार और अंजनी पांडे द्वारा गीतों को गाया गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर विशेष प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया।

वहीं कृष्ण जन्माष्टमी में पहुंचे सीओ यादवेंद्र पाल ने कहा महराजगंज कोतवाली की व्यवस्था देखकर मन प्रसन्न हो गया। और आए हुए कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाकर मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर समस्त कोतवाली के जवान सहित सभी होमगार्ड व अन्य लोग मौजूद रहे।

# मालगाड़ी से भिड़ंत के बाद ट्रैक से उतरा इंजन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार की देर रात एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया।

परियोजना में कोयला उतारकर जा रही मालगाड़ी के ट्रैक पर सामने से रेल इंजन आ गया। जिसके कारण हुई भिड़ंत से इंजन ट्रैक को क्षतिग्रस्त करते हुए बाहर हो गया। यह घटना सोमवार की रात करीन दस बजे की बताई जा रही है। हादसा एनटीपीसी के संयंत्र क्षेत्र में स्थित कोल हैंडलिंग प्लांट में हुआ है। सोमवार की शाम को झारखंड प्रांत के कोयला खदानों से एक मालगाड़ी ऊंचाहार परियोजना में कोयले की आपूर्ति लेकर आई थी। रात तक इस मालगाड़ी से कोयले की अनलोडिंग परियोजना के कोल हैंडलिंग प्लांट में होती रही। रात करीब दस बजे यह मालगाड़ी परियोजना से रवाना हुई। मालगाड़ी का इंजन पीछे लगा हुआ था, जिसे आगे अरखा रेलवे स्टेशन पर सीधा होना था। मालगाड़ी जैसे ही परियोजना से रवाना हुई, सामने से उसी ट्रैक पर एक रेल इंजन आ गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता कि मालगाड़ी और रेल इंजन में भिड़ंत हो गई।

जिसमें रेल इंजन पटरी से उतरकर बाहर हो गया और मालगाड़ी उसे धकेलते हुए आगे निकल गई। इस हादसे में इंजन का लोको पायलट और एक अन्य घायल हुए है। उन्हें एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। सूचना पाकर तत्काल रेलवे और एनटीपीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे । इसी के साथ पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया वहां पर सीआईएसएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया है । जहां किसी के भी आवागमन पर रोक लगा दी गई है। इस हादसे में रेल इंजन और रेलवे ट्रैक को काफी क्षति हुई है करीब पचास लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### गलत सिग्नल के कारण हुआ हादसा

एनटीपीसी परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में हुए रेल हादसे का कारण गलत सिग्नल बताया जा रहा है। रेलवे और परियोजना सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस ट्रैक पर एनटीपीसी से मालगाड़ी रवाना हो रही थी, सामने से इसी ट्रैक पर एक रेल इंजन को भी सिंगल देकर रवाना कर दिया गया था। आपस में रेल कर्मचारियों के बीच ठीक से समन्वय ना होने के कारण मालगाड़ी और रेल इंजन एक ट्रैक पर आ गए, जिसके कारण यह हादसा हो गया। घटना स्थल का रेल अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक टीम का भी गठन किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### जिले का मान याद किए गए शहीद उमाशंकर सिंह चौहान



**महाराजगंज, रायबरेली।** पाकिस्तानियों के दांत खट्टे करने वाले एवं भारत माता की तरफ आंख उठाने वाले दुश्मनों की आंख नोचने वाले क्षेत्र के महापुरुष शहीद उमाशंकर सिंह चौहान को ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने दी विनम्र श्रद्धांजलि शहीद उमाशंकर सिंह चौहान के नाम पर शहीद उमाशंकर सिंह जूनियर हाई स्कूल में स्थापित स्मृति स्तंभ पर पहुंचकर ग्राम वासियों ने और प्रधान राजेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य तथा बच्चों के द्वारा उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, काली बख्स सिंह, शिवकुमार सिंह अध्यापक एवं सभी बच्चे मौजूद रहे।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला 29 को

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 29 अगस्त 2024 को रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु आयु 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**महाराजगंज, रायबरेली।** इनवर्टर बैटरी का पानी बदलते समय 20 वर्षीय युवक आया करंट की चपेट में हुई मौत। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शिवम सिंह पुत्र धनंजय उम्र 20 वर्ष अपने मामा के घर कुबना महाराजगंज में आया हुआ था। मामा के यहां इनवर्टर बैटरी का पानी बदलते समय शिवम करंट की चपेट में आ गया आनन फानन में परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर रहे डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि युवक की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अपने मामा के गांव कुबना आया हुआ था। जहां करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

### स्वरोजगार के लिए टूल-किट वितरण योजना का लें लाभ

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन ने जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विगत वर्ष की भांति वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी टूल-किट्स वितरण योजना अंतर्गत पापकार्न मेकिंग मशीन (भुर्जी समाज के कारीगर / उद्योग में रूचि रखने वाले) शिक्षित बेरोजगार महिला/पुरुष अभ्यर्थियों को इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा टूल किट्स उपलब्ध कराया जाना है। जिसमें भुर्जी समाज के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के परम्परागत कारीगर जो स्वरोजगार में रूचि रखते हैं ऐसे शिक्षित बेरोजगार महिला/पुरूष अभ्यर्थियों को उप्र सरकार द्वारा निःशुल्क टूल किट्स उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गयीं है।

# हर्षोल्लास संग मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

उतरौला बाजार में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर भक्तों ने अपने-अपने मंदिरों से शोभायात्राएं निकालकर पूरे नगर में धार्मिक माहौल बना दिया। इन शोभायात्राओं में भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण के भजन गाते हुए, मृदंग और ढोल की धुनों पर नृत्य करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। शोभायात्रा में भगवान की झांकियां भी सजाई गईं, जिनमें श्री कृष्ण के बाल रूप से लेकर माखन चोर के रूप तक के दृश्य प्रदर्शित किए गए। इन झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण श्री दुखहरण नाथ मंदिर रहा, जहां ठाकुर महाराज के मंदिर से सालिक ग्राम भगवान को लाकर नगर के अन्य मंदिरों में स्थापित किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पूजा अर्चना के साथ परिवार के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं ने अपने व्रत खोले। रविवार को सादुल्लानगर क्षेत्र के थाना सादुल्लानगर सहित विभिन्न गांव अचलपुर चौधरी, मददोभट्ठा, घासीपोखरा, बिशनपुर खरहना ,रानीपुर ,फिरोजपुर, जिगनी रहमतपुर ,जाफरपुर, सरायखास, मीरपुर ,रामपुर अरना,गूमाफातिमा जोत में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। लोगों ने व्रत रखे और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भक्तों ने श्री कृष्ण का गुणगान किया। मंदिरों को रंगीन झालरों से सजाया गया था। भगवान श्री कृष्ण एवं अन्य देवताओं की प्रतिमाओं को गंगा जमुना के पवित्र जल ,दूध ,दही एवं शहद आदि से विधान पूर्वक अभिषेतित कर स्वच्छ परिधान पहनाएं गए। महिलाओं ने अपने बच्चों को राधा रानी एवं नटखट कान्हा के प्रति रूप में पीतांबर परिधान मुकुट, माला आदि पहना कर सजाए। राधा और कृष्ण के बाल स्वरूप की वेशभूषा में अपने बच्चों को देखकर माताएं प्रफुल्लित हुई।

### अपनी पसंदीदा जगह पर पहुंचे चोरों ने माल किया पार

**महराजगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 15 दिनों में दो बार चोरों ने बनाया प्राथमिक विद्यालय चदांपुर को निशाना लगातार घट रही है चोरी की घटनाएं कोतवाली पुलिस खुलासा करने में हो रही है नाकाम प्राथमिक विद्यालय चांदपुर में बीती रात प्रधानाध्यापक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रधानाध्यापक की कक्ष की दीवार को तोड़कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया वहां पर रखे सीलिंग पंखा तीन बड़ा ब्लूटूथ स्पीकर एक पीस सपोर्ट किट एक पीस बर्निंग कॉर्नर सामान 8 पीस आउट ऑफ स्कूल किट2 पीस दिव्यांग किट एक सेट सहित काफी संख्या में सामान पार कर दिया लगभग 20 से 25000 रुपए की चोरी की गई है।

### सोमनाथ मंदिर में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत पौराणिक सोमनाथ मंदिर पर परंपरागत मनाए जाने वाला श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें भगवान की झांकी सजाई गई है जिसका शुभारंभ महंत जितेन्द्र वन ने मंत्रोचारण से साथ किया।



## सहेली फाउंडेशन ने किया नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का आयोजन

**बलरामपुर।** विगत 25 अगस्त को नवाबों के शहर लखनऊ के प्रसिद्ध गोल्डेन ब्लॉसम रिसोर्ट में सहेली फाउंडेशन द्वारा एक नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अमीषा पटेल थीं। इस समारोह में बलरामपुर की ब्यूटीशियन एवं नियमित रक्तदानी पूजा गुप्ता को उनके कार्यों के लिए सुश्री अमीषा पटेल द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करके पूजा गुप्ता ने बताया कि यह सम्मान उनके द्वारा अपने ब्यूटी पार्लर में अनेक बालिकाओं को इस विधा में पारंगत करने एवं लगातार रक्तदान करने के लिए दिया गया है। अवार्ड प्राप्त करके खुशी तो बहुत हुई, साथ ही जिम्मेदारी बढ़ने का अहसास भी हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**

**मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड चैसार**

प्रस्तावित समिति मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड चैसार के समस्त मछुआ समुदाय मत्स्य आखेटक एवं समस्त सम्मानित ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायत की एक बैठक पूर्व सूचनानुसार आज 24.8.2024 को दिन के 12:00 बजे समिति कार्यालय चैसार पर बुलाई गई ।कोरम पूर्ण रहा पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई एवं चसकी पुष्टि की गई तथा आज की बैठक के बारे में अवगत कराया गया।

**अनीता**
**मुख्य प्रवर्तक**
**मत्स्य जीवी सहकारी लिमिटेड चैसार**
**विकासखंड पयागपुर, बहराइच**

**विशेष रेलगाड़ी – 2024**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एवं अयोध्या छावनी स्टेशनों के बीच विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी:–

**01019/01020 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस – अयोध्या छावनी – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 01019 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01020 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 08:15 | ---- |
| 04:30 | 04:40 | लखनऊ | 02:45 | 02:55 |
| 09:30 | ---- | अयोध्या छावनी | ---- | 23:40 |

**चलने के दिन:** 01019 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 29.08.2024 को तथा 01020 अयोध्या छावनी से दिनांक 31.08.2024 को।

**ठहराव:** कल्याण जं., इगतपुरी, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल एवं लखनऊ स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2661/2024

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-950/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 27.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 03.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.09.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत 04 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य | 2600.00 | 200 | 07 दिवस |
| | 1. विवेकानंन्दपुरी वार्ड के अन्तर्गत म.नं. सी-22 के पार्क के सामने | | | |
| | 2. महानगर वार्ड के अन्तर्गत रहीम नगर में स्व. गुंजन अहमद के घर के पास | | | |
| | 3. महानगर वाड्ढ के अन्तर्गत रहीम नगर में पुरानी बस्ती में प्रकाशेश्वरी मन्दिर के पास | | | |
| | 4. महानगर वार्ड के अन्तर्गत रहीम नगर कहारन टोला में म.न.529क/78 | | | |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# 5 सितम्बर को होने वाले धरना-प्रदर्शन पर शिक्षा मित्र संगठनों ने की बैठक

**मांगों के पूरा न होने तक शिक्षामित्रों ने 12 माह के सम्मानजनक मानदेय की भी मांग की**

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को उतरौला में दो प्रमुख शिक्षामित्रों संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त बैठक कर आगामी 5 सितंबर को लखनऊ के ईको गार्डन में होने वाले धरनाप्रदर्शन को सफल बनाने के लिए चर्चा किया।

बैठक में लखनऊ में शिक्षक दिवस पर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई। संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष मोजिज अब्बास व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार यदि शिक्षामित्रों की प्रमुख मांगें पूरी नहीं की तो संयुक्त मोर्चा 6 सितंबर से शिक्षा निदेशालय लखनऊ में अनवरत धरना देंगे। शिक्षामित्रों की दो मुख्य मांगें हैं प्रशिक्षित वेतनमान या उत्तराखंड मॉडल के तहत वेतन और समायोजन उन शिक्षकों का जो अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। इन मांगों के पूरा न होने तक शिक्षामित्रों ने 12 माह का सम्मानजनक मानदेय की भी मांग की है। नान बाबू व अरविंद यादव ने कहा कि इस बार जिले से सैकड़ों शिक्षामित्र लखनऊ रवाना होंगे। क्योंकि इस महंगाई के दौर में 10 हजार मानदेय पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों के समक्ष तमाम कठिनाइयां उत्पन्न हो रहीं हैं। बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की भांति कार्य करने के बाद भी अल्प मानदेय दिया जा रहा है। हम लोगों को ईएल, चिकित्सा अवकाश, प्रसूता अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। इसलिए लंबे समय पर अवकाश लेने पर मानदेय में कटौती की जा रही है। सभी शिक्षामित्र से आवाहन किया कि हम सब एकजुट होकर लखनऊ के धरने के लिए जिले से भारी संख्या में प्रतिभाग करें। सरकार को समय रहते हमारी जायज मांगों को शीघ्र पूरा करना चाहिए, तभी सबका साथ सबका विकास का नारा सफल होगा। बैठक में जाहिदा बेगम, मोहम्मद अय्यूब, अंजनी तिवारी, खेसाल सिद्दीकी, छठ्ठीराम, विमलेश कुमार, मोहम्मद नसीम, अनिल वर्मा, फूलचंद, अंबिका वर्मा, समेत शिक्षामित्र संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आर्थिक सुरक्षा का संबल एकीकृत पेंशन स्कीम

आखिरकार केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के पेंशन के मुद्दे को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए इस उलझन को दूर करने का प्रयास किया है। उसने पुरानी पेंशन और एनपीएस के बीच का रास्ता निकाल जहां कर्मचारियों के हितों को तरजीह दी है, वहीं राजकोषीय दबाव को भी कम किया है। निस्संदेह, हाल में घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम से कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा को संबल मिलेगा। जिसमें एक निश्चित पेंशन, फैमिली पेंशन का आश्वासन तथा मुद्रास्फीति के दबाव से राहत का प्रयास सम्मिलित है। इस योजना में सेवानिवृत्ति से पहले वर्ष में बारह माह के औसत मूल वेतन का पचास फीसदी पेंशन के रूप में मिलेगा। जिसमें कर्मचारी का योगदान तो दस फीसदी ही रहेगा, लेकिन सरकार का योगदान 14 फीसदी से बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह लाभ 25 साल की सेवा के बाद मिलेगा, लेकिन दस साल की सेवा वाले व्यक्ति को भी दस हजार पेंशन का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, इस निर्णय के राजनीतिक निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह घोषणा ऐसे वक्त में की गई है जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में चुनाव कार्यक्रम घोषित है और साल के अंत तक महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव होने हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में विपक्षी दलों ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की मांग को हवा देते हुए इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया था। कहा गया कि हिमाचल प्रदेश में आये जनादेश का एक बड़ा कारण पुरानी पेंशन का मुद्दा था। हालांकि, राजस्थान व पंजाब आदि राज्यों में यह मुद्दा वैसा प्रभावी नजर नहीं आया। निस्संदेह, मुद्दा लोकलुभावन तो था लेकिन पुरानी पेंशन को लागू करने से भारी वित्तीय दबाव बढ़ने की चिंता जतायी गई। तभी बीते साल आरबीआई ने ओपीएस के विकल्प का चयन करने वाले राज्यों पर बढ़ने वाले आर्थिक दबाव पर चिंता जतायी थी। निस्संदेह, इससे सरकारों का राजकोषीय घाटा निरंतर बढ़ने का भी खतरा था। जिसके चलते इस योजना को वर्ष 2004 में समाप्त किया गया था। फिर उसी राह पर लौटना व्यावहारिक भी नहीं था। दरअसल, राजग सरकार का कहना है कि एकीकृत पेंशन योजना वित्तीय अनुशासन के अनुरूप है, जो कि सरकार द्वारा वित्तीय सहायता के साथ कर्मियों के अंशदान से मूर्त रूप लेती है। जिससे जहां एक ओर सेवानिवृत्ति के बाद कर्मियों को वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी, वहीं राजकोषीय विवेक में भी संतुलन बन सकेगा। दरअसल, विपक्षी दलों द्वारा पुरानी पेंशन को मुद्दा बनाने के बाद केंद्र सरकार ने इसके विकल्प पर गंभीरता से विचार किया। फिर अप्रैल 2023 में तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की प्रधानी में बनी कमेटी ने चिंतन-मनन के उपरांत जो सिफारिश सरकार को सौंपी, बीते शनिवार मोदी सरकार के मंत्रिमंडल ने उसे हरी झंडी दिखा दी। बहरहाल, यह लोकतंत्र की खूबसूरती कही जा सकती है कि जन दबाव में सरकार को बड़ा फैसला लेना पड़ा है। निस्संदेह, पूरा जीवन राजकीय सेवा में लगाने वाला कर्मचारी रिटायर होने के बाद आर्थिक असुरक्षा में घिर जाता है। वह भी तब जब देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं नगण्य हैं। सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सीमित होने, बढ़ती उम्र की बीमारियों के दबाव तथा बच्चों की अनदेखी के चलते पूर्व कर्मियों को उपेक्षित जीवन जीने को बाध्य होना पड़ता है। यही वजह है कि देश में एकीकृत पेंशन योजना को सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। विपक्षी दल भी विरोध करने के बजाय कह रहे हैं कि उनकी मुहिम से ही यह पेंशन योजना अस्तित्व में आयी। यह सुखद ही है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिये कर्मचारी हित में सकारात्मक बदलाव संभव हुआ।

# मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे!

डॉ. आर.के. सिन्हा

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तसल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्स उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्सें ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं। अंग्रेज नर्स 'फ्लोरेंस नाइटिंगल' विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्सें किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अकसर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमेरिका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट-ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं।



**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्स उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है।**

फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमेरिका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्सें हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं। अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4×400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं।

अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं। अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्सें आ रही हैं। खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तराखंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश , मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सेलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्सें देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी। भारत की सबसे बड़ी लग्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरविन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लग्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी। भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है। आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसलिए यह परम आवश्यक है कि नर्सों के चेहरों पर मुस्कान बनाए रखने के लिए सरकार और समाज इनके हितों को देखे।

## विचार

# बीएसएनएल 4जी का अगले साल मार्च तक लागू होना संभव

रवींद्र नाथ सिन्हा

केंन्द्रीय दूरसंचार विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में संकटग्रस्त सार्वजनिक उपक्रम, गैर-सूचीबद्ध बीएसएनएल के लिए एकमात्र अच्छी बात यह है कि कस्बों और मध्यम आकार के शहरों में रहने वाले अनेक उपयोगकर्ता ट्राई की मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) योजना के तहत अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से इसमें पोर्ट कर रहे हैं, इसके बावजूद कि 4जी सुविधा टुकड़ों-टुकड़ों में लॉन्च की जा रही है। पिछले 18 महीनों में दूरसंचार विभाग और कंपनी के शीर्ष अधिकारियों द्वारा नयी दिल्ली में आंतरिक बैठकों में बीएसएनएल के 4जी को पूरे भारत में लॉन्च करने की कई तारीखों का उल्लेख किया गया है, लेकिन वे नेक इरादे ही साबित हुए।




आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त संकेतों और ट्रेड यूनियनों के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दूरसंचार विभाग दिसंबर के अंत तक बीएसएनएल के 4जी को लॉन्च करने के लिए उत्सुक है। यदि एक बार फिर लक्ष्य चूक जाता है, तो दूरसंचार विभाग अगले कार्यक्रम को मार्च में शुरू करने पर अड़ा हुआ है। बीएसएनएल मुख्यालय को यह संदेश दे दिया गया है। इसका एक अर्थ यह है कि बीएसएनएल को मुख्य विक्रेता, टाटा समूह की आईटी दिग्गज टीसीएस द्वारा कार्यान्वयन की गति के बारे में अतिरिक्त सतर्क रहना होगा, जो सॉफ्टवेयर पक्ष की देखभाल कर रही है। टीसीएस द्वारा नियंत्रित तेजस नेटवर्क हार्डवेयर के लिए जिम्मेदार है, जिसे एक लाख साइटों में नवीनतम 4जी-5जी रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) की आपूर्ति करना है। दूरसंचार विभाग द्वारा प्रशासित आईटीआई भी काफी हद तक इसमें शामिल है, जिसकी जिम्मेदारियों में इंजीनियरिंग, वार्षिक रखरखाव और आरएएन की कुल आवश्यकता (पश्चिम क्षेत्र के लिए) के 20 प्रतिशत से अधिक की आपूर्ति शामिल है। दूरसंचार विभाग की शाखा सी-डॉट सर्किट-स्विच्ड (सीएस) कोर का प्रभारी है, जो कुछ विरासत प्रणालियों और सभी विशेष अनुप्रयोगों का ख्याल रखता है। इस समय सबसे प्रासंगिक प्रश्न यह है कि क्या अगले सात महीनों में अखिल भारतीय 4जी लॉन्च पर्याप्त गति प्राप्त करेगी ताकि यह वित्तीय रूप से आरामदायक स्थिति में आ सके, विशेषकर दिसंबर के अंत और अगले मार्च के निर्धारित समय सारिणी को ध्यान में रखते हुए? मुख्यतः तब जबकि अन्य तीन टेलिफोन सेवा प्रदाताओं- रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन, आइडिया-से बीएसएनएल में पोर्टिंग हो रही है। कुछ सकारात्मक बातें हैं जो इस सरकारी कंपनी की मदद कर सकती हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण इसकी टैरिफ रणनीति होगी जो हमेशा की तरह तर्कसंगत, सस्ती और उपयोगकर्ता-प्रेरित होने की उम्मीद है, भले ही इसका लक्ष्य केंद्र के व्यापक संभव कवरेज के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सबसे दूर के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचना हो।

एक प्रमुख तत्व आधारभूत टैरिफ निर्धारण होगा। यह दर कम आय वाले उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। लाभ के लिए, यह इंटरनेट और अन्य प्रौद्योगिकी-गहन सेवाओं पर भरोसा कर सकता है। जिसका अर्थ है कि यह अन्य सेवा प्रदाताओं के माध्यम से आधारभूत उपयोगकर्ता मूल्य तय करने में उदार हो सकता है। रिलायंस जियो, एयरटेल और वीआई द्वारा 3-4 जुलाई से 10 से 25 प्रतिशत से अधिक की टैरिफ वृद्धि ने उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया को जन्म दिया और बीएसएनएल ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि तब से अब तक 2.5 लाख से अधिक उपयोगकर्ता बीएसएनएल के 4जी में स्थानांतरित हो चुके हैं। 2021 के अंत से परियोजना कार्यान्वयनकर्ताओं द्वारा व्यवस्थित तरीके से काम शुरू किये जाने के बाद जैसे-जैसे टुकड़ों में लॉन्च ने गति पकड़ी, 2023 के अंत में लगभग आठ लाख ग्राहक इसमें शामिल हो गये।

सीटू से संबद्ध बीएसएनएल कर्मचारी संघ के महासचिव पेरुमल अभिमन्यु के अनुसार, यदि एमएनपी के तहत पोर्टिंग और नये ग्राहक जोड़ने को एक साथ माना जाता है, तो इस पीएसयू ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में लगभग 25 लाख उपयोगकर्ता प्राप्त किये हैं। अभिमन्यु ने संवाद को बताया, आखिरकार कुछ अच्छा हो रहा है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से सम्बद्ध भारतीय दूरसंचार कर्मचारी संघ के महासचिव आर सी पांडे ने संवाद को बताया कि एक लाख बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित करने के लक्ष्य पर काम में तेजी आने से आखिरकार परिणाम सामने आ रहे हैं। इस संदर्भ में, उत्पल घोष दस्तीदार, जो यहां लंबे समय से बीएमएसटीयू शाखा से जुड़े हुए हैं, ने इस संवाददाता को एक दिलचस्प बात बताई कि पर्यटक हमेशा बीएसएनएलसिम (ग्राहक पहचान मॉड्यूल) रखना पसंद करते हैं, भले ही वह दूसरे एक्सेस फैसिलिटेटर के रूप में ही क्यों न हो, क्योंकि दूरदराज के इलाकों में भी बीएसएनएल टावर उपलब्ध हैं।

घोष दस्तीदार ने कहा कि पर्यटन अर्थव्यवस्था का एक बढ़ता हुआ क्षेत्र है और बीएसएनएल संचार यातायात में वृद्धि का एक हिस्सा हासिल करने की उम्मीद कर सकता है। लेकिन, दूरसंचार हलकों में आम राय है कि कुछ अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद, एकमात्र पीएसयू सेवा प्रदाता के लिए यह लंबी अवधि की यात्रा होगी क्योंकि पिछले 8-10 वर्षों में गिरावट इतनी तेज रही है कि अगले तीन-चार वर्षों में दूरसंचार कंपनियों के बीच तीसरा स्थान हासिल करना भी इस समय मुश्किल लग रहा है। वर्तमान में, बाजार हिस्सेदारी के मामले में बीएसएनएल रिलायंस जियो, एयरटेल और वीआई के बाद चौथे स्थान पर है। यूनियन सूत्रों का मानना है कि अगर यह तीन-चार साल की समय-सीमा में मौजूदा आठ प्रतिशत से 15प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी हासिल कर लेता है तो यह एक उपलब्धि होगी।


# दो युद्धों के बीच विश्वशांति में भारत की भूमिका

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल में संपन्न यूक्रेन दौरे के बाद दुनिया भर में इस बात की चर्चा तेज हो गई कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति कायम करने में क्या भारत की अहम भूमिका होगी। दरअसल यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदीमीर जेलेंस्की ने दूसरे शांति सम्मेलन की मेजबानी करने का प्रस्ताव भारत के सामने रखा है। हालांकि इस खबर के फौरन बाद एक दूसरी खबर आई कि यूक्रेन ने रूस के सरातोव शहर में एक 38 मंजिला रिहायशी इमारत पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले के वीडियो ने 11 सितंबर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले की भयावह यादें ताजा कर दीं।

गनीमत यह है कि अब तक सरातोव पर हुए हमले में जान-माल के ज्यादा नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन जिस तरह से यह हमला हुआ, वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति की संभावनाओं को और धूमिल कर रहा है। क्योंकि रूस इस हमले के बाद शायद ही शांत बैठे। रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध में पश्चिमी शक्तियों की सक्रिय भागीदारी है। अमेरिका, ब्रिटेन आदि देश खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। जबकि भारत ने अपने पुराने मित्र रूस को ही यूक्रेन पर तरजीह दी है। 2023 के जी-20 सम्मेलन में यूक्रेन को आमंत्रित नहीं किया गया था, पिछले महीने जुलाई में यूएनजीए में यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों को रोकने के लिए वोटिंग से भारत ने दूरी बनाई। 2022 में सुरक्षा परिषद में यूक्रेनी इलाकों पर रूस के कब्जे और जनमत संग्रह के खिलाफ पारित प्रस्ताव से भी भारत दूर ही रहा था।

पश्चिमी देशों और यूक्रेन की आपत्तियों के बावजूद रूस से तेल का आयात भारत ने जारी रखा है। ऐसे तमाम उदाहरण यह बताते हैं कि भारत और रूस की मित्रता पहले की तरह बनी हुई है और इस दौरान अगर भारत यूक्रेन के जख्मों पर भी मलहम लगा रहा है, तो इसका अर्थ यही है कि भारत हर हाल में विश्व शांति चाहता है। यूक्रेन भी शांति की बात करता है, लेकिन कीव की शर्तों पर, वहीं रूस भी किसी कीमत पर पीछे हटने तैयार नहीं है। यूक्रेन ने पहला शांति सम्मेलन स्विट्जरलैंड में किया था, जिसमें करीब 90 देशों ने भागीदारी की थी, लेकिन चीन इससे दूर रहा था। अब दूसरे सम्मेलन के लिए भारत के अलावा तुर्किए, सऊदी अरब, कतर और स्विट्जरलैंड से भी चर्चा चल रही है। शांति सम्मेलन इनमें से किसी भी देश में हो, महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें भारत अब किस तरह की भूमिका निभा सकता है और क्या इससे दो सालों से चल रहे युद्ध पर विराम लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यूक्रेन यात्रा में भारत की विदेश नीति के अनुरूप विश्वशांति पर ही जोर दिया है, इससे पहले जुलाई के दूसरे हफ्ते में जब प्रधानमंत्री मोदी रूस गए थे, तब भी वहां उन्होंने यही कहा था कि युद्ध की जगह वार्ताओं से समाधान निकाले जाने की जरूरत है। हालांकि तब रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को गले लगाने पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता (मोदी) का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी (पुतिन) को गले लगाना दिल तोड़ने वाला है।

44 दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की को भी गले लगाया। हालांकि पुतिन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, क्योंकि रूस भी भारत की गुटनिरपेक्ष नीति को समझता है। रूस और यूक्रेन के अलावा फिलीस्तीन पर इजरायल के हमलों से भी विश्व शांति तार-तार हुई है। हमास के खात्मे के नाम पर इजरायल ने फिलीस्तीन में नरसंहार किया है और यह खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है, ऐसे में अब भारत के लिए कड़े फैसले लेने का वक्त आ गया है। इजरायल के साथ भारत के आर्थिक-सामरिक संबंध रहे हैं। लेकिन पिछले दिनों इजरायल के पूर्व राजदूत डेनियल कार्मन ने दावा किया था कि हमास से युद्ध के दौरान भारत, इजरायल को शायद इसलिए हथियारों की सप्लाई कर रहा है।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# जाटलैंड में श्वेता के जरिये कांग्रेस को विनेश से आस

डॉ. रमेश ठाकुर

कुश्ती का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चर्चाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा।

श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित-भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है। श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चर्चाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह-तरह के लोभ-लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है।



**श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित-भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है। श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चर्चाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह-तरह के लोभ-लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी।**

खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरुआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। सूत्र बताते हैं, विनेश कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। श्वेता मिर्धा, अपने पति दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के साथ विनेश के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर लंबी मुलाकात कर चुकी हैं। मुलाकात के बाद संकेत मिले हैं कि अब विनेश हरियाणा विधानसभा चुनाव में कूदेंगी। चुनावी पंडित इस प्रकरण के बाद कयास लगाने लगे हैं कि अब मौजूदा चुनाव और दिलचस्प हो जाएगा, क्योंकि विनेश फोगाट चुनावी मैदान में अपनी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबीता फोगाट से ही दो-दो हाथ करेंगी। गौरतलब है कि हरियाणा में कुल 90 सीटें हैं जिनमें पिछले चुनाव में भाजपा ने मनोहर लाल की अगुवाई में 41 सीटें जीतकर जेजेपी के जीते 10 विधायकों का साथ लेकर सरकार बनाई थी। तब कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थीं। दूसरे नंबर की पार्टी बनकर विपक्ष में बैठी थी। इस बार मनोहर लाल नहीं हैं, नायब सिंह सैनी हैं। अगले मुख्यमंत्री का चेहरा वही होंगे या नहीं? ये भी अभी निश्चित नहीं है। जहां तक विनेश के दबदबे की बात है तो 20 से 25 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पहलवानों का अच्छा दबदबा है। इसलिए कांग्रेस विनेश फोगाट पर लगातार डोरे डाल रही हैं। निश्चित रूप से अगर वो आती हैं तो उनके साथ उनके कई साथी पहलवान भी कांग्रेस का दामन थाम कर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। जब से बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनेश का प्रकरण शुरू हुआ है, तभी से हरियाणा की खाप पंचायतें और जाट आबादी ने दूरी बनाई हुई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# भैंस चराने गए किसान की तालाब में डूबकर मौत

## किसान को तालाब से बाहर न निकलता देख परिजनों और पुलिस ने किया रेस्क्यू



**महोबा,समृद्धि न्यूज।**

भैंस चराने गए बुजुर्ग किसान की तालाब में डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। बुजुर्ग किसान भैंस चराने जंगल में गया था तभी भैंस तालाब में घुस गई जिसे बाहर निकालने के चक्कर में किसान तालाब में उतरा था और उसी में डूब कर उसकी मौत हो गई। किसान को तालाब से बाहर न निकलता देख स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों और पुलिस द्वारा रेस्क्यू किया गया लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका आज सुबह करीब 17 घंटे बाद उसका शव तालाब में उतराता मिलने से हड़कम्प मच गया पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। दरअसल घटना कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के बड़ा तालाब की है जहां कस्बा के मोहल्ला नजर बाग निवासी 70 वर्षीय चरवाहा मूरत सिंह यादव भैंसों को चराने के लिए जंगल की तरफ ले गया था तभी खेतों में घुसी भैंस को बाहर निकालने के लिए मूरत सिंह तालाब में उतरा था जिसके बाद वह बाहर नहीं निकल सका। चरवाहे को तालाब में डूबता देख स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजनों और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया लेकिन घन्टों की कड़ी मशक्कत के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका देर रात अंधेरा और बारिश होने के चलते पुलिस द्वारा रेस्क्यू बंद करके सुबह फिर रेस्क्यू किया गया जिसके बाद उसका शव तालाब में उतराता हुआ मिलने से हड़कम्प मच गया वृद्ध की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तो वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### भैसो की खोज में निकले युवक पर की हवाई फायरिंग

**राठ,हमीरपुर।** नाव से नदी पार करके भैंसों को खोजने जा रहे दो युवकों पर मछली ठेकेदार ने हवाई फायरिंग कर दी। युवकों ठेकेदार पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीडित ने पुलिस से शिकायत की है।।कोतवाली के गोहानी गांव निवासी प्रहलाद ने बताया कि सोमवार को वह गांव के बल्लू पुत्र संतराम के साथ नदी किनारे भैंसों को चरा रहा था। तभी उनकी भैंसें नदी के उस पार चली गई। वह भैंसों को ढूंढने के लिए नाव से नदी पार करने लगे। तभी बीच नदी में मछली ठेकेदार महेंद्र पुत्र मंगलए कल्लू पुत्र मानसिंह स्लीमर से नदी में चले आ रहे थे। दोनों ने उन्हें नदी में रोक लिया। गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। महेन्द्र ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। जिससे नाव अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। जिससे वह बाल बाल बच गए। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# कान्हा के जन्मोत्सव पर कृष्णमय हुआ कस्बा

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**



कान्हा के जन्मोत्सव पर सोमवार की रात कस्बा कृष्णमय नजर आया। मध्य रात्रि तक घर घर नंदलाल की पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। बाल गोपाल की विग्रह मूर्तियों का दूध, दही और पंचामृत से स्नान कराया गया। गुड़, पंजीरी व हलवा के साथ भिन्न भिन्न मिठाइयां, फल और पकवान लीलाधर को भोग स्वरूप अर्पित किए गए। माताओं बहनों ने सोहरे और बधाई गीत गाकर भगवान के आगमन की प्रसन्नता व्यक्त की। जगह जगह रासलीला और झांकियों के जरिए श्री हरी विष्णु के द्वारकाधीश अवतार को प्रदर्शित किया गया। नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.... के हर्षित गान से वातावरण भक्तिमय होता रहा। इसी क्रम में अर्धरात्रि से ठीक पहले नगर के तिवारीपुरा मंदिर से कोतवाली तक भगवान की मनमोहक झांकी निकाली गई। जिसमें पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाओं और लड़कियों ने भाग लिया। शोभायात्रा में ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने वासुदेव बनकर योगेश्वर भगवान के बाल स्वरूप विग्रह को सिर पर धारण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों की नंगे पैर संपन्न हुई इस यात्रा को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। भरी बारिश के बीच प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे द्वारा शोभायात्रा की आगवानी की गई।

इसके बाद घड़ी का कांटा जैसे ही 12 के अंक पर पहुंचा, समूचा थाना प्रांगण यशोदा नंदन के जयकारों से गुंजायमान हो गया। आतिशबाजी के बीच घंटा घड़ियाड़ के सुर भक्तों को आनंदित करते रहे।

# महोबा की शिक्षिका को झांसी में मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान



**महोबा,समृद्धि न्यूज।**

झाँसी के राजकीय संग्रहालय में महेन्द्र तिवारी फाउंडेशन द्वारा देश भर के 50 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अंचल सिंह व मृत्युंजय के अनुसार विद्यालय मे टीएलएम व नवाचार आधारित शिक्षण पर कार्य करने वाले देश के 500 शिक्षकों के आवेदन प्राप्त हुए थे। साक्षात्कार के आधार पर 50 शिक्षकों का चयन हुआ। आल्हा ऊदल की नगरी से श्रीमती सोनम ने पुरस्कार प्राप्त कर जनपद महोबा का मान बढ़ाया। कार्यक्रम मे दैनिक जागरण के संपादक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी झाँसी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।

# बुंदेली समाज ने की आल्हा-ऊदल संग्रहालय बनाने की मांग

> ऊदल चौक पहुंचकर बुंदेलों ने स्मारक पर की पुष्पांजलि और सुनाएं वीरता के किस्से

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**




कृष्ण जन्माष्टमी पर जन्मे वीर ऊदल का जन्मोत्सव आज बुंदेलों ने धूमधाम से मनाया। उन्होंने ऊदल चौक पहुंचकर उनके स्मारक पर पुष्पांजलि की एवं ऊदल व उनके बड़े भाई आल्हा की वीरता के किस्से सुनाये।

बुंदेली समाज ने प्रशासन से महोबा में उनके नाम से ऐसा संग्रहालय बनाने की मांग की जिसमें आल्हा ऊदल के जन्म से लेकर 12वीं शताब्दी की उन सभी 52 लड़ाइयों का सचित्र विवरण एक साथ उपलब्ध हो जो उन्होंने जीतकर चंदेल साम्राज्य को बढ़ाया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि इस समय महोबा की कीर्ति सागर झील के तट पर बुंदेलखंड का ऐतिहासिक कजली महोत्सव चल रहा है जिसे देखने हजारों लोग रोज यहां आ रहे हैं लेकिन उनको आल्हा ऊदल की वीर गाथाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। यहां उनके जीवन पर आधारित एक संग्रहालय होना चाहिए। यहां लंबे समय से ऐसे संग्रहालय की मांग चल रही है।महामंत्री डा. अजय बरसैंया ने कहा कि ऊदल का जन्म कृष्ण जन्माष्टमी को महोबा से 10 किलोमीटर दूर दशपुरवा गांव में राजा परमाल के सेनापति दक्षराज व माता देवला के आंगन में हुआ था जबकि ऊदल के बड़े भाई वीर आल्हा का जन्म ज्येष्ठ दशहरा को हुआ लेकिन ऊदल जब गर्भ में थे, मांड़ोगढ़ के राजा करिया ने उनके पिता दक्षराज व चाचा बक्षराज की हत्या कर दी। इस दुखद घटना से आहत माता देवला ने ऊदल के जन्म पर खुशियां नहीं मनाई। बाद में राजा परमाल ने आल्हा ऊदल को पाला। दशपुरवा का नाम भी अब दिसरापुर हो गया। वहां अब आल्हा ऊदल की सब निशानियां मिट चुकी हैं।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन ने कहा कि ऊदल की शादी नरवरगढ़ की राजकुमारी फुलवा से हुई और 1182 में कीरत सागर के तट पर पृथ्वीराज चौहान की सेना पर विजय ने आल्हा ऊदल की वीरता के किस्से जन-जन तक पहुंचा दिये। इस मौके पर डा. देवेन्द्र पुरवार, अवधेश गुप्ता, प्रवीण चौरसिया, मनीष जैदका, गया प्रसाद, संजय अग्रवाल, सत्येन्द्र गुप्ता, गौरव शर्मा, पंकज पुरवार, नरेन्द्र मिश्रा व रमेश पाटकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# चित्रकूट धाम यात्रा के लिए पैदल यात्रियों का मेला रवाना

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**



प्रति वर्ष की भांति इस बर्ष भी कस्बा पनवाड़ी के सुभाष नगर मोहल्ला से चित्रकूट धाम यात्रा के लिए पैदल यात्रियों का एक मेला रवाना हुआ जिसमें राम भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली डीजे, घोड़ा, भांगड़ा के साथ परिवारों जनों की भारी भीड़ के साथ पनवाड़ी कस्बा के सुभाष नगर मोहल्ला से पाठकपुरा विकासखंड कार्यालय होते हुए बाई पास रोड तक लोगों ने पैदल साथ-साथ चले ट्रैक्टर ट्राली में अपना अपना सामान रखकर सभी भक्त पैदल ही रवाना हुए चित्रकूट धाम में सोमवार के दिन भाद्रपद माह की सोमवती अमावस्या पड़ रही है आज मंगलवार को पैदल चलने वाले लोगों का मेला रवाना हुआ सभी भक्तों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष पैदल चलने का निर्णय लिया सभी राम भक्त जय सियाराम जय जय सियाराम रामधुन भजन कीर्तन के साथ रवाना हुए पनवाड़ी से महोबा बांदा होते हुए चित्रकूट पहुंचकर के मंदाकिनी नदी में स्नान करेंगे स्नान के बाद कामतानाथ की परिक्रमा करके फिर वापस अपने-अपने घर आएंगे।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारक अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष थाना चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक अर्जुन प्रसाद पटेल मय हमराह श्याम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त भूरा अहिरवार पुत्र ठाकुरदास अहिरवार उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सुदामापुरी थाना चरखारी जनपद महोबा हो हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ, अभियुक्त के कब्जे से हुई इस बरामदगी के आधार पर थाना चरखारी में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### पारिवारिक विवाद के चलते मजदूर ने लगाई फांसी

**राठ,हमीरपुर।** कोतवाली के सरसई गांव में मजदूर ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।सरसई गांव में वली मोहम्मद( 50 ) पुत्र नब्बू शाह ने मंगलवार को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मृतक की मां रमई ने बताया कि वली मोहम्मद उसका इकलौता पुत्र था। गांव में उसके साथ रहकर एवं मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। पुत्र की पत्नी मुबीना अपने बच्चों के साथ दिल्ली में रहती है। जिससे उसके पुत्र ने मानसिक तनाव के चलते जहरीले पदार्थ खाकर अपनी जान दी है। मृतक अपने पीछे पुत्र साहिल शकील पुत्री रुखसाना भूरी रोशनी और निशा छोड़ गया है। डॉ चंद्रशेखर ने बताया कि स्वजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए हैं।

### एक लाख की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को घर से निकाला

**राठ,हमीरपुर।** अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के अमगांव निवासी आरती पत्नी उमेश कुमार ने बताया कि उसकी शादी डेढ़ वर्ष पहले हुई थी।

शादी के तीन माह बाद से ससुरालीजन गाली गलौज कर मारपीट व उत्पीड़न करते आ रहे हैं। बताया कि ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह करीब दस बजे घरेलू बात विवाद को लेकर पति व सास ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप लगाया कि पति व सास ने उसके जेवरात छीनकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# सभासदों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

## सभासदों ने न.पं कुरारा के खिलाफ खोला मोर्चा, करोड़ों की धांधली के दिए सबूत

**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत कुरारा अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है,आज चित्रकूटधाम के मंडलायुक्त से मिलकर चेयरमैन द्वारा की जा रही धांधली की शिकायत कर जांच कमेटी गठन करने की मांग की है। शिकायती पत्र में सात सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

नगर पंचायत कुरारा के सभासद अवधेश कुमार गुप्ताए अजय सिंह प्रशांत सिंह मुकेश कुमार राबिया खातून ऊषा देवी,नूरमोहम्मद ने मंडलायुक्त को बताया कि कहा कि

विगत 8 माह से निर्वाचित 11 सभासदों के सापेक्ष 8 सभासदों द्वारा बोर्ड की बैठक का बहिष्कार किया जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अनियमतता कर बिना प्रस्ताव पारित कर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। तथा उनका भुगतान किया जा रहा है। कस्बे के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत एम आर एफ सेंटर 36 लाख रुपए की लागत से निर्मित कराया गया है। एक वर्ष के अंदर ही इसकी दीवारों में दरार आना शुरू हो गई है। कस्बे के मगही नाला सफाई के नाम पर वर्ष 2023 -24 में 8 लाख रूपए धनराशि से सफाई व्यवस्था कराई गई है। जिसमे नाम मात्र की सफाई कराकर एक फर्म के नाम भुगतान कर दिया गया है। पंद्रहवे वित्त आयोग से कस्बे में राजेश सिंह के मकान से बच्चू कोरी के मकान तक इंटर लाकिंग की ईंट उखाड़ कर अपने निजी जगह पर रखवा दिया है।तथा आधा अधूरा कार्य कराकर चार लाख पचास हजार रूपए का भुगतान किया गया है। पंद्रहवे वित्त आयोग से हाइवे किनारे निर्माण किए गए नाले में घटिया निर्माण सामग्री व मानक विहीन कार्य किया गया है। जो कि निर्माण के समय गिर गया था।

राज्य वित्त आयोग से कस्बे में बीस लाख रुपए की लागत से तिरंगा झंडा का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। केवल एक ठेकेदार को साधारण टेंडर देकर कार्य कराया जा रहा है।कूड़ा निस्तारण प्लांट में सोलह लाख रुपए से उपकरण क्रय किए गए हैं। जो कि निम्न स्तर के है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिंक शौचालय व शौचालय निर्माण में घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जब कि पूर्व में निर्माण कराए गए सार्वजनिक शौचालय के हाल खराब है। सीट आदि टूटे पड़े हैं। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों में अपने नजदीकी रिश्तेदार आदि के नाम फर्जी भुगतान बिना कार्य किए किया जा रहा है। कस्बे में नव निर्मित मकान को दर्ज करने व नक्शा आदि दर्ज करने के नाम पर लोगो से अवैध रूप से धन उगाही की जा रही है।नगर पंचायत के सफाई आदि कार्य में लगे वाहनों में बिना लागबुक भरे डीजल आदि लिया जा रहा है। तथा नगर पंचायत कर्मचारी अपने निजी वाहनों में डीजल पेट्रोल भरवा रहे हैं। नगर पंचायत में लगे सरकारी वाहनों में

ट्रैक्टर, जे सी बी मशीन आदि का दुरुपयोग अपने निजी कार्य में किया जा रहा है। सभासदों ने कहा कि यदि उनकी सुनवायी नही होती तो सभी सभासद सामूहिक रुपसे इस्तीफा दे देगे।

# प्रथम इकाई के अभिलेख उपलब्ध न होने पर टीएसी टीम फिर करेगी जांच

> राठ व इकाई दिवतीय की जांच कर पायी टीएसी टीम, पायी गईं कई कमियां

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भूमि संरक्षण विभाग के खिलाफ चल रही टीएसी जांच में प्रथम इकाई की जांच नही हो पायी,फिर से जांच टीम आकर इकाई की जांच करेगी। केवल दिवतीय व राठ इकाई की जांच हो पायी है। जांच में कई कमिया पायी गयी है। चर्चा है कि प्रथम इकाई के अभिलेख बीएसए ने नही उपलब्ध कराये थे।

जानकारी के मुताबिक भूमि संरक्षण विभाग में पांच साल के कार्यों की जांच के लिये सांसद राज्यसभा बाबूराम निषाद ने शासन को पत्र लिखा था,पिछले दिनों छह सदस्यीय टीम ने आकर करीब एक सप्ताह तक भूमि संरक्षण इकाई दिवतीय व राठ की जांच की,जब कि इकाई प्रथम में ही सबसे ज्यादा शिकायते थी मगर बरसात व अन्य कार्यों के कारण तकनीकी टीम को जांच छोडकर वापस जाना पड़ा। हालाकि टीम ने दोनो इकाईयो की जांच काफी बारीकी से की है,जिसमे टीम ने दावा किया है कि जांच में कुछ खास कमिया नही पायी गयी है। टीम ने बताया कि बहुत जल्दी ही प्रथम इकाई की जांच की जायेगी। चर्चा है कि भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम ने समय से अभिलेख नही उपलब्ध कराये थे जिससे जांच नही हो पायी है। विभाग में पांच साल में सबसे ज्यादा धांधली राठ व सरीला कुरारा क्षेत्र में हुई है। बंधी व अन्य कच्चे कामों में जमकर अनियमिततायें की गयी है। हालाकि टीएसी का कहना है कि इकाई प्रथम की जांच हो जाने के बाद शीघ्रही शासन को रिपोर्ट दी जायेगी। विभागीय लोगो का कहना है कि कई अधिकारी इसमे फंसते नजर आ रहे है जो लखनऊ के उच्चाधिकारियों के यहां चक्कर लगाते घूम रहे है। विभाग ने जो चेकडैम लाखो रुपये का बनाये थे उनका कही अता पता नही है। कड़ाही तालाब ज्यादातर कागजो में बनाये गये है।

### चार्ज लेने के लिए भाग-दौड़ शासन तक शुरु

**हमीरपुर।** भूमि संरक्षण विभाग के बीएसए दिवतीय बीर चंद्र पटेल 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे है। दिवतीय का चार्ज पाने के लिये राठ बीएसए एडी चोटी का जोर लगाये हुये है। विभाग में जो योजनाएं आती है वह जनता तक पहुच नही पाती है। शासनादेश है कि कोई बीएसए रिटायरमेंट होता है तो सबसे पहले चार्ज जिला कृषि अधिकारी को दूसरे नंबर पर विभागीय एसडीओ को मिलना चाहिये मगर इस इकाई का चार्ज पाने के लिये कई लोग शासन स्तर तक दौर लगा रहे है। ताकि जो भी बजट है उसका आचमन किया जा सके। दिवतीय इकाई का चार्ज किसको मिलेगा समय ही बतायेगा। मगर इसके लिये बीएसए राठ दौर में सबसे आगे है। क्योकि वह हमीरपुर में बहुत पहले विभाग मे जेई रह चुके है।

### महिला ने पीड़ित की गिराई दीवार

**मौदहा; हमीरपुर।** कस्बे की एक महिला ने पड़ोसियों द्वारा रोकने के बावजूद भी पीड़ित की दीवार गिरा दी जिससे पीड़ित का हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। पुल्सि ने जांच शुरु कर दी है। कस्बा रागौल निवासी मुन्नी देवी पत्नी रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले सुरेश कुमार दीपक सुनीता तीन लोगों ने मिलकर मना करने बावजूद मेरी दीवार गिरा दी जिस से हजारों रुपए का हुआ है जब मैं आरोपियों से इसका विरोध किया तो उक्त तीनों लोगों ने गाली गलौज व जान से मारने दी है जिससे आहत होकर पीड़िता मैं तहरीर दे न्याय दिलाए जाने की व हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले से पत्रकारों में आक्रोश

**बलरामपुर।** बृहस्पतिवार को तुलसीपुर थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के चिकित्सक ने पत्रकार को बंधक बनाकर मारा पीटा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने पत्रकार को दबंगों के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस की मौजूदगी में हमलावरों ने न सिर्फ़ पत्रकारों के साथ अभद्रता की बल्कि गाली गलौज देते हुए जान से मारने की भी धमकी दी। पत्रकारों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच व कार्यवाही की मांग की। अधीक्षक की सूचना पर जब कवरेज के लिए पत्रकार साबिर उपरोक्त क्लीनिक पर पहुंचे तो क्लीनिक के संचालक डॉक्टर आलोक सिंह ने आक्रोशित हो कर पत्रकार साबिर अली पर जानलेवा हमला कर दिया।

# द बेस्ट टीचर 2024 अवार्ड से सम्मानित हुए हरिमोहन गुप्ता

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



हमीरपुर के विकास खंड मौदहा के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली के प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता को झांसी में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में द बेस्ट टीचर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया यह सम्मान उनको अपने विद्यालय में बेकार कंप्यूटरों को सही करके स्वयं के खर्च से लैपटॉप और प्रिंटर की व्यवस्था करनेए एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों के चयनित होने व विद्यालय में बेहतर कार्य करने के लिए दिया गया है। स्वर्गीय महेंद्र कुमार तिवारी फाउंडेशन झांसी द्वारा राजकीय संग्रहालय सभागार में आयोजित द बेस्ट टीचर 2024 सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए 75 शिक्षक शिक्षिकाओ को मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिवसागर एवं बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक पत्रिका प्रेरणा के पूर्व संपादक केबी त्रिवेदी डॉ अचल सिंह और मृत्युंजय तिवारी के द्वारा उन्हें अंगवस्त्र मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हरिमोहन गुप्ता को मिले सम्मान पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर आलोक सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मौदहा रामगोपाल राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक भुवनेश तिवारी, जीतेन्द्र कुमार गुप्ता विवेक कुमार दीक्षित, मो अख्तर, रूपेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, ऋषभ राज, अनूप पाठक सुरेन्द्र कुमार हरिप्रकाश कुशवाहा द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-951/ई.ई.-3/एल.जे.एस. — दिनांक- 27.08.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 03.09.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 03.09.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & Interconnection of P.V.C. pipe line 110 mm Dia 65 mtr from H.No.643S/29 Jai Prakash Verma to H.No.643S/34, Snehi Nagar Sitapur Road, Faizullaganj, Ward, Lko | 2200.00 | 150 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



**श्री कृष्ण** जन्माष्टमी का पावन पर्व समूचे क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। मंदिरों थानों के अलावा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। मध्य रात्रि भगवान का जन्म होते ही कोतवाली मंदिर और घर घंटा घड़ियालों के धुनों के बीच ÷हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की÷ के उद्घोष से गूंज उठे। कस्बा कस्बा से सटी बाबा प्रेमदास कुटी पर महंत लालता दास जी महाराज द्वारा जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर जन्माष्टमी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हैदरगढ़ निवासी पत्रकार ओम प्रकाश मौर्य के यहाँ भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौंके पर कान्हा जी के विधिवत पूजन के बाद केक भी काटा गया। और बच्चे देर रात तक पटाखे आदि फोड़कर नाच गाने के साथ अपने प्रभु के उत्सव पर भक्ति रस में मग्न रहे। कस्बा के ही रहने वाले बच्चे नाच गाने के साथ कान्हा जी के भजनों पर खूब थिरके। इसी क्रम में रामलीला कोठी स्थित कुंती निवास में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में बांके बिहारी और राधा रानी के अलावा खाटू श्याम और गणपति बप्पा की भव्य झांकियां सजाई गई ।इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया पूतना बध,, मीराबाई की लीला के मंचन के बाद रात्रि 12 बजे हाथी घोड़ा ,पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों के बीच भगवान श्री कृष्ण का भक्तों द्वारा जन्म कराया गया। आरती और प्रसाद वितरण के बाद महोत्सव का समापन हो गया।

## 30 व 31 को होगा मन्दिर वार्षिक उत्सव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ बछरावां मार्ग के किनारे स्थित बाबा का पुरवा दीवान खेड़ा स्थित मनोकामना हनुमान एवं दुर्गा मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस एवं भंडारा आगामी 30 व 31 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है । आगामी 30 अगस्त को शुरू होने वाले दो दिवसीय स्थापना दिवस के पहले दिन रामायण का अखंड पाठ शुरू होगा। अगले दिन पाठ समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर रमेश कुमार एंड पार्टी द्वारा आल्हा गायन किया जाएगा।

# साहू-राठौर महासभा के अरविंद राठौर बने प्रदेश संगठन मंत्री

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश** के नगर विकास राज्य मंत्री व संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश राठौर ने कालपी नगर निवासी पूर्व सभासद अरविंद सिंह राठौर को भारतीय तौलिक साहू राठौर महासभा का प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया है।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश राठौर गुरु ने नवनियुक्त प्रदेश के संगठन मंत्री को दिए गए मनोनयन पत्र में अरविंद सिंह राठौर से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप संगठन को गतिशील एवं सशक्त बनाने के लिए तन, मन, धन से सदैव तत्पर रहेंगे तथा सहयोग प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय हो कि अरविंद सिंह राठौर इसके पहले संगठन के जिला अध्यक्ष के पद का कुशलतापूर्वक निर्वाह कर चुके हैं। नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद सिंह राठौर ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज की भलाई व तरक्की के लिए वह पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करूंगा।

# जल पुलिस व एसडीआरएफ के रेस्क्यू से बची चार भैंसों की जिंदगी



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**सोमवार को** श्रद्धालुओं का जीवन बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार रहने वाले जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के संयुक्त प्रयासों से चार मवेशियों की जिंदगी जाते जाते बच गई। संयुक्त टीम का प्रयास ऐसा रहा की इसे देखने वाले वहां मौजूद हर शख्स ने इसकी मुक्त कंठ से सराहना की और टीम के हर सदस्य का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।आमजन के आभार से अभिभूत संयुक्त टीम के सदस्यों ने इसे अपना कर्तव्य बताते हुए भविष्य में रामनगरी आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के जीवन बचाने को अपना लक्ष्य बताया है।जानकारी के मुताबिक यह परिक्रमा मार्ग स्थित ऋणमोचन घाट का है जहां घाट के किनारे चरने आई चार भैंसें चरते चरते सरयू नदी के पार चली गई और आगे जाकर दलदल में फंस गई।काफी समय हो जाने पर उन्हें ढूंढने निकले इन मवेशियों के मालिकों को उनकी भैंसें नहीं मिल सकी।इस बीच करीब रात करीब नौ बजे जब मवेशियों के स्वामी ने गौ सेवक अंकुर पांडेय को बताया तो अंकुर पांडेय ने तत्काल इसकी सूचना जल पुलिस को दी।इसकी सूचना मिलते ही ड्यूटी पर लगे जल पुलिसकर्मियों ने अपने साथ एसडीआरएफ की टीम को लेकर देर रात ऋणमोचन घाट के आगे जाकर कड़ी मेहनत व मशक्कत के साथ सभी भैसों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया।यह देख मवेशियों के स्वामी मुन्ना और उनके परिजन अपनी खोई भैसों को पाकर खुशी से झूम उठे।वहीं सभी लोगों ने गौ सेवक अंकुर पांडेय के साथ जल पुलिस व एसडीआरएफ टीम की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।रेस्क्यू करने में जल पुलिस प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य,आरक्षी सुरेंद्र यादव,नित्यानंद यादव, मुन्नालाल साहनी एसडीआरएफ जवान आरक्षी राहुल कुमार व आरक्षी सूरज पांडेय मुख्य रूप से शामिल रहें।

# टीकाराम धाम में ब्लॉक प्रमुख ने लगवाया वाटर कूलर



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

विकास क्षेत्र हैदरगढ़ अंतर्गत बाबा टीकाराम धाम मेला परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से स्थापित वॉटर कूलर का उद्घाटन रामदेव सिंह प्र ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ द्वारा कर आम जनमानस को समर्पित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जल ही जीवन है और बाबा टीकाराम धाम में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर उन्हें बहुत आत्मिक खुशी का एहसास हो रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राम सागर मौर्य , मुख्य पुजारी बाबा टीकाराम धाम, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत , मंडल कोषाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता, प्रधान शहरी इस्लामपुर दीनबंधु पांडे , प्रधान बेहटा राम किशोर मिश्रा, भाजपा नेता अजय तिवारी नन्हें भैया,क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राज करन सहित पार्टी के कार्यकर्तागण व सम्मानित जन उपस्थिति रहे।

# पीएम आवास उन्मुखीकरण कार्यक्रम का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

- क्षेत्रीय विधायक ने बताई सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



**विकासखंड** मुख्यालय सभागार में मंगलवार को रामदेव सिंह प्र ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर जीवन यापन कर रहे हर गरीब परिवार को पक्की छत मुहैया कराना सरकार की मंशा है। सरकार की इस मंशा को सफल बनाने के लिए प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सहयोग नितांत आवश्यक है। इसलिए आप लोग बिना किसी भेदभाव के हर गरीब परिवार को पूरी पारदर्शिता के साथ आवास का लाभ दिलाने का काम करें। विधायक ने इस अवसर पर गरीबों को आवास, पेंशन, किसान सम्मन निधि सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा गोष्ठी में मौजूद प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्रता की शर्तें व अपात्रता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता एवं अपात्रता की शर्तें विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत में वॉल पेंटिंग लिखा दी गई है। बताया कि पात्र लाभार्थियों के खाते में सीधे तीन किस्तों में पैसा आएगा। लाभार्थियों से किसी भी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग किए जाने पर संबंधित के ऊपर कार्यवाही भी की जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुबेहा रामसागर मौर्य,खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, महामंत्री रंजीत सिंह महंत, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह, प्रधान राम सिंह , प्रधान अवधेश यादव, विजय कुमार सिंह , सोनू सिंह , दीनबंधु पांडेय, विनोद शुक्ला, सुरेंद्र सुशील कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, रविंद्र प्रताप सिंह, राम किशोर मिश्रा, संतोष शुक्ला सचिव उदय प्रकाश शुक्ला, पवन कुमार, दीपक राजपूत, हर्षित श्रीवास्तव ,चंद्रेश , ज्ञान प्रकाश सिन्हा , अजय यादव सहित क्षेत्र के समस्त प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गौर निताई परिवार के जन्माष्टमी महामहोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**श्री श्री** गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब स्थित सत्संग स्थल पर जन्माष्टमी महा महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। यहां पर कार्यक्रम की शुरुआत हरिनाम संकीर्तन के साथ हुई और उसके बाद सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों को श्री कृष्ण प्राकट्य कथा सुनाई गई। रात 11ः00 बजे से 01ः00 बजे तक लड्डू गोपाल का महाभिषेक पंडित मनुपुत्र दास के साथ अन्य भक्तों ने किया। इस दौरान बधाई गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भगवान के जन्मोत्सव की खुशी में खूब लुटाई भी की गई वही अभिषेक के समय बराबर भगवान के ऊपर पुष्प वर्षा भी होती रही। बच्चों के साथ बड़े लोग भी भक्ति गीतों पर खूब झूमे। इस बार जन्माष्टमी महा महोत्सव के मौके पर भगवान के दरबार को विभिन्न प्रकार के फलों केले व अशोक के पत्तों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान के जन्मोत्सव पर रात 2ः00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित हुए।

भगवान के जन्मोत्सव के बाद भक्तों के द्वारा जमकर आतिशबाजी भी चलाई गई। पक्का तालाब व आसपास का क्षेत्र हरि नाम संकीर्तन के साथ भगवान के जयघोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## फांसी के फंदे से लटक कर युवक ने कर ली खुदकुशी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटगवा में रविवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते 26 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।सोमवार की सुबह घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी पल्लर के 26 वर्षीय पुत्र मोनू ने अज्ञात कारणों के चलते गांव के बाहर स्थित तालाब के पास बाग में लगे पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली । शौच करने के लिए गए ग्रामीण पेड़ से युवक का लटका शव देखकर सन्न रह गए । सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया की हमारी किसी से कोई रंजिश नही है ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए लेकिन परिजन शव पी एम कराने के लिए राज़ी नहीं हुए जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बड़े धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**सोमवार** को योगेश्वर लीला पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे बड़े धूमधाम से मनाया गया।जगह जगह मंदिरो व घरो के साथ ही जैदपुर थाने मे भी मनमोहक झांकी सजाई गई।साथ ही थाना परिसर दुल्हन की तरह सजने से पूरी रात जगमगाता रहा।देर रात श्रीकृष्ण जन्म होते ही पूरा जैदपुर कस्बा के साथ जैदपुर कोतवाली कृष्णमय हो गया।बताते चलेकि कस्बे के छोटी बाजार अहिरान, मोलवी कटरा,बगहा सहित जैदपुर थाने मे धूमधाम से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।इस अवसर पर जैदपुर थाने पर मनमोहक झांकी सजाई गई।इस दौरान छोटे छोटे बच्चे श्री कृष्ण के बालरूप मे सजकर मंदिरो में पहुंच भजनो पर मनमोहक नृत्य करते नजर आए,जिन्हे देखकर लोग काफी प्रसन्न नजर आए।लोगो ने पंजीरी,चरणामृत सहित मेवा मिष्ठान का प्रसाद ग्रहण किया।रात बारह बजे श्री कृष्ण का जन्म होते ही हर तरफ हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के जयकारों से जैदपुर थाना सहित क्षेत्र गुंजायमान हो गया। आरती के बाद बड़ी संख्या में थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह द्वारा सभी लोगो मे पंजीरी का प्रसाद वितरित किया।वही जितेंद्र डीएम वर्मा, उमाकांत पहलवान,दीपक निगम,लाला हरि प्रकाश,रामजी नाग, समीर निगम,रमन निगम,संगत मंदिर भुयारे बाबा मंदिर सहित विभिन्न जगहो व मंदिरो मे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म बहुत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

# दिवंगत राजेन्द्र चौरसिया के परिजनों से मिले गोप, बढ़ाया ढांढस

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**हैदरगढ़** निवासी स्वर्गीय राजेंद्र कुमार चौरसिया के सड़क दुर्घटना में विगत दिनों हुये निधन की सूचना पर सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के नेतृत्व में गठित 6 सदस्सीय प्रतिनिधि मंडल ने स्वर्गीय राजेंद्र कुमार चौरसिया के पैतृक ग्राम परीवां स्थित आवास पर पहुंच कर स्मृति शेष राजेंद्र कुमार चौरसिया जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना पर दुख व्यक्त किया। स्वर्गीय राजेंद्र कुमार चौरसिया की धर्मपत्नी अनीता चौरसिया बेटे समीर चौरसिया बेटी श्रेया चौरसिया को सांत्वना देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को परिजनों के बीच साझा किया और घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बधाते हुए पार्टी द्वारा परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

प्रतिनिधिमंडल मे जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व विधायक राममगन रावत, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ हरीश चौरसिया एडवोकेट, पार्षद रामनरेश चौरसिया, विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव सहित पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, प्रदेश सचिव अदनान चौधरी, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित तमाम क्षेत्रीय पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा), हमीरपुर

पत्रांक- समग्र शिक्षा-के.जी.बी.वी./7835/2024-25 दिनांक- 27.08.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग -5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या-2805/68-5-2023-02/2020 दिनांक 01 फरवरी 2023 के अनुक्रम में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा विद्या भवन निशातगंज लखनऊ से निर्गत पत्र संख्याः के.जी.बी.वी./11308/2022-23 दिनांक 14 फरवरी 2023 व पत्र संख्या : के.जी.बी.वी. /1121/2023-24 दिनांक 25 अप्रैल 2023 के क्रम जिलाधिकारी महोदय से दिनांक 14.08.2024 को अनुमोदन प्राप्त कर जनपद में संचालित कक्षा 6 से 8 तक के 04 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षित व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर नवीन चयन/पदस्थापन/संविदा 11 माह 29 दिन/28 फरवरी 2024 जो भी पहले हो, के सेवा अनुबन्ध के आधार पर राज्य परियोजना कार्यालय,लखनऊ द्वारा निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों का चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति/चयन विशेष अनुज्ञा याचिका संख्याः 13563/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षिक योग्यता | आयु सीमा (पूर्ण वर्षों में) 01 अप्रैल 2023 को | निर्धारित मानदेय (धनराशि रू. में) प्रतिमाह ई.पी.एफ. नियोक्ता अंशदान सहित | आरक्षण वार रिक्त पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु.जाति/ अनु.जनजाति | कुल योग |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | पी.सी.एम. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 25-45 | 24200.00 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय) | भूगोल,इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 25-45 | 24200.00 | 1 | - | - | 1 |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी) | अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 25-45 | 24200.00 | 1 | - | - | 1 |
| 4. | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | जेड.बी.सी. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 25-45 | 24200.00 | 1 | - | - | 1 |
| 5. | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक | 25-45 | 12181.00 | 2 | 1 | - | 3 |
| 6. | लेखाकार | स्नातक वाणिज्य तथा एम.एस. आफिस पर कार्य का ज्ञान, डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर में ओलेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में वरीयता दी जायेगी। | 25-45 | 13673.00 | 1 | 1 | - | 2 |
| 7. | सहायक रसोईया | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 25-45 | 6433.00 | 2 | 1 | - | 3 |
| 8. | चपरासी | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 25-45 | 7147.00 | 1 | - | - | 1 |
| | | कुल योग | | | 11 | 04 | 01 | 16 |

**नोट- समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यार्थियों का ही चयन किया जायेगा, इसलिए पुरूष अभ्यर्थी आवेदन न करें। पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है।**

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 15 सितम्बर 2024 को सायं 04:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद हमीरपुर-2102301(जिला अस्पताल के सामने) से प्राप्त कराया जायेगा। **केवल रजिस्टर्ड डाक ही मान्य है, अन्य किसी माध्यम से भेजा गया आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। उक्त पदों पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, अर्हता एवं दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद की एन.आई.सी. की वेबसाईट www.hamirpur.nic.in व कार्यालय के सूचना पर उपलब्ध है।**

**आलोक सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**हमीरपुर**

# विद्यालयों में निरीक्षण कर निपुण विद्यालय बनाने में दे विशेष ध्यानः डीएम

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में हुई समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निपुण विद्यालय को बनाये जाने की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के खण्ड शिक्षाधिकारी, एसआरजी एवं एआरपी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में समय-समय से निरीक्षण कर निपुण विद्यालय बनाने में विशेष ध्यान दें। नियमित रुप से विद्यालय के प्रधानाध्यापकों/ टीचरों को बताया जाये कि विद्यालय की निपुण में क्या स्थिति है और निपुण बनाने में सुधार कैसे किया जाएं। उन्होने ब्लाक उमर्दा, हसेरन, सौरिख में टास्क फोर्स द्वारा कम निरीक्षण पाये जाने पर निर्देश दिये कि विद्यालयो के निरीक्षण हेतु सप्ताहिक टारगेट बनायें। माह के 15 तारीख तक 50 प्रतिशत विद्यालयो का निरीक्षण हो जाना चाहिये। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि एबीएसए के साथ समय-समय से समीक्षा कर बच्चे एवं अध्यापको की उपस्थित एवं निपुण में जो विद्यालय पीछे चल रहे है। की जानकारी लें और निपुण बनाने में फोकस करें। कन्नौज नगर एवं कन्नौज में मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियो की उपस्थित कम पाये जाने पर निर्देश दिये कि उपस्थित शतप्रतिशत होनी चाहिये और मिड्डेमील की क्वालिटी बेहतर होनी चाहिये। आईसीडीएस विभाग द्वारा जिन बच्चो को स्कूल न आने की जो सूची उपलब्ध करायी गयी है। उनका एडमीशन कराकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जाएं। बच्चे लर्निंग स्टेज पर होते हैं। रिवीजन कराते रहें। निपुण बनाये जाने हेतु स्मार्ट बिन्दु तैयार किये जाये, जिससे स्कूलो का परफार्मेस बेहतर हो सके। यू-डिस पोर्टल पर किसी प्रकार का डाटा गलत न फीड किया जाएं। सप्ताहिक सिस्टम के अनुसार पूरा डेटा तैयार किया जाएं। सभी विद्यालयों की 200 मीटर दूरी तक नियमित रुप से साफ-सफाई होनी चाहिये। उन्होने कहा कि उन विद्यालयो की सूची उपलब्ध करायी जाये जहां पहुँच मार्ग में किसी प्रकार की समस्या है, जिसका निराकरण समय से किया जा सके।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# धूमधाम से मनाई गई भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**भगवान श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम व सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया मन्दिरों को सजाया गया व भक्तों की ओर से भजन कीर्तन का सिलसिला पूरी रात चलता रहा। क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बीता सोमवार शाम को भक्तो की ओर से मन्दिरों को धूमधाम से विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया इसके साथ ही भजन कीर्तन का सिलसिला रात भर चलता रहा। मंगलवार को क्षेत्रीय गांवों से अलग- अलग विसर्जन यात्रा को भक्तो की ओर से अमीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर डीजे की धुन में नाचते गाते हुऐ चियासर व सिंगीरामपुर घाट के लिये रवाना हुऐ। इस अवसर पर अवधेश शर्मा, राजकुमार राजा शर्मा, प्रमोद पाल,रजत,राजू शर्मा, प्रशांत शाक्य, विशाल पाल, कुलदीप दिवाकर, टीटू ,रामअवतार पाल, अर्जुन शाक्य, मास्टर रामकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



# खबरें चलते-चलते

## किशोरी से शोहदे ने की अश्लील हरकत विरोध करने काटी हाथ की नसें

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** एक सरफिरे शोहदे ने घर पर अकेला पाकर एक करीब 17 वर्षीय किशोरी से अश्लील हरकत की। किशोरी के विरोध करने पर उस पर हमला बोल दिया। सरफिरे के हमले से घायल रक्तरंजित किशोरी को उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया। थाना तालग्राम क्षेत्र के एक गांव में किशोरी अपने घर पर अकेली थी। परिजन खेत पर गये हुये थे। इसी मौके का फायदा उठाकर गांव का ही एक सरफिरा युवक घर पर घुस आया। युवक ने पहले किशोरी से अश्लील हरकतें की। उसके द्वारा विरोध करने पर सरफिरे ने किशोरी पर ब्लेड से हमला बोल दिया। हमले में किशोरी के हाथों की दोनों नसें कट जाने से वह रक्तरंजित हो गई। इसी बीच किशोरी का भाई और उसकी मां मौके पर पहुंचे। घटना को देख किशोरी की मां ने हमलावर युवक को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह भाग निकला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुँची। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम को भेजा गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

## जवाबी कीर्तन में भजनों पर झूमे श्रोता

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में क्षेत्र के ग्राम तिलपई में स्थिति मां खेरा पति मंदिर प्रांगण जबानी कीर्तन का आयोजन हुआ। कानपुर से आई कीर्तनकार क्रांतिमाला व रायबरेली से आए शशिराज कमल के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव कृष्णकांत यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। रणजीत राय ने वंदना गीत गा कर के साथ दिलों से प्यार मिटाने की जरूरत क्या थी। हम अलग हैं यह बताने की जरूरत क्या थी, पाकिस्तान से हुई रवाना प्यार न उसका माना साजन के सच्चे प्यार में सीमा भारत में आ पहुंची सीमा पार से जवाब में क्रांति माला ने काशी में बिकने तीन प्राणी गए राजा छोड़ कर राजधानी गए। तीर एक बार गया धनु पर चढ़ाया और तीर जो नही हैं तीर उनको बनाया, मारे मरे न मन मरे बिन मारे यह तन मरे मारे मरे न दुर्जन विन मारे सुजन मरे गीतों पर खूब तालियां बजीं। इसी क्रम में कस्वा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई गई। चारों ओर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धूम रही।

## एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी होने से रेलवे फाटक पर वाहनों का लगा रहा जाम

**समधन, समृद्धि न्यूज़** । एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आये युवक को घायल होने के वाद चालक की ओर से ट्रेन खड़ी कर लिखा-पढ़ी किये जाने से करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रहने से मलिकपुर रेलवे फाटक बन्द रहा जिससे दोनों ओर वाहनों का लम्बा जाम लग गया वाद में ट्रेन फाटक से गुजरने के वाद वाहनों को जाम से निकलने को लेकर करीब 30 मिनट तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## तालग्राम में नवनिर्मित पुलिस चौकी 'आदर्श पुलिस चौकी सलेमपुर' का लोकार्पण किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में चौकी सलेमपुर का पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार , क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार , प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक /थाना प्रभारी कपूर कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा ग्रामीणवासी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा, इस नए चौकी के उद्घाटन से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी और स्थानीय निवासियों को समय पर सहायता प्राप्त हो सकेगी। सलेमपुर चौकी की स्थापना का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि करना है। जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकेगी। यह चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे कानून व्यवस्था और भी मजबूत होगी।

# पीजी की 57 सीटों की मान्यता के लिए डेढ़ वर्षों से चल रहा इंतजार

- 13 विभागों की 57 सीटों पर मान्यता के लिए चल रहा प्रयास
- दो माह पहले एनएमसी ऑनलाइन कर चुका सत्यापन

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय मेडिकल** कॉलेज को पिछले डेढ़ बर्षो से पीजी की 57 सीटों की मान्यता का इंतजार है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन इसके लिए लगातार पैरवी करने में जुटा है। मान्यता के लिए एनएमसी ने भी ऑनलाइन औपचारिकताएं पूरी कर ली है। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि पीजी सीटे मिलने से कॉलेज की चिकित्सा सेवाएं बेहतर होगीं। गंभीर मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पीजी की 57 सीटों के लिए आवेदन किया था। इसके लिए एनएमसी को फीस सहित सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी थी। करीब दो माह पहले एनएमसी ने मान्यता के लिए मेडिकल कॉलेज की सभी व्यवस्थाएं व चिकित्सा शिक्षकों की तैनाती व उनके शैक्षणिक अभिलेखों की जानकारियां ऑनलाइन देखी थी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन को अब इंतजार है कि जल्द ही एनएमसी पीजी की सीटों पर मान्यता दे देगी।


मेडिकल कॉलेज का मुख्य गेट

### पीजी की इन 57 सीटों के लिए चल रहा मान्यता का प्रयास

**तिर्वा।** मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बायोकैमिस्ट्री विभाग की तीन सीटें, कम्यूनिटी मेडिसिन की तीन, जनरल सर्जरी की पांच, ईएनटी की तीन, जनरल मेडिसिन की पांच, बाल रोग विभाग की पांच, गायनी की पांच, पैथोलॉजी विभाग की पांच, एनस्थिसिया की पांच, अस्थि रोग विभाग की पांच, नेत्र रोग की तीन, एनाटॉमी की पांच व माइक्रोबॉयोलाजी की पांच सीटों के लिए आवेदन कर रहा है। इस तरह से कुल 13 विभागों से 57 पीजी सीटों के लिए आवेदन किया गया हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है कि इन 57 सीटों के लिए उसने सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक का कटा हाथ, हालत नाजुक कानपुर रेफर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** तेजगति से जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आकर एक युवक हाथ कट गया और वह बुरी तरह घायल हो गया घायल को परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने कानपुर रिफर कर दिया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के समधन व मलिकपुर के बीच रेलवे ट्रक पर बीता सोमवार शाम करीब 4 बजे कानपुर से फर्रुखाबाद जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर युवक ग्राम अनीभोज निवासी प्रमोद कुमार पाल उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र राधेश्याम पाल किसी तरह वह चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया वाद में एक्सप्रेस ट्रेन चालक ने रोककर लिखा-पढ़ी करके ट्रेन को यथास्थान के लिये रवाना की गई।

## बच्चों ने कृष्ण बाल लीला कर मन मोहा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर जहां एक ओर नगर के मंदिर कृष्ण मय दिखाई दे रहे थे। तो वहीं दूसरी ओर घरों में बच्चों ने कृष्ण बाल लीलाएं कर मन मोह लिया। परिजनों नें बच्चों को उपहार देकर उत्साहबर्धन किया। सोमवार की रात कृष्ण जन्माष्टमी की संध्या पर घरों में बच्चों सृष्टि वर्मा, गजेंद्र सिंह वर्मा, यूवी वर्मा, अवन्या, दिव्य अबधवाल आदि बच्चों मे जन्माष्टमी पर्व को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने श्री कृष्ण एवं राधा की बाल लीलाएं कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर कोई बच्चों को प्रेम और आशीष से दुलार रहा था। संपूर्ण नगर का वातावरण कृष्ण मय हो गया था।

फोटो परिचय।27जीयूआर02। राधा कृष्ण स्वरूप में सजे बच्चे, राधा कृष्ण के स्वरूप में लीला करते बच्चे।

# त्योहार हमें सद्मार्ग पर चलने का संदेश देते हैंः डीएम

- डीएम, एडीएम व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नें की पूजा अर्चना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**श्री कृष्ण** जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर में जिलाधिकारी, एडीएम व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ पहुंच कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्व हमें आपसी सदभावना व प्रेम व्यवहार का संदेश देते हैं।

सोमवार की देर शाम नगर के चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में मंदिर के महंत पंडित राकेश चन्द्र दुवे द्वारा विधि विधान से जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार मिश्रा, एडीएम आशीष कुमार सिंह व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता से पूजा अर्चना संपन्न करानें के पश्चात परसाद वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के आदर्शो से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। यह पर्व हमें बुराई का मार्ग छोड़कर सद्मार्ग पर चलने का संदेश देता है। उधर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना करनें के उपरान्त वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सदैव सच्चाई का साथ दिया है। वहीं नगर के गंगेश्वर नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, संतोषी माता मंदिर, बाला जी मंदिर, मनसा देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों की रंग बिरंगी झालरों से सजावट कर भव्य रुप प्रदान किया गया। इस अवसर पर मोनू गुप्ता, मनोज गुप्ता, अमन कठेरिया, गंगा सिंह, नवल गुप्ता, कुलदीप बाथम, फूल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीजी की सीटें मिलने से बेहतर होगी मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा सेवा



**तिर्वा।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कॉलेज) कन्नौज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि पीजी सीटों की मान्यता मिलने से मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में काफी सुधार होगा। पीजी करने वाले मेडिकल स्टूडेंटस लगातार अध्ययन के साथ ही चिकित्सा सेवा के लिए भी उपलब्ध रहेगें। जिससे मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले गंभीर मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा। इसके अलावा भी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों को भी पीजी के स्टूडेंटस से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होने बताया कि पीजी सीटों की मान्यता के लिए एनएमसी ने टॉस्क फोर्स का गठन कर दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज को मान्यता मिल जाएगी।

### मान्यता के लिए असीम अरूण ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

तिर्वा। पीजी की मान्यता के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन लगातार पैरवी में जुटा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव व चिकित्सा शिक्षा के निदेशक ने भी इन सीटों पर मान्यता के लिए एनएमसी को अपनी अनुशंसा भेजी है। इसके अलावा भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन स्तर पर भी मान्यता के प्रयास चल रहे हैं।

## ईशन नदी में डूबे वृद्ध का पांच किलोमीटर दूर मिला शव

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के चिंतापुर्वा गांव के सामने गत रविवार की सुबह ईशन नदी में डूबे वृद्ध का शव सोमवार की देर शाम करीब पांच किलोमीटर दूर महानन्दनपुर्वा गांव से एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया। कोतवाली पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। विदित हो कि गत रविवार की सुबह चिंतापुर्वा गांव निवासी 70 बर्षीय रामेश्वर दयाल शौच के लिए ईशन नदी के निकट गए थे। यहां वह किसी प्रकार नदी में डूब गए। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसको बचाने का प्रयास, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। कोतवाली पुलिस ने एनडीआरआफ की टीम को लगाकर वृद्ध की खोजबीन शुरू की थी। एनडीआरएफ टीम ने सोमवार की देर शाम महानन्दपुर्वा गांव के सामने से वृद्ध के शव को नदी से बरामद कर लिया। वृद्ध का शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह न बताया कि शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में फिट इंडिया कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में हॉकी के जादूगर स्व.मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत सरकार के खेल विभाग एवं युवा कार्यक्रम के निदेशक पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। खेल आयोजन का समापन 31 अगस्त को होगा। इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलसचिव डॉ.बीडीके पात्रो ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल सप्ताह की शुरूआत 27 अगस्त से 31 अगस्त तक चल रही है। जिसमें फिट इंडिया के लक्ष्य को साकार किया जा सके। इसमें इंजीनियरिंग स्टूडेंटस के आलावा शैक्षणिक कर्मचारी भी प्रतिभाग करेगें। मंगलवार को कॉलेज की निदेशक प्रो.रचना अस्थाना ने खेल आयोजन की शुरूआत कराई। इस दौरान डॉ.अरूण कुमार सिंह, डॉ.अनुराग शुक्ला व कार्यक्रम के समन्वयक सौरभ चैहान, अरस्तु गौतम व मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना, राजीव कुमार सहित कई प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर मौजूद रहे। जिसमें सभी ने फिट इंडिया को लेकर प्रतिज्ञा की।

# इमाम हुसैन की याद में निकला चेहल्लुम का जुलूस

**सौरिख छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**मोहर्रम कमेटी** अध्यक्ष अली अब्बास ने बताया कि मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन ब उनके इकहत्तर साथियों को एक आतंकवादी यजीद ने मोहर्रम की दस तारीख को शहीद करवा दिया था मगर इमाम हुसैन का लाशा चालीस दिन तक बेगोरो कफ़न पढ़ा रहा जब चालीस दिन के बाद इमाम हुसैन को दफनाया गया उन्हीं की याद में चेहल्लुम मनाया जाता है इमाम हुसैन को हो सके तो करीब से देखिएगा उनके इतिहास में 6 महीने के बच्चे से लेकर 90 साल के बूढ़े तक की शहादत हुई है सच के लिए इमाम हुसैन की कुर्बानी इतिहास में भरी पड़ी है अपने खुद के दिल पर अपना काबू पाकर देखो कि कैसे 72 लोग लाखों के लश्कर पर भारी पढ़ गए इमाम हुसैन का आंदोलन सत्य के लिए असत्य के विरुद्ध एक आंदोलन था कर्बला का जुल्म हमे हमेशा याद दिलाएगा कि जुल्म करने वाला चाहे जितना बड़ा आतंकवादी क्यों न हो एक दिन उसका मिटना तय है मुझे पता है कि कर्बला रुलाती है मगर कर्बला सबक भी देती है कर्बला दुनिया का वह पहला आंदोलन था जिसे जनाबे जैनब ने संभाला था रेत में सने अपने खून के रिश्तों को देखकर जनाबे जैनब ने लौटते वक्त मदीना पहुंचते पहुंचते सारी अवाम के दिल में जो इमाम हुसैन के साथ नाइंसाफी हुई थी वह सारी अवाम के सामने ले आई इसी लिए गांधी जी ने कहा था कि इमाम हुसैन जैसे हमारे साथ भी 72 साथी होते तो मैं हिंदुस्तान को एक दिन में आज़ाद करवा देता ।जुलूस से पहले सुबह कबीरपुर व राजापुर का जुलूस कर्बला में पहुंचा और वहां पर ताज़िए सुपुर्द खाक किए गए।दोपहर मोहल्ला ऊंचा इमामबाड़े पर मजलिस को खिताब फरमाया सफदर रज़ा रिज़वी इलाहाबादी ने उसके बाद इमामबाड़ा इब्ने हसन पर नौजवानों और बच्चों ने नौहा ख्वानी और मातम किया वहां से अलम ताजिया जुलूस सदर बाज़ार, पाल तिराहा ,आंबेडकर तिराहा ,ष्टस्क्ररोड रास्ते में रुक रुक कर नौहा ख्वानी और मातम करते हुए कर्बला सादिक हुसैन गाटा संख्या 928 पहुंचा और वहां पर ताज़िए सुपुर्दे ख़ाक किए गए इस मौके पर मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास,अली अख्तर, तहज़ीबुल हसन, गुलाम अब्बास,हुसैन हैदर ,शीलू नकवी,दिलदार हुसैन ,हैदर अब्बास, निशात हुसैन,शब्बर अली ,निसार हुसैन आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही।




## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में लिपिकीय त्रुटिवश मेरा नाम SHRI SUNIL KUMAR MANDAL व जन्मतिथि 02.02.1962 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SUNIL KUMAR MONDAL व जन्मतिथि 01.01.1962 है। SUNIL KUMAR MONDAL F/O Army No-13628958P, Rank NK Krishana Chura Mondal, R/o Vill Jemo Baganpara Rajbati Kandi, Distt. Murshidabad, West Bengal.

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-626/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नी संजीव कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला लोकमन ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत के आधार पर भवन संख्या 71 मोहल्ला लोकमन कायमगंज पर श्री चन्द्रप्रकाश पुत्र स्व0 सीताराम के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-630/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी वीरेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी मोहल्ला गंगा दरवाजा ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या न्यू के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-547/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा पत्नी शैलेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला छपट्टी (लहरा) ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 108 मोहल्ला छपट्टी कायमगंज पर श्री विपिन कुमार पुत्र रामचन्द्र के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-632/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मैहरोज खां पुत्र अब्दुल हबीब खां निवासी मोहल्ला काजम खां ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 12 मोहल्ला काजम खां कायमगंज पर श्री फजल खां के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-635/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक गुप्ता, पारस गुप्ता पुत्र अरुण कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला नोनियमगंज ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत, विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 388 मोहल्ला नोनियमगंज कायमगंज पर श्रीमती ऊषा गुप्ता पत्नी अरुण कुमार गुप्ता के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-633/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ताहिर अली पुत्र अली शेर निवासी मोहल्ला सधवाड़ा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत, विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 384 मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज पर श्री अली शेर पुत्र अज्जू मियां के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-634/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 23/08/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीतू शर्मा पत्नी अजय कुमार निवासी मोहल्ला जटवारा ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 246/02 मोहल्ला नोनियमगंज कायमगंज पर श्री आदेश कुमार पुत्र कालीचरन, राहुल कुमार पुत्र दिनेश चंद, ऋषभ शर्मा पुत्र राकेश चंद्र के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

## कार्यालय ग्राम पंचायत रमापुर जसू विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः01/ ग्रा0पं0/एसएलडब्लूएम टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 27/08/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

एसएलडब्लूएम योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रमापुर जसू द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/08/2024 से 03/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) निर्माण कार्य | 3.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदादाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली लायेगी।

प्रधान (अनुज प्रताप) ग्रा0पं0 रमापुर जसू, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)



मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़



# संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरियों के आम के पेड़ पर दुपट्टे से लटके मिले शव

- जन्माष्टमी पर गांव में झांकी देखने गयी थी दोनों, घटना से क्षेत्र में फैली सनसनी
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी ने पहुंचकर की जांच पड़ताल
- परिजन हत्या कर दोनों के शवों को फांसी पर लटकाने का लगा रहे हैं आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



रोते बिलखते मृतकों के परिजन — समृद्धि न्यूज



दोनों किशोरियों के फाइल फोटो — समृद्धि न्यूज

**संदिग्ध परिस्थितियों** में दो किशोरियों का शव आम के पेड़ पर फाँसी के फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को उतरवाकर जाँच पड़ताल की तथा शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव भगौतीपुर निवासी बबली जाटव उम्र 16 वर्षीय पुत्री रामवीर जाटव अपने पड़ोस की बचपन की सहेली शशी जाटव 14 वर्ष पुत्री पप्पू जाटव बीती रात्रि जन्माष्टमी के त्योहार पर झांकी देखने गयी थीं। वापस न लौटने पर परिजनो ने खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। सुबह अपने घर के पीछे आम के बाग मे शौचक्रिया करने गई फूलमती पत्नी मैकूलाल ने किशोरियों के शवों को फाँसी के फन्दे पर लटका देख परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी,कोतवाली प्रभारी रामअवतार, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, मंडी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने पहुंचकर दोनों शवों को उतरवाया और जाँच पड़ताल की। जाँच पड़ताल के दौरान घटनास्थल के पास एक मोबाइल फोन व एक सिम बरामद की। वहीं पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर एसओजी प्रभारी जितेंद्र पटेल ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जाँच पड़ताल कर मृतका बबली जाटव के परिजनों से पूछताछ की। चर्चा के अनुसार बीती रात्रि बबली जाटव अपनी बहन अक्षरा 11 वर्ष तथा सहेली शशी के साथ बुआ सोनी पत्नी मनोज कुमार निवासी दिल्ली जो अपने भाई अमरपाल के यहाँ गाँव भगौतीपुर में आई थी। तीनों लोग झाँकी देखने गये थे और रात्रि में वापस आ गये थे। अक्षरा घर पर जाकर लेट गयी। जबकि, बबली जाटव और शशी सामने वाले घर में लेट गईं। उसके बाद बबली जाटव और शशी दोबार घूमने गयीं और सुबह दोनों के शव गांठ बांधकर जोड़े गये दुपट्टे के सहारे आम के पेड़ पर लटके पाये गये। वहीं परिजन दोनों की हत्या कर शव को लटकाये जाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं मृतका शशी की मां रेखा लगभग 15 वर्ष पूर्व अपने दो बच्चे शशी व अंकित को छोड़कर अपने प्रेमी अशोक के साथ धर्मपुर थाना कम्पिल भाग गई थी।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस उप महानिरीक्षक

**कायमगंज।** कोतवाली कायमगंज के अंतर्गत गांव भगौतीपुर में हुई घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर जोगेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शीघ्र घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये।

## पीएम रिपोर्ट में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की पुष्टिः सीएमओ

कायमगंज। कोतवाली कायमगंज के अंतर्गत गांव भगौतीपुर में हुई घटना पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0अवनींद्र कुमार ने बताया कि दोनों के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। शव का पोस्टमार्टम डॉ0 विकास पटेल और डॉ0 मान सिंह के पैनल से हुआ। मौत का कारण फांसी लगना ही आया है। दुष्कर्म की आशंका पर स्लाइड बनाकर जाँच के लिए भेजी गयी है। जिसकी रिपोर्ट आने पर दुष्कर्म हुआ या नहीं, पुष्टि हो जायेगी।

# जिला कारागार में साकार हो उठा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दृश्य

- बंदियों ने जमकर किया नृत्य, गाये भजन कीर्तन, 130 ने रखा व्रत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



जिला कारागार में नृत्य करते बंदी — समृद्धि न्यूज

**जिला कारागार** फतेहगढ़ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। संपूर्ण कारागार परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कारागार की बैरक में मुख्य झांकी सजाई गई गई। बंदियों ने भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष बंदियों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष उत्साह देखा गया।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि इस बार मुख्यमंत्री द्वारा जेलों, पुलिस लाइन और थानों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भव्यता से मनाने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म कारागार के अंदर ही हुआ था। इसलिए श्रीकृष्ण की जन्मस्थली कारागार ही है। जेल अधीक्षक ने बताया कि मेरा सौभाग्य है कि मेरी तैनाती जिला कारागार मथुरा में भी रही है। उत्तर प्रदेश रे कारागारों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एक त्यौहार की तरह होता है। उन्होंने बताया कि कारागार में 130 बंदियों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर व्रत रखा था। कारागार प्रशासन की ओर से व्रत वाले बंदियों को 500 ग्राम उबला आलू, 60 ग्राम चीनी, 500 ग्राम दूध और दो केला उपलब्ध कराए गए। जेल अधीक्षक ने शाम को प्रत्येक बैरक में जा-जाकर सभी बंदियों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। सरोज देवी प्रभारी जेलर ने जेल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी भव्यता के साथ पूर्ण की। उपकारापाल वैभव कुशवाह, मुकेश गौड़, कृष्ण कुमारी का भी विशेष सहयोग रहा। अजब सिंह हेड जेल बार्डर, उदय प्रताप, सोनू, संजय सिंह और बैरकों पर जेल बार्डर जितेंद्र, रंजीत वर्मा और प्रिंस डेविड की भी विशेष भूमिका रही है।

# शिक्षा की गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं हुए जिलाधिकारी

- प्रावि सातनपुर व प्रावि भोपतपट्टी का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बच्चों से सवाल जवाब करते डीएम

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सातनपुर व प्राथमिक विद्यालय भोपतपट्टी का औचक निरीक्षण किया।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सातनपुर व प्राथमिक विद्यालय भोपतपट्टी का औचक निरक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण में विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए। जिसका संतोषजनक जबाव बच्चों द्वारा नहीं दिया जा सका एवं बच्चों से मिड-डे-मील के अंतर्गत मिल रहे खाने के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन 30 मिनट बच्चों को सामान्य चीजों का ज्ञान कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया व स्कूल की खिड़कियों में जाली लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह व प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नीतीश राज मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## थाना अध्यक्ष पर गौमांस से लदा ट्रक पकड़कर छोड़ने का आरोप

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** सनातन धर्म की अच्छाइयों को जितना सराहा जाए उतना कम ही है। खेतों में गोवंश किसानों का नुकसान करते हैं, उन्हें परेशान करते हैं, सड़कों पर टहलने वाले यह गोवंश दुर्घटना का कारण बनते हैं। फिर भी यह किसान ग्रामीण और गौ रक्षक दल के सदस्य मिलकर इन गोवंशों की हिफाजत के लिए रात दिन एक किए हुए हैं। अगर कहीं जानकारी मिलती है कि गौवंशों पर जुल्म ढाये जा रहे हैं या उनका कत्ल किया जा रहा है अथवा उनके मांस का रोजगार हो रहा है तो यह लोग उसका विरोध करते हैं और गोवंशों को बचाने के लिए प्रयास भी करते हैं। थाना क्षेत्र में गौरक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने सिंगो से भरा हुआ ट्रक पकड़ा। जिसको रात्रि में ही पुलिस प्रशासन ने छोड़ दिया। गौरक्षक दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि उसमें मांस भरा हुआ था। जिसके कारण वह उस ट्रक को पड़कर थाने तक लाए थे, लेकिन थाना अध्यक्ष ने उस ट्रक को सांठगांठ कर छोड़ दिया। गौरक्षक दल के कार्यकर्ता अजय चौहान का कहना है कि उन्होंने कई बार राजेपुर थाना अध्यक्ष से ट्रक खोलकर दिखाने को कहा, लेकिन राजेपुर थाना अध्यक्ष ने ट्रक खोलकर नहीं दिखाया। गौ रक्षक दल के सदस्य ने थाना अध्यक्ष की कार्य प्रणाली पर संदेह जताया।

## ट्रैक पर लकड़ी के टुकड़े डालने वाले दो युवक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन संगठन के जिला अध्यक्ष के पुत्र सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव भटासा स्टेशन के पास लगभग 300 मीटर की दूरी पर आम की लकड़ी के टुकड़े देर रात्रि ट्रैक पर डाल दिये थे। जैसे ही पैसेन्जर ट्रेन संख्या-05389 कासगंज-फर्रुखाबाद ट्रैक से गुजरी, तभी पायलट ने लकड़ी के टुकड़े देख लिये और ट्रेन रोकने का प्रयास किया। जब तक ट्रेन रुकती आम की लकड़ी के टुकड़े इंजन में फंस गये थे। काफी प्रयास के बाद लकड़ी का टुकड़े नही निकला, तो कायमगंज भटासा स्टेशन के पूर्व गेट मैन ने लोहे की राड से ट्रेन के इंजन मे फंसा हुआ लकड़ी का टुकड़ा निकाला। इसके बाद ट्रेन आगे बढ़ी थी। आज पुलिस ने मुखविर की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत के पुत्र देव सिंह राजपूत तथा मोहन उर्फ मोन्टी बाथम पुत्र मनीराम बाथम निवासीगण अरियारा थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर मेडीकल परीक्षण करवाकर दोनो को जेल भेज दिया।

## पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा गौ तस्करी का धंधा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** तस्कर गौकशी करने के लिए पैदल बैल लेकर दूसरे जनपद की सीमा में पुलिस के सहयोग से प्रवेश कर जाते हैं। जनपद की सीमा चौकी पर तैनात होमगार्ड चंद रुपए लेकर उन्हें आसानी से सीमा पार करा देते हैं। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंपिल अटैना चौकी पर तैनात होमगार्ड रात के अंधेरे में क्षेत्र के गांवों से तस्कर गौकशी के लिए बैल पड़ोसी जनपद में ले जाते हैं। तस्कर चौकी पर तैनात होमगार्ड सिपाहियों को रुपए देकर आसानी से दूसरे जनपद की सीमा में घुस जाते हैं। जिससे गौ तस्करी का धंधा जोरों से फलफूल रहा है। सोमवार देर शाम दो युवक पैदल 4 जोड़ी बैल लेकर अटैना पुल की तरफ जाते हैं। वहाँ मौजूद पुलिस वाले 350 रूपये लेकर उन्हें जिले की सीमा पार करा देते है। किसी ने रुपए लेने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुत्र ने मां-बाप व बहन को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम भारत नगर निवासी गिरिजा देवी पत्नी पप्पू ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया है कि मेरे पास केवल चार बीघा खेत है। उस खेत पर मेरा पुत्र अश्नील कुमार कब्जा किए हुए हैं। जो कुछ खेत में फसल होती है खुद बेच लेता है। मुझे कुछ नहीं देता है। मैं एवं मेरी पुत्री रेखा देवी एवं पति पप्पू मजदूरी करके गुजारा करते हैं जब अपने पुत्र से कुछ कहता हूँ तो मारने को दौड़ पड़ता है। आज रात करीब 7.00 बजे इसी बात को लेकर हम सब लोगों के साथ मारपीट की।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना मेरा उद्देश्यः कविता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बनी प्राथमिक

## शिक्षा के प्रहरी

विद्यालय सराह की प्रधानाध्यापिका कविता अग्निहोत्री ने बताया कि मेरे परिवार में सभी लोग शिक्षक है। बचपन से ही पिता नवलकांत अग्निहोत्री एवं मां की प्रेरणा से मैं आगे बढ़ी। छात्रा जीवन में मेधावी रही।

## हॉवी- पढ़ना और बच्चों को पढ़ाना

पिता के अलावा चाचा एवं ताऊ भी शिक्षक है। पति अमित मिश्रा भी शिक्षक है। पढ़ाने के अलावा ज्यादातर समय बच्चों के साथ व्यतीत करती हूं। उन्हें भी पढ़ाकर आगे शिक्षक बनाने का उद्देश्य है। हाईस्कूल 1998 में कनोडिया बालिका इंटर कालेज में किया। इंटर 2000 में इसी विद्यालय से पास किया। बीए बद्री विशाल महाविद्यालय से किया और एमए की पढ़ाई बद्री विशाल महाविद्यालय से पूर्ण की। 2007 में बीटीसी डायट रजलामई से पूर्ण की। शुरु से पढ़ने लिखने की हॉवी बनी रही। शिक्षिका बनने के बाद प्राथमिक विद्यालय सराह में तैनाती मिली। शासन द्वारा योजनाओं को क्रियांवन कराना और बच्चों को उनका लाभ दिलाना मेरा उद्देश्य रहा। विद्यालय के बाद ज्यादातर समय बच्चों को देती हूं। जिससे वह पढ़कर आगे परिवार व जिले का नाम रोशन कर सकें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना मेरा उद्देश्य है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के तहत खेल एवं व्यायाम कराती हूं। विभिन्न रैलियों में बच्चे प्रतिभाग करते है। पर्यावरण जागरुकता रैली, संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली, स्वच्छता अभियान रैली, जल संचयन रैली, स्कूल चलो अभियान रैली के अलावा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती है। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए व्यायाम व योगा कराया जाता है। मेरी शासन से मांग है कि शिक्षकों के हितों को देखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाये, चिकित्सा सुविधा दी जाये, चिकित्सकों की ऑनलाइन अवकाश प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया जाये। ग्रामीण गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उन्हे पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराती हूं। जिससे वह परीक्षा में अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हो। मेधावी छात्र-छात्राओं को निजी स्तर से पुरुस्कृत करती हूं। समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। जिनके माध्यम से उनका ज्ञानावर्धन होता रहता है। विद्यालय में शैक्षिक व्यवस्था को सुद्रण करने के लिए सभी शिक्षकों का सहयोग मिलता है।

नाम- कविता अग्निहोत्री
पद- प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय सराह, ब्लाक राजेपुर
पति- अमित मिश्रा, शिक्षक
योग्यता- एमए, बीटीसी
प्रेरण श्रोत- मेरे माता पिता
हावी- पढ़ना व बच्चों को पढ़ाना
तैनाती- प्राथमिक विद्यालय सरहा, ब्लाक राजेपुर
मांग- पुरानी पेंशन बहाल की जाये
कार्य- खेल-खेल में बच्चों को पढ़ना आदि
आदर्श- स्वामी विवेकानंद
सम्मान- जिला स्तर पर शैक्षिक सम्मान आदि
उद्देश्य-बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना



**कविता अग्निहोत्री**
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय सराह, ब्लाक राजेपुर



झण्डारोहण करती सहायक अध्यापिका कविता अग्निहोत्री

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

# सहायक विकास अधिकारी पंचायत का डीएम ने रोका वेतन

- आरआरसी वसूली में शिथिलता बरतने पर हुई कार्रवाई
- जिला पंचायत राज अधिकारी से स्पष्टीकरण किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आर0आर0सी0 की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आर0आर0सी0 की वसूली कम पाई गई। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि आर0आर0सी0 की वसूली का कार्य संतोषजनक नहीं है, ये लापरवाही का घोतक है। डीएम ने कहा कि ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा धनराशि जमा करायें।

जिलाधिकारी द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने पर जनपद के सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत का वेतन रोकने के आदेश दिये। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का चारपाई पर हाथ पैर बंधा पड़ा मिला शव

- नाती के साथ अकेला रहता था वृद्ध, परिजन बाहर रहकर करते हैं मेहनत मजदूरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**बीते रात** संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हाथ पैर बांधकर हुई हत्या के मामले में परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी मेहंदी हसन पुत्र बुद्धू खान अपने घर पर अकेले सोए हुए थे। उनके साथ उनका नाती नौसीम भी उनके साथ रहता है, जबकि अन्य परिजन बाहर रहकर मेहनत मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं परिजनों के बताए अनुसार रात में जन्माष्टमी का प्रोग्राम देखने के लिए नौसीम अपने दोस्तों के साथ गांव के मंदिर पर गया हुआ था। जब वह वहां से वापस लौटा, तो वह अपने पड़ोस के ही दूसरे घर में लेट गया। देर रात वह लघुशंका के उठा, तो देखा कि उसके घर के दरवाजे खुले पड़े हैं। तब उसने अपने बाबा को झांककर देखा, तो उसे कुछ शक हुआ। जब वह घर के अंदर गया, तो देखा कि बरामदे में विस्तर पर उसके बाबा मेहंदी हसन का शव औधे मुंह पड़ा था। जिसके हाथ कपड़े के चादर से बंधे हुए थे और मुंह में अंगूठा घुसा हुआ था। यह देख नौसीम घबरा गया और वह बाहर निकलकर चीखने चिल्लाने लगा। जिस पर काफी लोग मौके पर पहुंच गये और मामले की जानकारी ली। लोगों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिरौली के हलका इंचार्ज नरेश चंद्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की तथा घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर रात में ही फॉरेंसिक टीम, एसओजी टीम तथा क्षेत्राधिकार सहित कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई हेतु भेज दिया। जब पिता के मौत की सूचना पुत्र यासीन व सल्लू को मिली, तो सल्लू जो कि बेवर भोगांव में रहता है वह सूचना मिलने पर मौके पर आ गया और थाने जाकर थाना पुलिस को अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। मृतक के चार पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। पिता की मौत की सूचना पाकर सभी गांव पहुंचे और रोने बिलखने लगे तथा थाना पुलिस से घटना का खुलासा करने की मांग की। वहीं एसओजी प्रभारी जितेंद्र पटेल भी अपने स्तर से घटना का खुलासा करने में लग गये हैं। वहीं देर शाम पुलिस ने नाती नौसीम व एक महिला सहित पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

# सदस्यता अभियान को फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता करेंगे पूराः डा. इमरान

▸ दोनों किशोरियों की फांसी की घटना की निष्पक्ष हो जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कानपुर-आगरा मण्डल के प्रभारी डा0 इमरान ने सदस्यता अभियान को बढ़ावा देने के लिए जनपद का दौरा किया। साथ ही दो किशोरियों को फांसी पर लटकाये जाने का आरोप लगाकर निष्पक्ष जांच की मांग की और पोस्टमार्टम हाउस में जाकर परिजनों से मिले। आवास विकास स्थित लोहिया प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से रुबरु होते हुए डा0 इमरान ने कहा कि जिले के सभी फ्रंटल अध्यक्ष व पार्टी के लोग सदस्यता अभियान को पूरा करेगें। लगातार कार्य कर रहे है। सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही सदस्यता अभियान पूरा करने वालों की जांच होगी। जो सदस्यता अभियान पूरा करेगें वह सम्मानित किये जायेगें। उन्होंने कायमगंज में किशोरियों को फांसी पर लटकाये जाने की घटना को दुखद बताया। ऐसी घटना ने लोगों को सर्मसार किया है। प्रशासन इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करें और पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाये। डा0 नवल किशोर शाक्य ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों किशोरियों की हत्या की गई है परिवार के लोग साफ कह रहे है कि हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि यूपीएस दिखावे की स्कीम है। शिक्षकों व कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन बहाल होनी चाहिए। पूरा विपक्ष पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में है। सपा की सरकार बनी तो सबसे पहले कर्मचारियों के हितों को देखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जायेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, मंदीप यादव, मतीन खान, विजय यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, इलियास मंसूरी, इजहार खान, अनुराग यादव, हर्ष गंगवार, शिवम यादव, प्रवक्ता विवेक यादव, शशांक सक्सेना, शिवशंकर शर्मा, बेंचेलाल यादव आदि लोग मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता के बाद जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार के निवास पर डा0 इमरान ने जाकर उनकी माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



वार्ता करते छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 इमरान — समृद्धि न्यूज

# सेवा समिति ने डीएम को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सेवा समिति** फर्रुखाबाद की ओर से हर साल 15 अगस्त से 31 अगस्त तक सालाना कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया जाता है। प्रशासनिक सेवाओं के लिए जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष फरियांब खान ने बताया कि संस्था हर साल यह कार्यक्रम कई सालो से चला रही। जो अधिकारी अपनी सेवाओं को अच्छे से देते है उनको संस्था सम्मानित करती है। शहर अध्यक्ष हिलाल शाफिकी ने बताया कि संस्था हमेशा से फर्रुखाबाद की सेवा हमारी जिम्मेदारी के तहत कार्य करती है। अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा निभाती रहेगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष तालिब मंसूरी, डॉ0 शकील अहमद, मास्टर सलीम, अमन सलामनी, फरीद खान, अमन खान, आदिल अहमद आदि मौजूद रहे।



डीएम को सम्मानित करते सेवा समिति के पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### बैठक में प्रधानाचार्यों की समस्याओं के निराकरण की उठी मांग




प्रधानाचार्य की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानाचार्य परिषद की बैठक कानपुर के जयनारायन इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने की। बैठक में प्रदेश महामंत्री संदीप कुमार चतुर्वेदी व प्रदेश संयोजक अंगद सिंह ने भाग लिया। विभिन्न जनपदों से दो दर्जन से अधिक प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया। संचालन प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने किया। डा0 गिरीश कुमार मिश्रा ने सभी का परिचय करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंत्री सिंह व डा0 धर्मेन्द्र अवस्थी, डा0 अनीता सिंह ने हाईस्कूल, इंटर के प्रधानाचार्यों के वेतन विसंगति के संबंध में विचार रखे। डा0 पंकज शुक्ला ने कहा कि प्रधानाचार्यों के साथ दुर्व्यहार के बारे में विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रधानाचार्यों का विनिमियतीकरण, बोर्ड परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्यों में एच्छिक ड्यूटी लगाये जाने व शुक्ल वृद्धि आदि मांगों पर बल दिया। प्रांतीय महामंत्री संदीप कुमार चतुर्वेदी ने ब्योरा प्रस्तुत किया। साथ ही 18 मण्डलों के प्रमुखों की नियुक्ति शत-प्रतिशत सदस्यता अभियान, जनपद व मण्डल स्तर पर धरना प्रदर्शन आदि पर विचार रखे। साथ ही नवीन मण्डलीय कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें मण्डलीय अध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, महामंत्री प्रेमनारायन राजपूत, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, संरक्षक अंगद सिंह, प्रांतीय महामंत्री संदीप कुमार चतुर्वेदी, प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, जिलाध्यक्ष मंत्री सिंह, संरक्षरण मंत्री हेमराज सिंह व सर्वेश सिंह, डा0 रतनलाल, डा0 अजय, डा0 पंकज शुक्ला, प्रेमनारायन, मनोज कुमार, अनीता गौर, अखिलेश कुमार मिश्रा, मधु द्विवेदी, अनीता सिंह, आरपी सिन्हा, अजय कुमार पाठक, प्रत्यूष शुक्ला मौजूद रहे।

### शिक्षक अभिभावक संघ की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

▸ अध्यक्ष हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा बने



शिक्षक-अभिभावक संघ की नवीन कार्यकारिणी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सभागार में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक संघ की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रधानाचार्य ने निवर्तमान कार्यकारिणी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही 2023-24 के शिक्षक-अभिभावक संघ का आय व्यय ब्योरा प्रस्तुत किया। सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, मंत्री डा0 संजीव कुमार त्रिवेदी, उपमंत्री नफीस, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह अभिभावक, सदस्य विश्वनाथ सिंह, भारती मौर्या व राजवीर सिंह राठौर, सरिता शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य प्रवण जालान मौजूद रहे। नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। गठन के दौरान दायित्वधारियों ने विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन प्रशासनिक कुशलता एवं वित्तीय संसाधनों की सक्षमता हेतु प्रयास करने पर बल दिया।

### भारतीय महाविद्यालय में संस्कृत प्रतियोगिता आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के संस्कृत संस्थानम लखनऊ द्वारा जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय महाविद्यालय में 28 अगस्त बुधवार को 9:30 बजे होगा। प्रतियोगिता में संस्कृत गीत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता, संस्कृत गद्द्द वाचन प्रतियोगिता, संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह जानकारी आयोजक प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश ने दी है।

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गूंजे जयकारे

▸ शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजे मंदिर, मनाया गया उत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आधी रात** को भगवान श्रीकृष्ण मथुरा से वासुदेव द्वारा यमुना पार करके वृंदावन गोकुलधाम नंद बाब माता यशोदा के घर पहुंचे, फिर क्या नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर में वैष्णो मंदिर में प्रातः काल मंगला दर्शन के साथ श्रीराधा माधव मंदिर, श्रीराधा शक्ति श्याम मंदिर मंदिर, ठाकुर द्वारा धुमना बाजार, राधा गोपाल मंदिर, महाकाल मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री गोपीनाथ मंदिर, श्री राधा रमण मंदिर में पुजारी ने मंगला दर्शन के साथ पूजा अर्चना आरती की। भगवान श्री कृष्णा, लड्डू गोपाल का पंचामृत से अभिषेक किया एवं भव्य श्रृंगार, दर्शन, मंगल गीत, बधाइयां भजन, कीर्तन हुआ। कहीं छप्पन भोग तो कहीं भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भजन कीर्तन के साथ महिलाओं ने बधाई गीत गाए। लाला को जन्म सुनाई यशोदा मैया दे दो बधाई, कंगना भी दे दो पायल भी दे दो यशोदा मैया नंद बाबा दे दे बधाई, गोकुल में बजे बधाई ब्रज में जन्मे कृष्ण कन्हाई। राधे-राधे, कृष्णा-कृष्णा की भजन गायको एवं महिला सकीर्तन मंडल ने नंद बाबा की उत्सव में धूम मचा दी। चिन्मय गोस्वामी द्वारा महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विराम किया गया। शायं कालः मंदिर में भजन कीर्तन मंगल गीत बधाई देर रात तक कार्यक्रम चला रहा भक्तों ने उत्सव का आनंद लिया वृंदावन बन गया फर्रुखाबाद। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगण अशोक अग्रवाल, नरेश वर्मा, रामकुमार मल्होत्रा, पवन बंसल, अवनीश गोयल, ब्रजकिशोर वर्मा, राधा रमन अग्रवाल, लाला, सुरेंद्र सफ्फड़, अशोक विश्वकर्मा, कुसुम अग्रवाल, शैली रस्तोगी, मीरा रस्तोगी, ममता वर्मा, अशोक मिश्रा, कुसुम रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पूजन करते चिन्मय गोस्वामी — समृद्धि न्यूज

# मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव मदायन भान नगर निवासी विजय सिंह पुत्र धन सिंह ने अपने मृतक बड़े पुत्र विक्रम सिंह की पत्नी सीमा उसके पुत्र मोहित कुमार पुत्री मोहिनी तथा सीमा के साथी श्याम कुमार उर्फ टेनी पुत्र रतीराम व टेनी की पत्नी रकमवती निवासीगण ग्राम मदायन भान नगर थाना मेरापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार विजय सिंह के बड़े पुत्र विक्रम सिंह की 5 दिसम्बर 2020 को मृत्यु हो गई थी। सीमा मेरे मृतक बड़े पुत्र विक्रम की पत्नी मेरी पुत्रवधु है, लेकिन सीमा ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उनासी निवासी सुखवीर यादव के साथ विवाह कर लिया। इस समय सीमा मेरापुर थाने के सामने निवास करती है। 24 अगस्त समय सुबह 7:30 बजे सीमा अपने पुत्र व साथियों के साथ आई और उसने अपने पुत्र मोहित कुमार से हथौड़ा द्वारा मेरे मकान का ताला तुड़वाकर अन्दर घुसकर अपना कब्जा जमाने लगे। जब विजय सिंह ने इस बात विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने मिलकर विजय सिंह व विजय सिंह की पत्नी उर्मिला देवी व पुत्री एकता को हथौड़ा, लाठी-डंडो, लात, घूंसों से मारपीट कर बेहोश कर दिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उक्त सभी आरोपित मौके से भाग गए। मेरापुर पुलिस ने मारपीट में घायल हुए लोगों को उपचार हेतु सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी।

# भाजपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भाजपा फतेहगढ़** मण्डल की बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। साथ ही सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में सभी मण्डल की टीम व मोर्चा के अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। लक्ष्य के अनुसार सभी को सदस्य बनाने के लिए निर्देशित किया गया। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व जिला महामंत्री डीएस राठौर एवं जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने सदस्यता अभियान को लेकर विचार व्यक्त किये। इस मौके पर ममता सक्सेना, फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान, चित्रा अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# संजय सोमवंशी भाकियू (अखंड प्रदेश) राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित, अवधेश बने राष्ट्रीय सचिव

▸ किसान आयोग के गठन और किसानों को पेंशन दिलाने को संगठन चलायेगा मुहिम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मसेनी स्थित** भाकियू अखंड प्रदेश के कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। समाजसेवी संजय सोमवंशी को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी ने कहा कि संगठन किसानों को पेंशन दिलाने और किसान आयोग का गठन कराने के लिए मुहिम चलाएगा। संगठन का जल्द ही पूरे प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। मसेनी स्थित कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव के नेतृत्व में प्रेस वार्ता हुई। जिसमें नए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यकारणी के पदाधिकारियों की घोषणा की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी संजय सोमवंशी को बनाया गया। वही अवधेश सिंह सोमवंशी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। प्रदेश कार्यालय प्रभारी के तौर पर धीरेंद्र यादव को जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी ने कहा कि उनका संगठन किसानों के लिए हर संघर्ष करने को तत्पर रहेगा। किसानों को तहसील और बिजली विभाग में खासी समस्या आती है इसलिए उनकी मांग है कि किसान हेल्प डेस्क और किसान हेल्पलाइन बनाई जाए। किसान आयोग का गठन हो, जिसमें किसानों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही जिले में बाढ़ का प्रकोप है, अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांव को बाढ़ से बचने के लिए बांध का निर्माण करना संगठन की प्रमुख प्राथमिकता होगा। बाढ़ का प्रकोप खत्म होते ही बाढ़ प्रभावित खेतों का सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा प्रशासन देने का काम करें। इस दौरान नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अवधेश सिंह सोमवंशी ने कहा कि वह अपनी मांगों के लिए और किसानों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे, अगर उनकी किसानों के हित की मांग नहीं मानी जाती है तो वह जेल भरो आंदोलन भी करेंगे। इस मौके पर राजेश दीक्षित बबलू मौजूद रहे।



वार्ता करते संजय सोमवंशी व अन्य — समृद्धि न्यूज

# मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेजर ध्यानचन्द्र** के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय बॉक्सिंग जूनियर बालक वर्ग खेल प्रतियोगिता का आयोजन फतेहगढ़ स्थित स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह व विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज यादव ने बॉक्सिंग फाइट की बाउट प्रारंभ कराकर किया। प्रतियोगिता के दौरान बॉक्सिंग संघ के जिलाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, योगेश शुक्ला, वासु अग्रवाल, अंकित कटियार, अनुज वर्मा मौजूद रहे। बॉक्सिंग प्रतियोगिता 10 किलो भार वर्ग में आयोजित हुई। 52 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 33 से 35 किलो भार वर्ग में हर्ष प्रताप प्रथम, दीपक राजपूत द्वितीय, आराध्य कटियार तृतीय रहे। 35 से 37 किलो भार वर्ग में रजत प्रथम, आयुष द्वितीय, आरव तृतीय रहे। 37 से 40 किलो भार वर्ग में सचिन प्रथम, अरमान बाबू द्वितीय, सिकंदर तृतीय रहे। 40 से 43 किलो भार वर्ग में अंकित प्रथम, अनिरुद्ध द्वितीय, सक्षम तृतीय रहे। 43 से 46 किलो भार वर्ग में सूरज प्रथम, चिराग द्वितीय, आशीष राजपूत तृतीय रहे। 46 से 49 किलो भार वर्ग में सुबोध प्रथम, इंद्रबहादुर द्वितीय, कुलदीप तृतीय रहे। 49 से 52 किलो भार वर्ग में विशेष प्रथम, मोहम्मद फरदीन द्वितीय, उज्ज्वल तृतीय रहे। 52 से 55 किलो भार वर्ग में आकाश प्रथम, सत्यम द्वितीय, रत्नेश तृतीय रहे। 55 से 58 किलो भार वर्ग में शिवम राजपूत प्रथम, शिफल द्वितीय, अभिज्ञान तृतीय रहे। 60 से 61 किलो भार वर्ग में पारस प्रथम, अभिनव सिंह द्वितीय, अर्जुन तृतीय रहे। प्रतियोगिता में संजीव कटियार, अथम पटेल, कुलदीप यादव, अरुण कुमार, सचिन सिंह, कुलदीप शर्मा, निशा परिहार, करन कुशवाहा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

## नगर पालिका से ट्यूबवेल ठीक कराने की कादरीगेट के लोगों ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिछले कई महीनों से कादरीगेट थाने के पीछे नगर पालिका का ट्यूबवेल खराब है। कई बार स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि ट्यूबवेल सही कराया जाये, लेकिन उसके बावजूद ट्यूबवेल ठीक नहीं कराया गया है। नगर पालिका के प्रति रोष है। कादरीगेट क्षेत्र के लोग पिछले तीन महीनों से ट्यूबवेल खराब होने के कारण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है। बहुत से लोगों के घर में ना ही समर है और हैंडपंप है। ऐसे में ट्यूबवेल ही एक सहारा है। कई बार शिकायत करने के बावजदू भी ट्यूबवेल की मरम्मत नहीं की गई। जिस कारण तीन महीनों से पानी की समस्या से स्थानीय लोग जूझ रहे है। शीघ्र अगर ट्यूबवेल ठीक नहीं किया गया तो कादरीगेट क्षेत्र के लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# ब्लाक कमालगंज इकाई द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई कमालगंज के द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अवनीश चौहान का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के हित में सदैव खड़े रहने के लिए तैयार है और इस वादा को हमेशा निभाता रहूंगा। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश चन्द्र पाल से मिला। सत्र 2023 व 24 में आयोजित एफएलएन दिव्यांग प्रशिक्षण आदि का प्रशिक्षण भत्ता का भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग की तथा एमडीएम व कन्वर्जन कास्ट का भुगतान करने की मांग की। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश चन्द्र पाल, लिपिक रिषव शुक्ला के अलावा बलवीर सिंह यादव, ओमपाल सिंह चौहान, गजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र नारायन, किशन पाल सिंह, इसरार अहमद, राजीव राजपूत, सुनील कुमार सुमन, सत्यभान सिंह, शैलेन्द्र चौहान, अजय कटियार, सतीश मिश्रा, अमित राजपूत, फहीम उल्ला, विकार अहमद, शाहीद खान, अनुपम त्रिपाठी आदि शिक्षक मौजूद रहे। संचालन राजीव राजपूत ने किया।



जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान का स्वागत करते शिक्षक

# जिला पर्यटन एवं सांस्कृति परिषद की डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। एजेंडावर परिषद की बैठक का संचालन सदस्य सचिव/जिला पर्यटन सूचनाधिकारी डॉ0 एम0 मकबूल ने किया।

बैठक में सचिव ने परिषद को जनपद में चल रहे पर्यटन विकास कार्यो के संबंध में अवगत कराया। डीएम ने कार्य को समय से, गुणवत्तापूर्ण, मानक एवं विशिष्ता के साथ पूर्ण किए जाने एवं जिन स्थलों पर कार्यों में कमियां है उसे दुरुस्त किए जाने तथा संबंधित कार्यों हेतु गठित टास्कफोर्स के संबंध में प्राप्त आख्या के अनुरूप कार्य की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाने का निर्देश दिया। जनपद में कतिपय स्थलों पर पर्यटन स्थलों पर साइनेज लगाए जाने का कार्य एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराए जाने हेतु जिला योजना 2024-25 के अंतर्गत 50 लाख का अनुमोदन सशर्त प्रदान किया गया। 1 सितंबर से एक वर्ष के लिए प्रमुख स्थलों पर सांख्यिकी गणना, जिसमें आने वाले पर्यटकों/यात्रियों से सम्बंधित है के अंतर्गत जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को नामित कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाने का निर्देश दिया गया। जनपद में पर्यटन कार्यालय के निर्माण के लिए, जनपद मुख्यालय पर ऑडिटोरियम एवं शहीद स्मारक के निर्माण तथा जनपद की सबसे प्राचीन रामलीला स्थल के चिन्हांकन के संबंध में परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आवश्यक भूमि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी व भूमि की उपयोगिता के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में परिषद द्वारा जनपद में ऑडिटोरियम के निर्माण सहित शहीद स्मारक का निर्माण के संबंध में यथोचित कार्यवाही कराई जाने का निर्देश दिया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक सुशील कुमार शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, अध्यक्ष नगर पालिका, नगर पंचायत, कायमगंज, सांकिसा/नवाबगंज/समशाबाद, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति, परियोजना निदेशक ग्राम विकास अभिकरण एवं परिषद् में नामित सदस्य भूपेंद्र प्रताप सिंह, शरद चंदेल, सुरेंद्र सिंह सोमवंशी आदि बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि

# कोलकाता में प्रदर्शनकारियों को रोकने को पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या के परिप्रेक्ष्य में पीड़िता के लिए न्याय तथा महिला सुरक्षा में गिरावट को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने पर आमादा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं।

गैर-राजनीतिक छात्र समूह 'छात्र समाज' ने आज 'नबन्ना अभियान' (सचिवालय मार्च) का आह्वान किया था। प्रशासन ने पुलिस की अनुमति नहीं लिये जाने का हवाला देते हुए मार्च को अवैध और गैरकानूनी घोषित कर दिया था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने हावड़ा के संतरागाछी में बैरिकेड तोड़ दिया था। यहां के स्टेशन पर रेलवे ट्रैक से पत्थर उठाकर फेंके जाने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गये।

हावड़ा और कोलकाता में झड़पों में कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें भी की गयीं। हावड़ा के फोरशोर रोड पर कोना एक्सप्रेस हाईवे पर कुछ और बैरिकेड्स गिरने पर सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज, पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस ने हावड़ा ब्रिज पर भी राष्ट्रीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों पर इसी तरह की कार्रवाई की।

मार्च के आह्वान के मद्देनजर पुलिस ने सचिवालय के चारों ओर 19 जगहों पर बैरिकेडिंग की थी। सचिवालय की इमारत के चारों ओर लगभग छह हजार कर्मियों की बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया था, जिसमें लड़ाकू बल, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और बंगाल पुलिस तथा कोलकाता पुलिस के दंगा निरोधक पुलिस ने राज्य सचिवालय तथा हावड़ा और कोलकाता के पड़ोसी इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेड्स लगा दिए थे।

प्रदर्शनकारियों ने दो जगहों पर इकट्ठा होकर सचिवालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, जहां पुलिस ने उन्हें नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सुबह ही सचिवालय स्थित अपने कार्यालय पहुंच गयी थी , जहां सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा दायरा बढ़ा दिया था। इससे पहले कोलकाता से विद्यासागर सेतु (पुल) के जरिए नबन्ना जाने वाली सड़क पर सोमवार रात से यातायात रोक दिया गया था।

## संदीप घोष पर लटकी आर्थिक घोटाले की तलवार, ईडी भी करेगी जांच

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी उनके खिलाफ जांच शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, ईडी जल्द ही संदीप घोष के खिलाफ एक आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने जा रही है। यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की जा रही है। संदीप घोष को बहुत जल्द ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होना पड़ सकता है। आरजी कर अस्पताल में एक युवती डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इस मामले के बाद संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुए अन्य आर्थिक घोटालों की भी जानकारी सामने आई। पहले राज्य सरकार ने इन घोटालों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था।

# कंगना की फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका, बठिंडा में प्रदर्शन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को रोकने का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में पहुंच गया है। मोहाली निवासी गुरिंदर सिंह और गुरमोहन सिंह ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके फिल्म पर रोक लगाने तथा सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट रद्द किए जाने की मांग की है।

याचिका में आरोप लगाया गया है की इस फिल्म में सिख समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया है। इसलिए न सिर्फ इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई जाए बल्कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को पास कर सर्टिफिकेट जारी किया है, उसे भी रद्द किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि इस फिल्म को रिलीज करने से पहले एक्सपर्ट्स का एक पैनल बनाया जाए, जिसमें एसजीपीसी के नुमाइंदों को शामिल किया जाए, जो पहले इस फिल्म को देखे और इसमें जो भी विवादित सीन हैं, उन्हे रिलीज से पहले हटाया जा सके। हाई कोर्ट में अभी इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। इसी दौरान कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल के वकील इमान खारा ने भी एक याचिका दायर करके फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। इस बीच पंजाब के बठिंडा शहर में आज सिख समुदाय के लोगों ने एक थिएटर के बाहर प्रदर्शन किया।

## कंगना रनौत को पार्टी से निष्कासित करे भाजपा : अजय राय



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद अभिनेत्री कंगना रनौत के दिए गए बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश शुरू से रहा है । किसान इस देश की रीढ़ है। हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार है किसान और खेती। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से देश के अन्नदाता को अपने वाजिब हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मंगलवार को अपने महामंडल नगर लहुराबीर स्थित आवास पर मीडिया कर्मियों से मुखातिब थे। उन्होंने किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान की निंदा कर कहा कि कंगना ने पूरे देश के किसान भाईयों को गाली दी। जिस किसान आंदोलन में लगभग साढ़े सात सौ निर्दोष किसानों ने अपनी शहादत दी, उस आंदोलन को इस तरह अपमानित करना और किसानों के इस पूरे संघर्ष को गाली देना, किसान भाईयों को ही नहीं बल्कि समूचे देश को गाली देने जैसा है। हम सब किसान पुत्र हैं और हमारी रगों में किसानी लहू बहता है। भाजपा नेतृत्व से हमारी मांग है कि कंगना को पार्टी से तत्काल निष्काषित करे। सिर्फ कंगना के बयान से किनारा करने या फिर उनका व्यक्तिगत मत कह देने भर से काम नहीं चलेगा।

# अमित शाह आज बीपीआरएंडडी के 54वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को नई दिल्ली में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह नए आपराधिक कानून-नागरिक केंद्रित सुधार विषय पर डॉ. आनंद स्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान भी देंगे।

वह वर्ष 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (एमएसएम) विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे। समारोह के दौरान गृह मंत्री नए आपराधिक कानूनों पर ब्यूरो के प्रकाशन ÷भारतीय पुलिस जर्नल÷ के विशेष संस्करण का विमोचन भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में बीपीआरएंडडी भारतीय पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस करके पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 1970 में अपनी स्थापना के बाद से बीपीआरएंडडी अनुसंधान एवं विकास में पुलिसिंग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पुलिस के थिंक टैंक के रूप में काम कर रहा है। इस संस्थान का ध्यान पुलिस और सुधारात्मक सेवाओं के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करना, नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकियों की खोज करना, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता निर्माण, राज्यों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है।

## मैं मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा के चालू शरदकालीन सत्र के दूसरे दिन में कहा कि मैं मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा करने नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी विधायकों ने हंगामा करने के साथ एक के बाद एक मुद्दा उठाकर मुख्यमंत्री को परेशान करने की कोशिश की। मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष के जब मियां मुसलमानों का असम पर कब्जा करने की बात कही तो मुख्यमंत्री डॉ. सरमा आग बबूला हो गये। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा असम विधानसभा के चल रहे शरदकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के प्रश्नों का सदन में जवाब दे रहे थे। राइजर दल के एकमात्र विधायक अखिल गोगोई समेत विपक्षी विधायकों ने नगांव जिलांतर्गत धिंग में 10वीं कक्षा की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना और शिवसागर में मियां बहिष्कार की घटना को लेकर विधानसभा सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के बाद एक चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री को घेरने की कोशिश की।

# इंग्लैंड ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, हीथ, फ्रेया केम्प, गिब्सन शामिल

एजेंसी



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20-विश्व कप के लिए इंग्लिश टीम की घोषणा कर दी है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज बेस हीथ, ऑलराउंडर फ्रेया केम्प और डेनिएल गिब्सन नया चेहरा हैं। हीथर नाइट चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगी।

टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में कम से कम 12 सदस्य दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 2023 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। लॉरेन विनफील्ड-हिल, केट क्रॉस और कैथरीन साइवर-ब्रंट (सेवानिवृत्त) तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जो 2024 बैच का हिस्सा नहीं हैं। गिब्सन 2023 में टीम के साथ थीं, लेकिन केवल एक यात्रा रिजर्व के रूप में। टीम को लेकर पर कप्तान नाइट ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में शामिल होने के लिए विश्व कप हमेशा विशेष आयोजन होते हैं और यूएई में कार्यभार संभालने के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे मैं वास्तव में उत्साहित हूं। टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। एक और विश्व कप हम आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। मुख्य कोच जॉन लुईस ने कहा, खिलाड़ियों के इस समूह के साथ टीम का चयन करना अविश्वसनीय रूप से मुश्किल और कठिन हो गया है। ऐसे खिलाड़ी हैं जो वास्तव में दुर्भाग्यशाली रहे हैं कि वे बाहर हो गए हैं और हम भविष्य में इंग्लैंड क्रिकेट के लिए जो करेंगे वे उसका एक बड़ा हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चुने गए 15 खिलाड़ी हमें अनुभव और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन परिस्थितियों से निपटने और उत्कृष्टता हासिल करने के मामले में एक बहुत अच्छी तरह से संतुलित टीम देते हैं, जिनके बारे में हमें लगता है कि हमें संयुक्त अरब अमीरात में सामना करना पड़ेगा।

## खबरें एक नजर में

### इमरजेंसी से सिखों की भावनाएं भड़काने वाले दृश्य काटने की मांग

**चंडीगढ़।** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कंगना रानौत की फिल्म इमरजेंसी का विरोध करते हुए निर्माताओं को नोटिस भेजकर सिखों की भावनाओं को भड़काने वाले दृश्य काटने की मांग की है। एसजीपीसी के कानूनी सलाहकार अमनबीर सिंह स्याली की तरफ से भेजे गए नोटिस में फिल्म के जारी किए गए ट्रेलर को सार्वजनिक प्लेटफार्म से हटाकर लिखित माफी मांगने के लिए कहा गया है। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि कंगना रानौत की फिल्म इमरजेंसी के संबंध में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा सेंसर बोर्ड के चेयरमैन प्रसून जोशी को भी पत्र लिखा गया था। इन पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के निर्देशानुसार कंगना रानौत की फिल्म को लेकर नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेलर जारी होने के बाद ही सिख संगत में भारी रोष है।

### सोने में सपाट कारोबार, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी के भाव में आज मामूली कमजोरी नजर आ रही है। भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज भी 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। कीमत में आई इस गिरावट की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 87,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### श्रेया फाउंडेशन ने चार नए सामाजिक प्रोग्राम की घोषणा की



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्रेया ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने समाज में अपनी जिम्मेदारी को और भी गंभीरता से निभाते हुए, आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए चार नए सामाजिक प्रोग्राम की घोषणा की है। यह पहल श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा लखनऊ स्थित कंपनी के मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में की गई। उन्होंने बताया कि इस पहल में चार प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं – 1.बी. एम.आई. पी. (बिल्डिंग मटेरियल इनिशिएटिव प्रोग्राम) इस प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन के श्रेया आशियाना प्रोग्राम के माध्यम से उन जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा जो किराए के मकान में रहते हैं या जिनके पास केवल जमीन है और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। 2.सी. ई. पी. (चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम)- इस कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए श्रेया फाउंडेशन उनकी फीस का भार उठाएगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। यह प्रोग्राम एलकेजी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए होगा। 3.एच. इ. पी. (हायर एजुकेशन प्रोग्राम) यह प्रोग्राम उन बच्चों के लिए है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सक्षम नहीं हैं। श्रेया फाउंडेशन इन बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। 4.जी.एम.आई.पी. (गर्ल्स मैरिज इनिशिएटिव प्रोग्राम) इस प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करेगा।

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम के पहलुओं पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** यूनिफाइड पेंशन स्कीम के संदर्भ में मंगलवार को उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय द्वारा कार्मिक शाखा के सभागार में उत्तर रेलवे मैन्स यूनियन के पदाधिकारियों और कार्मिक शाखा के पदाधिकारियों के साथ एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सुजीत कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर रेलवे, राजीव बजाज, मुख्य कार्मिक अधिकारी/आई.आर. तथा उप मुख्य कार्मिक अधिकारी अवधेश कुमार द्वारा सरल प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूपीएस के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में एन.आर.एम.यू. के अध्यक्ष एस.के.त्यागी एवं मण्डल सचिवों तथा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ कार्मिक शाखा के समस्त अधिकारियों एवं सभी मुख्य अधीक्षकों ने भी यू.पी.एस. के बारे में विस्तार से समझा व अनेक पहलुओं से गहन चर्चा की ।

## केरल के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। केरल के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार इस बैठक में भूस्खलन से प्रभावित वायनाड के पुनर्वास पर चर्चा की गई। उन्होंने केंद्र द्वारा मांगा गया एक अतिरिक्त, विस्तृत ज्ञापन भी प्रधानमंत्री को सौंपा।

## निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अमेरिका जाएंगे स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के वास्ते मंगलवार की रात अमेरिका के लिए रवाना होंगे। श्री स्टालिन 17 दिनों के लिए अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे और आगामी 12 सितंबर को उनकी वापसी की उम्मीद है। श्री स्टालिन अमेरिका में निवेशकों, उद्योगपतियों और व्यापारियों से मिलेंगे और तमिलनाडु में निवेश करने के लिए उनसे बातचीत करेंगे। उनकी यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की भी उम्मीद है। वह सैन फ्रांसिस्को से शुरुआत करेंगे और 2030 तक तमिलनाडु को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निवेशकों से मिलने के लिए शिकागो भी जायेंगे। उनके अमेरिका में तमिल प्रवासियों से मिलने और बातचीत करने की भी उम्मीद है। राज्य के उद्योग मंत्री टी आर बी राजा पहले ही अमेरिका पहुंच चुके हैं और संभावित निवेशकों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ प्रारंभिक बैठकें कर चुके हैं। मई 2021 में पहली बार मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद श्री स्टालिन की यह तीसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात, स्पेन, सिंगापुर और अन्य देशों का दौरा किया था और निवेशकों के साथ समझौते किए थे। पिछले तीन वर्षों में राज्य ने 09 लाख 74,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित किया है, जिससे 31 लाख लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ है। श्री स्टालिन ने कुछ दिन पहले टीएन निवेश सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसमें उन्होंने 17,616 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

# विकसित भारत की बुनियाद रखेगा उत्तर प्रदेश का राज्य मुक्त विद्यालय

### एजुकेट गर्ल्स पत्राचार शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में यूपी राज्य मुक्त विद्यालय के लिए पाठ्यवस्तु निर्माण कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों की शिक्षा के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संस्था, एजुकेट गर्ल्स ने पत्राचार शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के गठन की प्रक्रिया में माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से प्रयागराज में दो-दिवसीय पाठ्यवस्तु निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों को मुक्त विद्यालयी शिक्षा से जोड़कर उनको सुगम एवं बोधगम्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना रहा।कार्यशाला में समावेशी एवं स्व-शिक्षा केंद्रित पाठ्य सामग्री निर्माण पर विशेष बल दिया गया। स्व-शिक्षा केंद्रित पाठ्य सामग्री के माध्यम से रोज़गारोन्मुखी युवा पीढ़ी तैयार कर, देश के महत्त्वाकांक्षी विकास कार्यक्रमों को अधिक गति प्रदान कर सकते हैंढ्ढ इसके अतिरिक्त कार्यशाला में लिंग-तटस्थ भाषा और जीवंत चित्रों के साथ छोटे और सरल अध्याय विकसित करने तथा मूल्यांकन के माध्यम से सीखने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सत्र शामिल थे।

उत्तर प्रदेश मुक्त शिक्षा विद्यालय के पाठ्यक्रम को सूचित और समृद्ध करने के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य ओपन स्कूलों की अंतर्दृष्टि साझा की गई। चर्चाओं में एक आकांक्षी समाज के निर्माण के लिए कौशल-केंद्रित, नवीन रणनीति के लाभों पर भी चर्चा की गई, साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लिखित लक्ष्यों के साथ सहज रूप से संरेखित करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक मानकीकृत पाठ्यक्रम पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में श्री भगवती सिंह, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा 2023 को आधार बनाकर पाठ्य सामग्री के विकास पर जोर देते हुए कहा कि, ऐसी पाठ्य सामग्री विकसित हो जिससे स्कूल से दूर रह गए बच्चों का पढ़ने में मन लगे ढ्ढ पाठ्य-सामग्री रोचक भी बने जिससे शिक्षक के बिना भी बच्चे स्वयं पढ़ने के लिए प्रेरित हो सकें। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय की स्थापना की जानी है÷ एजुकेट गर्ल्स की प्रगति कार्यक्रम की निदेशक गीतिका हिगिंस ने शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया तथा इस दिशा में संस्था के प्रयासों को रेखांकित किया।

# ऑनलाइन ई-पास बनाकर देख सकेंगे भारत-पाक बॉर्डर

एजेंसी



**जैसलमेर।** जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा को देखना अब ज्यादा आसान हो गया है। सीमा सुरक्षा बल ने वेबसाइट बनाकर अब बॉर्डर देखने के लिए ऑनलाइन ई-पास बनाने की सुविधा जारी कर दी है। अब भारतीयों को सरहद जाना आसान हो सकेगा और वे जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर को देख सकेंगे। ऑनलाइन ई-पास की जानकारी देते हुए बीएसएफ डीआईजी नॉर्थ सेक्टर योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अगर आप जैसलमेर घूमने का प्लान कर रहे हैं तो भारत-पाकिस्तान बॉर्डर देखने के लिए खबर अच्छी है।

अब बॉर्डर देखने के लिए आवश्यक पास लेने के लिए तनोट माता मंदिर में लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं हैं। तनोट माता ट्रस्ट ने एक वेबसाइट जारी कर ई-पास बनाने की सुविधा शुरू की हैं। दरअसल, जैसलमेर में इन दिनों पर्यटन सीजन का आगाज हो चुका है और आने वाले दिनों में सैलानियों का बूम जैसलमेर में उमड़ेगा। फिलहाल सामान्य रूप से पर्यटकों की आवक शुरू हो गई है। ऐसे में यहां आने वाला हर सैलानी बॉर्डर देखने की इच्छा रखता है। ऐसे में अब भारत-पाक बॉर्डर देखने वाले सैलानियों को तनोट में सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर लाइन लगाकर पास बनवाने से छुट्टी मिल जाएगी। इसके लिए www.shritanotmatamandirtrust.com पर जाकर अब सैलानी ऑनलाइन ही आवेदन कर ई-पास जारी करवा सकते हैं।

### केवल भारतीयों के लिए सुविधा

बीएसएफ डीआईजी योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सरहद पर तनोट क्षेत्र में तनोट और बबलियान वाला पोस्ट आकर्षण का केंद्र है, वहीं बॉर्डर पर जाने के लिए लम्बी-लम्बी कतारों से अब राहत मिलेगी। सीमा पर बीएसएफ की प्राथमिकता है कि सरहद पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत से लेकर सीमा दर्शन करवाने का उद्देश्य रहता है ताकि वह अच्छी यादें लेकर जाए। विदेशियों को वहां जाने की इजाजत नहीं है।

### आईडी कार्ड के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा

इसमें सैलानियों को इस वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। जिसमें पर्यटक को अपनी पूरी जानकारी अपने आईडी कार्ड के साथ भरकर सबमिट करनी होगी। इसके बाद ही ई-पास जारी होगा। फिलहाल जैसलमेर भ्रमण पर आए सैलानियों को बॉर्डर घूमने के लिए तनोट जाने के बाद ही बीएसएफ के काउंटर पर जाकर पास बनवाना पड़ता है। जिसमें तनोट जाने के बाद वहां भीड़ होने पर सैलानियों को लाइन में लगना पड़ता है। ऐसे में सुविधा देने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं।

### हजारों सैलानी हर साल आते हैं बॉर्डर देखने

गौरतलब है कि जैसलमेर के तनोट माता मंदिर से करीब 20 किलोमीटर दूर बबलियान वाला चौकी को देखने हर साल हजारों की संख्या में देसी सैलानी जैसलमेर आते हैं। ऐसे में बॉर्डर टूरिज्म के तहत भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तनोट-बबलियान वाला पर्यटन परिपथ (टूरिज्म प्रोजेक्ट) को बढ़ावा देने के लिए श्री तनोट माता ट्रस्ट ने ऑनलाइन ई-पास की सुविधा शुरू की हैं।

## छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन आज मंगलवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-7 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे है। इस दौरान विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू, नन्दे साहू, पूर्व अध्यक्ष सीएसआईडीसी छगनलाल मुंदड़ा सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है।

# दलीप ट्रॉफी : सिराज, जडेजा पहले दौर के लिए इंडिया बी टीम से बाहर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। सिराज बीमारी के कारण पहले दौर में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक, जो इंडिया सी का हिस्सा थे, भी एक्शन में नहीं होंगे। उनके प्रतिस्थापन के रूप में क्रमशः नवदीप सैनी और गौरव यादव को नामित किया गया है।

भारत के व्यस्त टेस्ट कैलेंडर से पहले मैच अभ्यास देने की उम्मीद के साथ शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल समेत कई भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में शामिल किया गया था। भारत अन्य पांच मैचों के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलेगा। टूर्नामेंट 5 सितंबर, 2024 से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश और बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

दलीप ट्रॉफी के लिए अपडेटेड टीम

**भारत ए :** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विदवथ कावेरप्पा, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।

**भारत बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी , एन जगदीसन (डब्ल्यूके)।

**भारत सी :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (डब्ल्यूके), संदीप वारियर।

**भारत डी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (डब्ल्यूके),सौरभ कुमार।